seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित


''सकारात्मक सोच से बड़ी कोई शक्ति नहीं होती।''

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 309 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 13 नवम्बर, 2026

10 साल की ईरा ने बनाए 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड 11 >

न्यूज इन ब्रीफ

भारत का दुर्लभ हीरा 130 करोड़ में नीलाम

नई दिल्ली। भारत की गोलकुंडा खदानों से निकला दुर्लभ 24 कैरेट 'बुलगारी पिंक' हीरा स्विट्जरलैंड के जिनेवा में हुई नीलामी में 14.6 मिलियन डॉलर (करीब 130 करोड़ रुपये) में बिका। क्रिस्टीज की नीलामी में बिके इस हीरे को इसकी दुर्लभ गुणवत्ता और आकर्षक गुलाबी रंग के कारण 'हीरों की मोनालिसा' कहा जाता है। यह फैंसी इंटेंस पिंक, एमराल्ड कट श्रेणी का हीरा है, जिसमें नाइट्रोजन अशुद्धियां लगभग नहीं होतीं। विशेषज्ञों के अनुसार, इस श्रेणी के हीरे दुनिया के कुल जेम-क्वालिटी हीरों में दो प्रतिशत से भी कम पाए जाते हैं।

सीईओ जेनसन की कुर्सी जाने की चर्चा

नई दिल्ली। सोशल मीडिया और कुछ वेबसाइटों पर एनवीडिया के सह-संस्थापक एवं सीईओ जेनसन हुआंग के इस्तीफे तथा निजी जीवन से जुड़े कई दावे वायरल हो रहे हैं। उनके एक चीनी जासूस से सम्बंधों को लेकर भी मामला गर्माया हुआ है। हालांकि, इन दावों की पुष्टि किसी आधिकारिक बयान या विश्वसनीय समाचार स्रोत से नहीं हुई है।

मोदी मेरे गुजराती दोस्त : पित्रोदा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें अपना गुजराती दोस्त बताया। उन्होंने कहा कि निजी स्तर पर मोदी दयालु और मिलनसार हैं तथा दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। पित्रोदा के बयान पर पीएम मोदी ने भी एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें और उनकी पत्नी को दिवाली व नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दीं। पित्रोदा गांधी परिवार के करीबी नेताओं में गिने जाते हैं।

संसद का विशेष सत्र संभावित

नई दिल्ली। मोदी सरकार परिसीमन बिल पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी में है। अप्रैल में दो-तिहाई बहुमत नहीं मिलने से बिल अटक गया था। पश्चिम बंगाल चुनाव के बाद एनडीए की ताकत बढ़ी है। प्रस्ताव के तहत लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाने और महिला आरक्षण लागू करने का रास्ता साफ होना है। विपक्ष ने राजनीतिक लाभ का आरोप लगाते हुए बिल का विरोध किया था।

इलाज से इनकार पर हिंसा, क्लीनिक में तोड़फोड़-आगजनी

रफीगंज (औरंगाबाद)। मरीज के इलाज से इनकार को लेकर शुरू हुआ विवाद गुरुवार को हिंसक संघर्ष में बदल गया। चरकूपा गांव निवासी 45 वर्षीय सिकंदर खान के घायल होने और उनकी मौत की अफवाह फैलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने नुनिया टिल्हा स्थित डॉ. रंजीत यादव के निजी क्लीनिक पी. मेमोरियल अस्पताल में जमकर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। अस्पताल की एंबुलेंस भी फूंक दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार रात सिकंदर खान एक गंभीर मरीज को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। इलाज से इनकार करने पर चिकित्सक और सिकंदर के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई। इस घटना में सिकंदर गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें पटना रेफर किया गया। गुरुवार को उनकी मौत की सूचना के बाद बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि बाद में पता चला कि सिकंदर की मौत नहीं हुई है, बल्कि उनकी हालत गंभीर है। आक्रोशित भीड़ ने रफीगंज-गया मार्ग पर आगजनी कर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों को समझाकर करीब पांच घंटे बाद जाम खुलवाया। पुलिस ने चिकित्सक डॉ. रंजीत कुमार और कंपाउंडर सौरभ कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

अक्तूबर में सीपीआई आधारित महंगाई 6.09%, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी ने बढ़ाया दबाव, वाहन व अन्य ऋण हो सकते हैं महंगे

महंगाई का झटका; रिजर्व बैंक की तय ऊपरी सीमा से बाहर पहुंची खुदरा मुद्रास्फीति


नई दिल्ली।

देश में महंगाई का दबाव एक बार फिर बढ़ गया है। अक्तूबर 2026 में खुदरा मुद्रास्फीति (सीपीआई आधारित) बढ़कर 6.09 प्रतिशत पहुंच गई, जो भारतीय रिजर्व बैंक की तय ऊपरी सहनशील सीमा छह प्रतिशत से अधिक है। दो साल बाद पहली बार महंगाई दर आरबीआई के दायरे से बाहर गई है। सितंबर में खुदरा महंगाई 5.5 प्रतिशत थी।

आरबीआई के लिए बढ़ी चुनौती

सरकार ने आरबीआई को खुदरा महंगाई चार प्रतिशत के लक्ष्य के साथ दो से छह प्रतिशत के बीच रखने की जिम्मेदारी दी है। अक्तूबर का आंकड़ा इस सीमा की ऊपरी दीवार पार कर गया है। लगातार बढ़ती महंगाई अब केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति के लिए चुनौती बन गई है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, महंगाई अनुमान से अधिक रही है। रॉयटर्स के सर्वे में अक्तूबर की मुद्रास्फीति का अनुमान 5.93 प्रतिशत लगाया गया था, लेकिन वास्तविक आंकड़ा इससे ऊपर रहा।

इस साल रिटेल महंगाई का हाल



इस साल जनवरी से अक्टूबर 2026 तक महंगाई

खाद्य वस्तुओं की कीमतों ने बढ़ाई चिंता

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर में खाद्य मुद्रास्फीति तेजी से बढ़कर 8.94 प्रतिशत हो गई, जबकि सितंबर में यह 7.75 प्रतिशत थी। सब्जियों, प्याज, खाद्य तेल और प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि ने घरेलू बजट पर असर डाला है।

महंगाई बढ़ने के प्रमुख कारण

1. सब्जियों और प्याज की कीमतों में तेज उछाल।
2. कमजोर एवं असमान मानसून से आपूर्ति प्रभावित होना।
3. खाद्य तेलों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में वृद्धि।
4. वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का असर।

रेपो रेट बढ़ने की आशंका

महंगाई पर नियंत्रण के लिए आरबीआई ब्याज दरों में सख्ती का रुख अपना सकता है। आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि दिसंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत तक की वृद्धि की संभावना है। इससे होम लोन, वाहन ऋण और अन्य कर्ज महंगे हो सकते हैं।

आने वाले महीनों में भी महंगाई का दबाव संभव

खाद्य कीमतों में तेजी और वैश्विक ऊर्जा बाजार की अनिश्चितता को देखते हुए आने वाले महीनों में भी महंगाई से राहत मिलने की संभावना सीमित है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के औसत मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर 5.2 प्रतिशत कर दिया है। अब बाजार और आम जनता की नजरें दिसंबर की मौद्रिक नीति बैठक पर टिकी हैं।

10 नवंबर तक शुद्ध डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 14.42 लाख करोड़ रुपये, कॉरपोरेट टैक्स और एसटीटी में जोरदार वृद्धि

प्रत्यक्ष कर संग्रह में 11.8 प्रतिशत की वृद्धि, सात महीने में बजट लक्ष्य का 53% हासिल

नई दिल्ली।

देश की मजबूत आर्थिक गतिविधियों और कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन के चलते चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। आयकर विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल से 10 नवंबर तक देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.76 प्रतिशत बढ़कर 14.42 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 12.90 लाख करोड़ रुपये था। इस वृद्धि के साथ सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए तय प्रत्यक्ष कर लक्ष्य का करीब 53 प्रतिशत हिस्सा नवंबर के पहले पखवाड़े तक ही हासिल कर चुकी है।



सकल कर संग्रह में भी मजबूत बढ़ोतरी

रिफंड से पहले सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस अवधि में ग्रॉस डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 14.02 प्रतिशत बढ़कर 17.50 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल यह 15.35 लाख करोड़ रुपये था। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 26.97 लाख करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष के 23.40 लाख करोड़ रुपये के संग्रह से करीब 15 प्रतिशत अधिक है।

शेयर बाजार से सरकार को बढ़ी आय

शेयर बाजार में बढ़ती गतिविधियों का असर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) संग्रह पर भी दिखाई दिया है। एसटीटी से प्राप्त राजस्व 51.56 प्रतिशत बढ़कर 54,077.90 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि पिछले साल यह 35,681.88 करोड़ रुपये था। वहीं, करदाताओं को जारी किए गए रिफंड में भी तेजी रही। 10 नवंबर तक कुल टैक्स रिफंड 25.7 प्रतिशत बढ़कर 3.08 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वर्ष 2.45 लाख करोड़ रुपये था।

राजकोषीय स्थिति को मिलेगी मजबूती

प्रत्यक्ष कर संग्रह में यह तेजी सरकार के राजस्व प्रबंधन के लिए सकारात्मक संकेत मानी जा रही है। कॉरपोरेट टैक्स और शेयर बाजार आधारित कर संग्रह में बढ़ोतरी से अर्थव्यवस्था में मजबूती का संकेत मिलता है। आने वाले महीनों में अग्रिम कर की अगली किश्तों के बाद संग्रह में और वृद्धि की उम्मीद है, जिससे सरकार को राजकोषीय घाटा नियंत्रित रखने में मदद मिल सकती है।

कॉरपोरेट टैक्स ने बढ़ाया राजस्व

प्रत्यक्ष कर संग्रह में बढ़ोतरी का सबसे बड़ा आधार कंपनियों की मजबूत कमाई रही है। शुद्ध कॉरपोरेट टैक्स संग्रह में 17.84 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है।

1. कॉरपोरेट टैक्स संग्रह 5.36 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 6.32 लाख करोड़ रुपये पहुंचा।
2. गैर-कॉरपोरेट टैक्स संग्रह 5.30 प्रतिशत बढ़कर 7.56 लाख करोड़ रुपये रहा।
3. इसमें व्यक्तिगत करदाता, हिंदू अविभाजित परिवार और फर्मों द्वारा दिया जाने वाला कर शामिल है।

विकसित भारत का लक्ष्य, डेडलाइन की तरह तय है समयसीमा : मोदी

दीपावली मिलन समारोह में बोले प्रधानमंत्री- देश की उपलब्धियां साबित करती हैं कि भारत के लिए अब कुछ भी असंभव नहीं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को विकसित भारत-2047 के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि देश आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए 2047 की समयसीमा तय की गई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि देश को तब तक इंतजार करना होगा। छोटे-छोटे लक्ष्यों को पूरा करते हुए भारत इस दिशा में लगातार आगे बढ़ेगा।

डेडलाइन से आता है काम में अनुशासन

भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार दीपावली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने डेडलाइन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जैसे मीडिया में समाचार भेजने, अखबार छापने और प्रसारण की समयसीमा तय होती है, उसी तरह बड़े राष्ट्रीय लक्ष्यों के लिए भी डेडलाइन जरूरी होती है। इससे काम में अनुशासन आता है और लक्ष्य हासिल करने की गति बढ़ती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने जिस तेजी से प्रगति की है, उससे विश्वास मजबूत हुआ है कि देश के लिए अब कुछ भी असंभव नहीं है।



मीडिया से विकास की कहानी दुनिया तक पहुंचाने की अपील

पीएम मोदी ने राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका को अहम बताते हुए पत्रकारों से भारत की उपलब्धियों और विकास की कहानियों को देश-दुनिया तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने मीडिया से नशामुक्ति अभियान को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने में सहयोग देने की अपील भी की। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हर व्यक्ति अपनी बात रखने में सक्षम है। पॉडकास्ट, वीडियो और रील के माध्यम से लोग अपनी राय साझा कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है।

हिंदुओं को जातियों में बांटने की साजिश : गिरिराज सिंह

बेगूसराय। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय सांसद गिरिराज सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के तीसरे मोर्चे की घोषणा पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे हिंदुओं को जातियों में बांटने की राजनीति करार दिया। रसियन गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि अंग्रेजों और मुगलों के समय से हिंदू समाज को बांटने का प्रयास किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज भी कुछ राजनीतिक दल जातिगत विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं, जबकि दूसरी ओर मुस्लिम समाज के राजनीतिक एकीकरण की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर भी हमला बोला। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि गंभीर आरोपों से घिरे लोगों को भी पार्टी में महत्व दिया जा रहा है।



ऊंचे लक्ष्य रखें, मेहनत और आत्मविश्वास से सपने पूरे करें

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के मेधावी छात्रों से संवाद किया। जनजातीय गौरव पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने छात्रों से समर्पण, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग और क्षेत्र का विकास जरूरी है। एकलव्य मॉडल विद्यालय जनजातीय छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं, बल्कि ज्ञान के माध्यम से रोजगार के नए अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। राष्ट्रपति ने छात्रों को समसामयिक घटनाओं की जानकारी रखने, तार्किक सोच विकसित करने और गांव जाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने की सलाह दी।



34 साल पुराने मामले में पूर्व डीएसपी को 7 साल की सजा

मोहाली की सीबीआई अदालत का फैसला, तत्कालीन पुलिस अधिकारी पर अमरीक सिंह के अपहरण का आरोप

मोहाली (पंजाब)। मोहाली की सीबीआई अदालत ने 34 साल पुराने अपहरण मामले में पंजाब पुलिस के तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह को दोषी ठहराते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने इसी मामले में सह-आरोपी तत्कालीन डीएसपी परमिंदरजीत सिंह को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया। वहीं, तीन अन्य आरोपी पुलिस अधिकारियों की मृत्यु हो जाने के कारण उनके खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही पहले ही समाप्त हो चुकी थी।



होटल से अपहरण के बाद लापता हो गए थे अमरीक सिंह

यह मामला 25 नवंबर 1992 का है, जब लुधियाना के एक होटल से अमरीक सिंह के कथित अपहरण का आरोप लगाया गया था। आरोपों के अनुसार, पंजाब पुलिस की एक टीम होटल अमलतास पहुंची थी और वहां से अमरीक सिंह को अपने साथ ले गई थी। उस समय टीम का नेतृत्व तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह कर रहे थे। इसके बाद अमरीक सिंह कभी वापस नहीं लौटे।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद शुरू हुई जांच

मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद शुरू हुई थी। वर्ष 1995 में ह्यपरमजीत कौर बनाम पंजाब राज्यह्ल मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ी। इसी दौरान अमरीक सिंह के बेटे दविंदर सिंह ने अदालत में हलफनामा दाखिल कर अपने पिता के अपहरण की जानकारी दी थी। हलफनामे में आरोप लगाया गया था कि 25 नवंबर 1992 को पंजाब पुलिस की टीम ने लुधियाना के होटल से अमरीक सिंह का अपहरण किया था। इसके बाद मामले की प्रारंभिक जांच शुरू हुई और सीबीआई ने 23 फरवरी 2000 को नियमित मामला दर्ज किया।

जांच में पांच पुलिस अधिकारियों को बनाया गया था आरोपी

सीबीआई की जांच में पांच पुलिस अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। इनमें तत्कालीन डीएसपी गुरमीत सिंह, डीएसपी परमिंदरजीत सिंह, एसएचओ सूबा सिंह, एसआई सुरिंदर सिंह और एएसआई जसवंत सिंह शामिल थे। जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 27 नवंबर 2001 को सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसके बाद 15 अप्रैल 2004 को अदालत ने आरोप तय किए और लंबी न्यायिक प्रक्रिया के बाद मामले की सुनवाई पूरी हुई।

गुरमीत सिंह दोषी, परमिंदरजीत सिंह बरी : अदालत ने सुनवाई के बाद गुरमीत सिंह को मामले में दोषी पाया और उन्हें सात साल की जेल की सजा सुनाई। वहीं, डीएसपी परमिंदरजीत सिंह को अदालत ने बरी कर दिया। इस मामले के अन्य आरोपी एसएचओ सूबा सिंह, एसआई सुरिंदर सिंह और एएसआई जसवंत सिंह की मृत्यु हो चुकी है, जिसके चलते उनके खिलाफ कार्रवाई समाप्त कर दी गई थी। अदालत के इस फैसले के साथ करीब साढ़े तीन दशक पुराने मामले में कानूनी प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण चरण पूरा हुआ है।

मुख्य सचिव ने बैठक में की समीक्षा; एग्रीटेक मीट, नारी शक्ति सम्मेलन और रोजगार उत्सव होंगे प्रमुख आकर्षण

भजनलाल सरकार के तीन साल पूरे होने पर 18 दिन तक होंगे कार्यक्रम

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राजस्थान सरकार अपने तीन साल के कार्यकाल के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में 8 से 25 दिसंबर तक 18 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। इन आयोजनों में कृषि, निवेश, रोजगार, महिला सशक्तीकरण, पर्यटन, युवा प्रतिभाओं और सुशासन को प्रमुखता दी जाएगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में आयोजित सचिवों की समिति की बैठक में कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई।

जेईसीसी में होगा ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट

मुख्य सचिव ने बताया कि तीन साल के आयोजनों में ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट प्रमुख आकर्षण रहेगा। जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में प्रस्तावित तीन दिवसीय आयोजन में कृषि निवेश, निर्यात संभावनाओं, बागवानी, मोटे अनाज, आधुनिक खेती की तकनीकों और जल संरक्षण जैसे विषयों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इसमें कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और नई तकनीकों के उपयोग पर चर्चा होगी।



युवाओं और महिलाओं पर रहेगा विशेष फोकस

सरकार के तीन साल पूरे होने के अवसर पर युवाओं के लिए नवाचार सम्मेलन, खेलो राजस्थान, प्रतिभा खोज प्रतियोगिताएं और शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही राज्य स्तरीय रोजगार उत्सव और कौशल मेला भी प्रस्तावित है, जिनके माध्यम से युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करवाने पर जोर रहेगा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में नारी शक्ति सम्मेलन, राष्ट्रीय सरस मेला और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए जिलों में शिविर भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा शेखावाटी हेरिटेज मीट, प्रवासी राजस्थानी दिवस, जैसलमेर पर्यटन सम्मेलन और लोक कला उत्सव भी आयोजित किए जाएंगे। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा।

केंद्र प्रायोजित योजनाओं के खर्च में 40 प्रतिशत वृद्धि

बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। वित्त विभाग ने बताया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं में अक्टूबर 2026 तक 17,227.22 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 40.19 प्रतिशत अधिक है। वहीं, संसदीय कार्य विभाग ने बताया कि 16वीं विधानसभा के 278 प्रश्नों का निस्तारण किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के अनुसार अक्टूबर में राजकाज प्रणाली पर 92,200 से अधिक नई ई-फाइलें बनाई गईं, जिससे कुल ई-फाइलों की संख्या 55.90 लाख से अधिक हो गई है। कार्मिक विभाग ने वर्ष 2026-27 तक 242 पदों से संबंधित विभागीय पदोन्नति समितियों की कार्रवाई पूरी होने की जानकारी दी।

मुम्बई में फिर बम धमाकों की धमकी, एयरपोर्ट से 'जलसा' तक निशाने पर

मुंबई।

मुंबई में एक बार फिर बम धमाकों की धमकी मिलने से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। एक ईमेल के जरिए छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखाओं, मेयर कार्यालय, एक अदालत, महालक्ष्मी रेसकोर्स, अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' और गायक दिलजीत दोसांझ के कार्यक्रम को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। सूत्रों के अनुसार, 12 नवंबर सुबह 10:52 बजे भेजे गए ईमेल में विभिन्न स्थानों पर अलग-अलग समय पर विस्फोट की चेतावनी दी गई। ईमेल पर 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' के नाम से हस्ताक्षर थे, हालांकि इसकी प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस ईमेल भेजने वाले की पहचान और धमकी की विश्वसनीयता की जांच कर रही है। धमकी मिलते ही सभी संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई और व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया। प्रारंभिक जांच में किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं मिली। उल्लेखनीय है कि अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित बंगले 'जलसा' को पहले भी धमकी मिल चुकी है। सुरक्षा एजेंसियां मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर और तकनीकी माध्यमों से ईमेल के स्रोत का पता लगाने में जुटी हैं।

सजने लगी पूजन सामग्री की दुकानें, पूर्वांचल वासियों में उत्साह, नहरों किनारे की गई साफ-सफाई

सूर्य पूजा के प्रमुख पर्व छठ महोत्सव की तैयारियां शुरू

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर





दीपावली के पावन पर्व के ठीक बाद पूर्वांचल वासियों के सबसे बड़े और कठिन आस्था के पर्व ह्यछठ महापर्वह्न की तैयारियां शहर में जोरों पर हैं। कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि पर मनाए जाने वाले इस चार दिवसीय महापर्व को लेकर जिला मुख्यालय पर विशेष रौनक देखने को मिल रही है। शहर में निवास करने वाली यूपी, बिहार और पूर्वांचल की बड़ी आबादी इस कठिन तपस्या और शुचिता के पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने की तैयारियों में जुटी है। इस बार यह महापर्व रविवार को अस्ताचलगामी (डूबते) सूर्य को और सोमवार को उदयाचलगामी (उगते) सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न होगा।

शहर की प्रमुख बाजारों, पुरानी आबादी सब्जी मंडी और बड़ी सब्जी मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों में छठी मैया की पूजा-अर्चना में काम आने वाली पूजन सामग्रियों की अस्थाई दुकानें और स्टॉलें सजने लगी हैं। इन स्टालों का संचालन भी मुख्य रूप से पूर्वांचल के लोग ही कर रहे हैं। व्रती महिलाएं एन वक्त पर किसी सामग्री की कमी न रह जाए, इसलिए अभी से शृंगार सामग्री, बांस से बनी सूप, टोकरी (डाला) और अन्य जरूरी पूजन सामग्री की खरीदारी में जुट गई हैं।

ऑर्डर देकर मंगवा रहे सामग्री: पर्व में उपयोग होने वाले विशेष फलों और बांस से निर्मित पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पादों के ऑर्डर स्थानीय फल व सब्जी विक्रेताओं द्वारा विशेष रूप से बाहर से मंगवाए गए हैं, जिनकी मांग इन दिनों बाजार में सबसे अधिक बनी हुई है। छठ पर्व की साम्रगी की स्टाल लगाने वाले शत्रुघ्न शाह ने बताया कि छठी मइया के पूजन में काम आने वाली सामग्री विशेष ऑर्डर देकर मंगवाते हैं। अभी त्योहार को लेकर खरीददारी को लेकर पूर्वांचल परिवार के लोगों में उत्साह है। इसी तरह राम बाबू ने बताया कि इस पर्व पर पूजन में विशेष रूप से कई प्रकार के फल व सब्जियां भी प्रसाद के रूप में खरीद की जाती है। इनकेलिए विशेष रूप से ऑर्डर किया गया है। त्योहार की पवित्रता और नियमों को ध्यान में रखते हुए बाजार में पारंपरिक माहौल बनता जा रहा है। व्रत रखने वाली महिलाओं में अनुशासन और भक्ति का भाव साफ झलकता है। आने वाले दो-तीन दिनों में छठी मैया को प्रसाद के रूप में अर्पित किए जाने वाले विशेष फलों, पूजन सामान व आवश्यक सामग्री और सजी हुई स्टालों की संख्या और अधिक बढ़ने की उम्मीद है।

छठ पूजा महोत्सव का आरम्भ आज नहाय खाय से, मुख्य समारोह जेड माइनर तीन पुली से साधुवाली छावनी तक होगा

श्रीगंगानगर। मिथिला सेवा समिति (रजि.) तथा मिथिला डाला छठ पूजा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय छठ पूजा महोत्सव 13 से 16 नवम्बर तक श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। समिति कोषाध्यक्ष बाबू प्रसाद पोद्दार ने बताया कि छठ महोत्सव 13 नवम्बर को नहाय खाय से प्रारम्भ होगा तथा 14 नवम्बर को खरना होगा। इन दोनों दिनों में मिथिलांचल बिहारवासियों द्वारा अपने-अपने घरों में छठ पूजा महोत्सव मनाया जाएगा। छठ महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में 15 नवम्बर को सायं 5.51 बजे जेड माइनर तीन पुली पर महिला-पुरुष श्रद्धालु सूर्य देव को सांझ का अर्घ्य देंगे तथा 16 नवम्बर को प्रातः 7.15 बजे उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। मिथिला डाला छठ पूजा सेवा समिति अध्यक्ष किशन साहु ने बताया कि 15 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से जेड माइनर तीन पुली पर अटूट लंगर बरताया जाएगा तथा दोपहर 3.15 से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 15 नवम्बर रात्रि 9.15 बजे पूरी रात्रि माता का जागरण होगा। इस मौके पर संचेतन झांकियां भी सजाई जाएगी तथा नशा मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक सामाजिक संदेश भी दिए जाएंगे। मिथिला सेवा समिति अध्यक्ष विनोद साहू ने बताया कि छठ पूजा महोत्सव को लेकर समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है। छठ पूजा महोत्सव को लेकर तीन पुली जेड माइनर पर रंग-बिरंगी लाइटों से साज-सज्जा की गई है, व्रतियों की सुविधा हेतु नहर में उतरने-चढ़ने के लिए सीढ़ियां लगाई गई है, महिला व्रतियों के लिए अस्थाई स्नानागार बनाए गए हैं। नगर परिषद द्वारा विशेष रूप से सफाई करके कली से निशान लगाए गए हैं। प्रशासन के द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था, कानून व्यवस्था, नहर में पर्याप्त पानी चलाने सहित आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की सूर्य षष्ठी को छठ पर्व व डाला छठ के नाम से जाना जाता है तथा इसे बिहारवासियों सहित देशवासियों द्वारा हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाता है। इस व्रत में सर्वतोभावेन भगवान सूर्य नारायण की पूजा की जाती है।

सीने में गोली लगने से 25 वर्षीय युवक की मौत, गांव में मातम

सीमा सन्देश# रावलामंडी

365 हेड के 2 केएलडी क्षेत्र में गुरुवार सुबह गोली लगने से 25 वर्षीय युवक प्रवीण कुमार पुत्र संतोष कुमार बिश्नोई की मौत हो गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार युवक ने अपने सीने में गोली मारी थी। मृतक के पिता संतोष कुमार ने रावला थाने में मृग दर्ज करवाई है। परिजनों के अनुसार प्रवीण पिछले कई दिनों से गांव के सरपंच प्रत्याशी के साथ चुनाव प्रचार में जुटा हुआ था। बुधवार देर रात करीब 12 बजे घर लौटने के बाद वह मकान की ऊपरी मंजिल पर सोने चला गया। गुरुवार सुबह उसकी मां चाय लेकर ऊपर गई और उसे उठाकर चाय पिलाई। इसके बाद मां नीचे आ गई, जबकि पिता खेत चले गए। मृतक दो भाई है एक बड़ा भाई सरकारी अध्यापक है जो किसी निजी काम से गंगानगर गया था। सुबह करीब 8 बजे अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर मां ऊपर पहुंची तो प्रवीण खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला। उसकी चीख सुनकर पिता संतोष कुमार भी मौके पर पहुंचे। कमरे में एक तरफ अवैध पिस्टल पड़ा मिला, जिसमें एक गोली शेष थी। परिजन तत्काल प्रवीण को रावला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक डॉ. दानिश जैदी ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर रावला थाना प्रभारी बलवंत कुमार पुलिस टीम के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शाम को बिश्नोई समाज की परंपराओं के अनुसार उसका अंतिम संस्कार किया गया। घटना के बाद गांव और आसपास की ढाणियों में शोक की लहर छा गई।

मोबाइल की जांच से सामने आ सकते हैं कारण: सूत्रों के अनुसार प्रवीण पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में बताया जा रहा था। उसके करीबी दोस्तों ने भी कई बार उससे तनाव का कारण जानने का प्रयास किया, लेकिन वह हर बार बात टाल देता था और सब ठीक होने की बात कहता था। पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल फोन की जांच किए जाने के बाद घटना के कारणों से जुड़े पहलुओं का खुलासा होने की उम्मीद है। इस पर पुलिस ने बताया कि अभी इस पर हर पहलू पर जांच की जाएगी कि मौत का क्या कारण रहा इस के फोन को हम ने अपने कब्जे में ले लिया है इस की जांच की जाएगी कि घटना से पहले किस से इस की बात हुई। इस की जांच के बाद ही दूध का दूध पानी का पानी होने की उम्मीद है।

11 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त किये जायेंगे

जिले में14 लाख 93 हजार 472 मतदाता, सौंपी मतदाता सूची प्रारूप



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 15 अक्टूबर 2026 को मतदाता सूचियों के अद्यतनीकरण के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2027 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत गुरूवार को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। श्रीगंगानगर जिले में प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार कुल मतदाताओं की संख्या 1493472 है, जिनमें पुरूष 781310, महिला 712108 तथा ट्रांसजेण्डर मतदाता 54 है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची-2027 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची मे अपना नाम ऑनलाइन सर्च कर सकता है। इसके अतिरिक्त सभी बीएलओ के पास बूथवार प्रारूप मतदाता सूची हार्डकॉपी में भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम के अनुसार 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त किये जायेंगे। इन पर 28 दिसम्बर तक ईआरओ द्वारा निर्णित किए जायेंगे। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 4 जनवरी 2027 को होगा। दावे-आपत्ति अवधि में प्राप्त होने वाले आवेदनों की सूची साप्ताहिक रूप से संकलित कर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यलय के बाहर चस्पा की जाएगी। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी तथा ईआरओ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित कर इन सूचियों को उन्हें उपलब्ध करवायेंगे।

ऑनलाइन जोड़ सकते हैं नाम: मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया है, जो सतत जारी है। इसके लिए क्रमशः फॉर्म-6, 7 एवं 8 ईसीआई नेट/वोटर पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन अथवा संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर भरा जा सकता है। इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अन्तर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष 15 दिवस में तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान को जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

भारतीय सेना की गांडीव डिवीजन का गांडीव हार्दिक मिलन 1.0 अभियान जारी

श्रीगंगानगर। भारतीय सेना की गांडीव डिवीजन ने अपनी स्वर्ण जयंती के अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 1 से 15 नवंबर तक राजस्थान के विभिन्न जिलों में विशेष संपर्क अभियान गांडीव हार्दिक मिलन 1.0 चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को पेंशन संबंधी मामलों, कल्याणकारी योजनाओं तथा अन्य प्रशासनिक समस्याओं के समाधान में सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करना है।अभियान के अंतर्गत गांडीव डिवीजन, की समर्पित टीमें घर-घर पहुंचकर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीरांगनाओं एवं उनके आश्रितों से संवाद कर रही हैं। इसी क्रम में सेना के प्रतिनिधियों ने झालावाड़ दौरे के दौरान एक भूतपूर्व सैनिक के घर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी लेकर समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए। इस अभियान का शुभारंभ गत 1 नवंबर को कोटा, जयपुर, लालगढ़ जाटान एवं अलवर में एक साथ किया गया। इसके तहत चार समर्पित टीमें राजस्थान के विभिन्न जिलों एवं दूरदराज के क्षेत्रों में संपर्क कर रही हैं। सेना की इस पहल का उद्देश्य पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के साथ उनकी समस्याओं का संबंधित विभागों के समन्वय से समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। गांडीव डिवीजन की यह पहल देश की सेवा कर चुके सैनिकों, वीर नारियों, वीरांगनाओं एवं उनके परिवारों के सम्मान, कल्याण और सहायता के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। अभियान को प्रतिवर्ष आयोजित करने की भी परिकल्पना की गई है।

आयोजन — **शहर सौंदर्यीकरण, सुरक्षा व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर हुआ मंथन**

रायसिंहनगर पालिका बोर्ड बैठक में करोड़ों के विकास प्रस्तावों को मंजूरी



सीमा सन्देश # रायसिंहनगर

नगरपालिका मंडल रायसिंहनगर की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को पालिका कार्यालय सभागार में नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. मयंक कांत सिंगल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर विभिन्न एजेंडों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में विधायक सोहनलाल नायक, नगरपालिका उपाध्यक्ष विष्णु सोनी, पार्षदगण और अधिकारी मौजूद रहे।

शहर के चारों ओर बनेंगे भव्य प्रवेश द्वार, पार्कों का होगा कायाकल्प: बैठक में शहर को आकर्षक और आधुनिक स्वरूप देने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शहर के चारों प्रमुख मार्गों पर भव्य प्रवेश द्वारों के निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। इसके अलावा शहर के प्रमुख पार्कों के सौंदर्यीकरण पर भी सहमति बनी। पार्कों में लाइट व्यवस्था, झूले लगाने और हरियाली बढ़ाने के लिए घास लगाने जैसे कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही दांतीमंगली चौक और मेहरुर्षि चौक सहित शहर के प्रमुख चौराहों के सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया गया।

सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर जोर, लगाए जाएंगे सीसीटीवी कैमरे: शहर में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुधारने और पार्किंग की समस्या के समाधान पर भी चर्चा हुई। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में शहर में पार्किंग व्यवस्था विकसित करने तथा उपयोगकर्ता शुल्क निर्धारित करने के प्रस्ताव पर विचार किया गया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों पर रोड लाइट पोल लगाने, नई रोड लाइट लगाने और हाई मास्ट लाइट लगाने के कार्यों को भी एजेंडे में शामिल किया गया।

ड्रेनेज सिस्टम और वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट पर विशेष ध्यान

शहर की जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वार्ड संख्या 17 से धानमंडी पंप हाउस तक ड्रेनेज सिस्टम की डीपीआर तैयार करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा धानमंडी पंप हाउस से पानी निकासी व्यवस्था की डीपीआर बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की डीपीआर तैयार करने और शहर के अन्य विकास कार्यों की योजनाएं बनाने पर विचार किया गया। वार्डों में नाली मरम्मत, नाली क्रॉसिंग, पुलिया निर्माण और सड़क निर्माण से जुड़े प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई।

संविदा कर्मियों के नियमितीकरण प्रस्ताव पर हुआ विरोध

बैठक में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कार्यरत संविदा एवं अनुबंधित कर्मचारियों के नियमितीकरण की अनुशंसा राज्य सरकार को भेजने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। इस दौरान विधायक सोहनलाल नायक और कांग्रेस पार्षदों विजय सारस्वत, संत लाल मेघवाल, मंदीप सारस्वत सहित अन्य सदस्यों ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि नियमितीकरण की प्रक्रिया नियमों के अनुसार होनी चाहिए और प्रस्ताव को खारिज करने की मांग रखी।

हुडको ऋण, सफाई व्यवस्था और अन्य विकास कार्यों पर निर्णय

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी-2.0) के तहत हुडको से स्वीकृत ऋण के लिए वित्तीय समझौतों और ऋण आवेदन पत्रों के अनुमोदन पर चर्चा की गई। स्थानीय निधि अंकेक्षण विभाग की वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक की रिपोर्ट को नगरपालिका लेखा नियमों के तहत अनुमोदित करने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हाई प्रेशर जेटिंग मशीन खरीदने, लंबे समय से अनुपस्थित सफाई कर्मचारियों पर कार्रवाई करने और नौ वर्षीय चयनित वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को लाभ देने के प्रस्तावों पर निर्णय लिए गए।

खेल सुविधाओं और पर्यावरण प्रबंधन को बढ़ावा देने की योजना

शहर में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बच्चों और युवाओं के लिए स्टेडियम निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए डॉग शेल्टर बनाने, सीएंडडी वेस्ट प्लांट स्थापित करने तथा नकारा सामान एवं पुराने रिकॉर्ड की नीलामी और विनिष्टीकरण जैसे मुद्दों पर भी बैठक में विस्तार से विचार किया गया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास को गति देने के लिए सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक चर्चा की।

श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी की बैठक हुई

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी, श्रीगंगानगर द्वारा संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राजपाल पपनेजा की अध्यक्षता में मॉडल टाउन प्रथम में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वसम्मति से 27 दिसम्बर को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक सुचारू एवं गतिशील बनाने के उद्देश्य से उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए अध्यक्ष राजपाल पपनेजा द्वारा लाजपत राय खुराना को श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी, श्रीगंगानगर का सचिव तथा दीपक चलाना को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस पर बैठक में मौजूद सभी सदस्यों ने नवनियुक्त सचिव लाजपत राय खुराना तथा कोषाध्यक्ष दीपक चलाना को फूलमालाएं पहनाकर खुशी का इजहार किया। इसके साथ ही बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की प्रतिभाओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही श्री अरोड़वंश वेलफेयर सोसायटी की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। इस मौके पर शिक्षाविद मनीराम सेतिया द्वारा अपनी नवप्रकाशित पुस्तक भी पदाधिकारियों व सदस्यों को भेंट की गई। इस अवसर पर विनोद सिडाना, जगदीश सिडाना, अशोक वधवा, राजेश कामरा, श्रीकृष्ण गुनेजा, डॉ. प्रेम मनचंदा, प्रदीप कामरा, सोहन लाल वधवा के अलावा पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

भैंरोनाथ मंदिर में स्थापना दिवस समारोह 9 को



सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर

खुशी इंक्लेव के सामने लाडी शाह दरबार स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग सिद्ध भैरों नाथ मंदिर का स्थापना दिवस समारोह 9 दिसंबर, बुधवार को आयोजित किया जाएगा। मुख्य सेवादार टीटू नागपाल ने बताया कि इस अवसर पर सुबह सवा 10 बजे पवित्र हवन कुंड में हवन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11:30 बजे भंडारे का आयोजन होगा तथा कव्वाली कार्यक्रम भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि विश्व शांति, देश और जनता की खुशहाली की कामना को लेकर 4 दिसंबर से एक लाख 25 हजार अखंड महामृत्युंजय जाप और 125 शिव रुद्राभिषेक का आयोजन शुरू होगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

पीएमश्री केवी लालगढ़ में मनाया गया खेल दिवस



सीमा सन्देश # लालगढ़

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय लालगढ़ जाटान में गुरुवार को विद्यालय के खेल मैदान में वार्षिक खेल दिवस समारोह उत्साह, उमंग और खेल भावना के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खेल शिक्षक डॉ. सुरजीत सिंह के नेतृत्व में हुआ। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर और खेल मशाल जलाकर किया। रंगारंग शुरूआत, खेल भावना का संदेशः कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत, स्वागत गीत और मशाल प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन और उत्साह का परिचय देते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में जोश और उमंग का माहौल बना रहा। विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साहः खेल दिवस के अंतर्गत गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता, 50 मीटर, 80 मीटर, 100 मीटर दौड़ तथा रिले दौड़ सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिस्पधाओं में हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों का भी भरपूर उत्साह देखने को मिला। विजेताओं का सम्मान, खेलों का महत्व बतायाः समारोह के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि प्राचार्य सुशील कुमार ने सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी नियमित भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत कौर एवं पूजा स्वामी ने किया, जबकि अंत में वरिष्ठ शिक्षक शंकर लाल ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में विद्यालय के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पीएनबी रक्षक प्लस स्कीम में एक करोड़ का चेक वितरित

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पंजाब नैशनल बैंक की लालगढ़ छावनी शाखा के खाताधारक स्व. निकुम्भ सागर भगवान की दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर बैंक की पीएनबी रक्षक प्लस स्कीम के अंतर्गत मृतक की नामिती माता निकुम्भ जिजाबाई को रूपए एक करोड़ का चेक वितरित किया गया। स्वास्थ्य कारणों से मृतक की माता की अनुपस्थिति में यह सांकेतिक चेक स्व. निकुम्भ सागर भगवान के भाई विजय भगवान निकुम्भ को सहायता राशि एक करोड़ रूपए का चेक पीएनबी श्रीगंगानगर के उप मण्डल प्रमुख सुभाष चन्द्र एवं सतविंदर सिंह, शाखा प्रबंधक, लालगढ छावनी ने प्रदान किया। उप मण्डल प्रमुख सुभाष चंद्र ने बताया कि मृतक भारतीय सेना में सेवारत रहे थे तथा उन्होंने पीएनबी रक्षक प्लस स्कीम के तहत बैंक की लालगढ छावनी शाखा में खाता खुलवाया था । उन्होंने आगे बताया कि वर्तमान में पीएनबी रक्षक सेविंग खाता योजना में इंडियन एयर फोर्स, इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, सीआरपीएफ तथा विशेष फोर्स के सैनिकों द्वारा जीरो बैलेंस में खाता खुलवाया जा सकता है । इस योजना के खाताधारक को वायु दुर्घटना में रूपए 1.50 करोड़ तथा व्यक्तिगत दुर्घटना में 1.00 करोड़ बीमा कॅवर की सुविधा है।

मौसम

अधिकतम	न्यूनतम
32.7°	17.5°

आर्द्रता

सुबह	शाम
81%	49%

विंड स्पीड

2-12KM/h

आज का सूर्यास्त

05:40PM

कल का सूर्योदय

06:59AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

सर्राफा श्रीगंगानगर

(24 कैरेट/10 ग्राम) ₹1,38,930

(22 कैरेट/10 ग्राम) ₹ 1,28,540

चांदी (प्रति किलो) ₹1,84,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

न्यूज इन ब्रीफ

सड़क सुरक्षा जागरूकता शिविर

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर । जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से मुख्य राजमार्गों पर टोल नाकों के समीप विशेष कैंप आयोजित कर सड़क सुरक्षा नियमों की पालना एवं आमजन को जागरूक किया जाएगा। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों की अनुपालना में विशेष जागरूकता अभियान के लिए तिथि एवं स्थान निर्धारित किए गए हैं। अभियान के दौरान संबंधित क्षेत्रों में वाहन चालकों एवं आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी जाएगी तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूक किया जाएगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अरविन्द मित्तल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 नवंबर को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीगंगानगर से रायसिंहनगर नगर सड़क (एनएच-911) पर 3 एम फूसेवाला टोल नाका, तहसील करणपुर में कैंप आयोजित होगा। 9 दिसंबर को सूरतगढ़ से अर्जुनसर सड़क (एनएच-62) पर हिन्दौर टोल नाका, तहसील सूरतगढ़ में कैंप आयोजित किया जाएगा। 23 दिसंबर को रायसिंहनगर से रोजड़ी सड़क (एनएच -911) पर पतरोड़ा टोल प्लाजा, तहसील घड़साना में विशेष कैंप आयोजित होगा। इसके तहत रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना एवं रावला थाना क्षेत्र शामिल रहेंगे।

लीकेज और मटमैले पानी से निजात के लिए 15 लाख रुपए से अधिक का नया टेंडर किया जारी

जल जीवन मिशन में लापरवाही उजागर होते ही जागे अधिकारी, मार्च का कोटा होगा पूरा

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिले में महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत चल रहे कार्यों में बरती जा रही गंभीर लापरवाही और पेयजल की गुणवत्ता से हो रहे खिलवाड़ का मामला सामने आने के बाद आखिरकार उच्च अधिकारियों की नींद टूट गई है। फील्ड में आ रही अड़चनों को दूर करने के लिए विभाग ने हरकत में आते हुए 15 लाख रुपये का एक और नया टेंडर जारी कर दिया है, जिससे लंबे समय से परेशान आमजन और मैदानी अमले को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद बंध गई है। जल जीवन मिशन के धरातलीय क्रियान्वयन में मैटेरियल और तकनीकी संसाधनों की भारी कमी साफ तौर पर देखने को मिल रही थी। मुख्य रूप से दो बड़ी समस्याएं जनता और विभाग के लिए सिरदर्द बनी हुई थीं। इसमें पाइपलाइनों के फिटिंग ज्वाइंट्स की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण जगह-जगह लीकेज की समस्या सामने आ रही थी। इससे न केवल पीने योग्य पानी बर्बाद हो रहा था, बल्कि अंतिम छोर तक पर्याप्त प्रेशर से जलापूर्ति भी नहीं पहुंच पा रही थी। एलएम और जरूरी उपकरणों की कमी के चलते उपभोक्ताओं के नलों में साफ पानी की जगह मटमैला और गंदा पानी पहुंच रहा था, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी संकट मंडरा रहा था। सीमा सन्देश द्वारा जल जीवन मिशन में बरती गई खामियों को लेकर कड़ी वार समाचार प्रकाशित होने के बाद विभागीय अधिकारियों पर उच्च स्तर से बढे दबाव के बाद स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए एलएम और ज्वाइंटस की व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया तेज कर दी गई है। विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, इन नए टेंडर के खुलने की प्रक्रिया इसी माह पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद फील्ड में एलएम और ज्वाइंट्स की किल्लत पूरी तरह खत्म हो जाएगी।

12 अक्टूबर को प्रकाशित रिपोर्ट


961 करोड़ मंजूर, 763 करोड़ खर्च फिर भी 'जल' का पता नहीं

19 अक्टूबर को प्रकाशित रिपोर्ट


जल जीवन मिशन: वर्तमान में 75 जॉइंट का सीमित कोटा, अगली सप्लाई कब आएगी... गारंटी खुद अफसरों के पास नहीं

मिलेगी राहत

सामग्री और तकनीकी बाधाओं के कारण तय लक्ष्यों को हासिल करने में मैदानी कार्मिकों व अधिकारियों के पसीने छूट रहे थे। अब नए टेंडरों के जरिए संसाधनों की पूर्ति होने से न केवल पाइपलाइन के लीकेज रोके जा सकेंगे, बल्कि मार्च माह के निर्धारित जलापूर्ति कोटे को भी समय पर पूरा किया जा सकेगा। नए टेंडर से 50 एमटी एलएम के अलावा लीकेज पाइप लाइन को सही करने हेतु ज्वाईंटस की व्यवस्था की जाएगी। ज्वाईंटस इस प्रकार मंगवाए जाएंगे कि मार्च तक फिल्ड में काम करने वाले कर्मचारियों को परेशानी ना हो और घरों में दूषित पानी ना पहुंचे।

7 दिन में बिना अनुमति लगे होर्डिंग्स व फ्लेक्स हटाने होंगे

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शहर में बिना अनुमति के निजी संपत्तियों पर विज्ञापन लगाने वालों को इन्हे हटाने के लिए नगरपरिषद ने सात दिन का समय दिया है।



नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ ने बताया कि शहर के विभिन्न निजी भवनों और भूखंडों पर बिना किसी सक्षम स्वीकृति या अनुमति के बड़े पैमाने पर विज्ञापन होर्डिंग स्ट्रक्चर, फ्लेक्स, बैनर और अन्य प्रचार सामग्रियां स्थापित की गई हैं।

इसलिए संबंधित व्यक्ति/संस्था यदि निर्धारित सात दिनों की समयावधि के भीतर अवैध विज्ञापन सामग्रियां और संरचनाएं नहीं हटाती तो तो नगर परिषद द्वारा राजस्थान संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम, 2006 एवं अन्य प्रचलित नियमों के तहत संबंधित व्यक्तियों व संस्थाओं के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करेगी। इसके अलावा, नगर परिषद द्वारा इन्हें हटाने पर होने वाला खर्च भी संबंधितों से ही वसूला जाएगा और किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था विज्ञापन होर्डिंग, फ्लेक्स या बैनर लगाना चाहती है, तो इसके लिए नगर परिषद से पूर्व अनुमति लेना और निर्धारित शुल्क जमा करवाना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति विज्ञापन लगाना पूरी तरह नियम विरुद्ध माना जाएगा और नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि नगरपरिषद द्वारा होर्डिंग साइड को ठेके पर देने के लिए निविदा निकाली गई थी लेकिन फर्म संचालकों ने इसमें कोई खास रूची नहीं दिखाई। इसके पीछे मुख्य वजह शहर में अवैध होर्डिंगों की भरमार होने से कारोबार प्रभावित होने की आशंका है।

तीन दिवसीय प्रकाशोत्सव की आज नगर कीर्तन से शुरूआत, मुख्य समागम 15 को



सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

शिरोमणि भगत संत बाबा नामदेव जी के प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में डी ब्लॉक वकीलों वाली डिग्गी के स्थित गुरुद्वारा शिरोमणि संत बाबा नामदेव जी से शुक्रवार सुबह 12 बजे आलौकिक नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जोकि शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए शाम को वापस गुरुद्वारा साहिब में पंहुचेगा।

नगर कीर्तन में युवा सदस्य अपने हैरतअंगेज गतका करतबों का प्रदर्शन करेंगे। उससे पहले सुबह श्री अखंड पाठ साहिब का आरंभ होगा। प्रकाशोत्सव को लेकर गुरुद्वारा साहिब में रंगीन रोशनी व चुनरियों से भव्य सजावट की गई है। करीब 100 से अधिक सेवादारों को जोड़ा घर, लंगर तैयार करने एवं बरताने, बर्तन साफ करने सहित अन्य व्यवस्थाएं संभालने के लिए अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार सुबह 8 बजे निशान साहिब जी का चोला बदलने की सेवा होगी।

15 नवंबर सुबह 9 बजे श्री अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत सुबह 9:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक विशेष कीर्तन दीवान सजाया जाएगा जिसमें श्री दरबार साहिब, श्री अमृतसर के हजूरी रागी भाई सिमरनजीत सिंह संगत को गुरु चरणों से जोड़ेंगे, वहीं गुरुद्वारा साहिब का हजूरी रागी जत्था भाई गुरप्रीत सिंह सहित स्त्री सत्संग सभा की सदस्यों द्वारा भी गुरबाणी कीर्तन किया जाएगा। तीनों दिन आयोजित कार्यक्रमों के दौरान गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। नगर कीर्तन गुरुद्वारा शिरोमणि नामदेव जी से आरंभ होकर जी ब्लॉक गुरुद्वारा श्री गुरुनानक दरबार-शीतला माता पार्क रोड, रवीन्द्र पथ, स्वामी दयानंद मार्ग, गांधी चौक, रेलवे रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, कोतवाली रोड, अंबेडकर चौक, मटका चौक, संतोषी माता मंदिर रोड, राधेश्याम कोठी रोड, पी ब्लॉक माई दा गुरुद्वारा, पायल सिनेमा, विनोबा बस्ती गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब, रमेश चौक व गोविन्दम हॉस्पिटल से एच ब्लॉक डिग्गी गुरुनानक कृष्णा मंदिर होते हुए शाम को वापस गुरुद्वारा साहिब में पहुंचेगा।

आम चुनाव; चौथे चरण में 14 नवंबर को होगा मतदान

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत श्रीगंगानगर जिले में पंचायत समिति सदस्य निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में जिले की आठ पंचायत समितियों श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घडसाना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर के पंचायत समिति सदस्य एवं इन पंचायत समितियों के अधीन आने वाले जिला परिषद जोन सदस्यों के लिए मतदान 14 नवम्बर को होगा। इसके तहत मतदान दल 13 नवम्बर को जिला मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से रवाना होंगे। तीसरे और चौथे चरण की मतगणना 20 नवम्बर को होगी।



पंचायती राज चुनाव के चौथे चरण के तहत जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घड़साना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के लिये मतदान 14 नवम्बर 2026 को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक होगा। इसके तहत मतदान दल 13 नवम्बर को डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय श्रीगंगानगर से सुबह 8 बजे रवाना होंगे। रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना के मतदान दलों के कार्मिकों के प्रवेश की व्यवस्था राजकीय महाविद्यालय के गेट नंबर 2 से तथा शेष अन्य पंचायत समितियों के मतदान दलों का प्रवेश गेट नंबर 1 से होगा। प्राइवेट वाहनों के लिए उपलब्ध वाहन क्षमता के अनुसार पार्किंग गेट नंबर 2 के पीछे वाले स्थान पर करवाई जाएगी। मतदान ईवीएम से होगा। तीसरे और चौथे चरण में शामिल पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य चुनाव की मतगणना 20 नवम्बर को प्रातः 8 बजे से आरम्भ होगी।

चौथे चरण में सरपंच, पंच पद के लिये मतदान 16 नवम्बर को

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव की घोषणा के तहत जिले में सरपंच, पंच और उपसरंपच पदों के लिये निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घड़साना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये मतदान 16 नवम्बर को होगा। चौथे चरण में जिले की श्रीगंगानगर उत्तर, श्रीगंगानगर दक्षिण, सादुलशहर, अनूपगढ़, घड़साना, रायसिंहनगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर पंचायत समिति के अधीन आने वाली ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिये नामांकन प्रस्तुत करने की तिथि 15 नवम्बर निर्धारित की गई है। इसी दिन प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का समय रहेगा। नामांकन की संवीक्षा प्रातः 11.30 बजे से होगी। नाम वापसी का समय दोपहर 2 बजे तक रहेगा। इसके पश्चात अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करते हुए सूची का प्रकाशन किया जायेगा। 16 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से लेकर सायं 6 बजे तक मतदान और मतदान समाप्ति के तुरन्त बाद पंच व सरपंच की मतगणना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही होगी। 17 नवम्बर को उपसरपंच का चुनाव करवाया जायेगा।

मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देने के लिए सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन की हार्ड व सॉफ्ट कॉपी भी सौंपी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 12 नवंबर को विधानसभावार मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। इन पर दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक रहेगी।

फिट गंगानगर सोसायटी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 6 को होगा 'साइक्लोथान'

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर। फिट गंगानगर सोसायटी एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 6 दिसंबर को स्वास्थ्य, फिटनेस एवं नशामुक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से साइक्लोथान आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम एवं शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।



जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग एवं शारीरिक क्षमता के प्रतिभागियों के लिए तीन श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। इनमें 42 किलोमीटर की सहनशक्ति चुनौती, 25 किलोमीटर की फिटनेस राइड तथा 10 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के प्रतिभागियों के लिए 8 से 10 किमी की मनोरंजक एवं जनसामान्य साइकिल राइड शामिल है। 42 किमी की सहनशक्ति चुनौती प्रातः 6:30 बजे प्रारंभ होगी, जिसके लिए 2 घंटे 30 मिनट का निर्धारित समय रहेगा। वहीं 25 किलोमीटर की फिटनेस राइड प्रातः 7 बजे शुरू होगी और इसे पूरा करने के लिए 1 घंटा 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 8 से 10 किलोमीटर की मनोरंजक एवं जनसामान्य राइड प्रातः 8:15 बजे प्रारंभ होगी, जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं एवं नागरिक उत्साहपूर्वक भाग ले सकेंगे। आयोजन का प्रमुख आकर्षण सामूहिक नशामुक्ति संकल्प होगा, जिसमें सभी प्रतिभागी एक साथ हाथ उठाकर नशामुक्त जीवन जीने तथा समाज को नशे से दूर रखने का संकल्प लेंगे। इसके माध्यम से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता का संदेश दिया जाएगा। महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए 10 किलोमीटर की राइड में वूमेन ऑन व्हील्स के नाम से महिलाओं का विशेष साइकिलिंग समूह सबसे आगे रहेगा। वहीं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी अपनी-अपनी टीमों के साथ यंग चैंपियंस के रूप में आयोजन में हिस्सा लेंगे। इससे बच्चों एवं युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। आयोजन की विशेष पहल यह भी रहेगी कि राइड पूरी करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को उसकी गति अथवा प्रदर्शन की परवाह किए बिना फिनिशर प्रमाण-पत्र व पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस की कार्रवाई; 815 ग्राम अफीम बरामद, तस्कर गिरफ्तार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जवाहर नगर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर ने जानकारी देते हुए बताया कि जवाहर नगर थाना पुलिस गश्त और संदिग्धों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस थाना जवाहर नगर के उप निरीक्षक जयवीर सिंह,कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल वीरेन्द्र गोदारा और कांस्टेबल दलीप ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया। आरेपित की पहचान प्रभुदास(36 वर्ष) पुत्र शांतिदास निवासी चारभुजा मंदिर के नजदीक, हज्या खेड़ी, थाना नाहरगढ़, तहसील भदेसर, जिला चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी प्रभुदास के कब्जे से 815 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान उप निरीक्षक नरेश कुमार को सौंपी गई है, जो यह पता लगाने में जुटे हैं कि आरोपी इस अवैध अफीम को कहां से लाया था और किसे सप्लाई करने जा रहा था।

थड़ी लगाकर सामान बेचने वाली महिलाओं के लिए भी निर्धारित की सीमा रेखा

गोल बाजार से सामान हटाया, लोहामंडी में रविवार तक मोहलत

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर





नगरपरिषद द्वारा सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध शुरू किया गया अभियान लगातार जारी है। अभियना के तहत अब तक नगरपरिषद ने करीब 1 लाख 30 हजार रुपए जुर्माने के तौर पर भी वसूल किए है। इसके बाद भी दुकानदार अपनी हरकतों से बाज नहीं आह रहे। इसी को देखते हुए गुरुवार को नगरपरिषद की ओर से एक बार फिर गोलबाजार के साथ लोहामंडी में अभियान चलाया गया। टीम में एईएन अमरदीप कौर, जेईएन शिवांगी और सफाई निरीक्षक अमित सिडाना सहित आधा दर्जन से अधिक अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे। कार्यवाही के दौरान जिन दुकानदारों ने शेड के अंदर डंडे लगाकर सामान लटका रखा था, उसे जब्त कर लिया गया। इसके अलावा, सड़क पर अवैध रूप से रखे गए तमाम होर्डिंग और बोर्ड भी हटाए जा रहे हैं। एईएन अमरदीप कौर ने बताया कि लोहामंडी के कई दुकानदारों ने पूरे प्लॉट पर कब्जा कर और सड़क तक सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे आए दिन यातायात बाधित होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोहामंडी के दुकानदारों को रविवार तक का समय दिया गया है, जिसके बाद सख्त कार्रवाई करते हुए पूरा सामान जब्त कर लिया जाएगा। इससे पहले कार्यवाही के दौरान पिड पर अवैध रुप से रखी पानी की टंकी को नगरपरिषद टीम ने ऑटोटीपर में लाद दिया। जैसे ही यह कार्यवाही आगे बढ़ी कुछ दुकानदारों ने इसका विरोध किया। इस दौरान नगरपरिषद ने उनके साथ समझाईश करते हुए उन्हे रविवार तक का समय दिया। इधर लोटा मंडी के पास सड़क पर थड़ी लगाकर मनियारी का सामान बेचने वाली महिलाओं से भी समझाईश करते हुए निशानदेही प्रदान करते हुए उनका सामग्री निर्धारित समय सीमा में रखवाई गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर भविष्य में इस निर्धारित लाइन से आगे सामान रखा मिला तो इसे जप्त किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि जिन दुकानदारों ने नियमानुसार प्लॉट के निर्धारित हिस्से तक के ही शुल्क जमा करवा रखे हैं, वे केवल उतने ही क्षेत्र में सामान रख सकते हैं। शेष सार्वजनिक स्थान को पूरी तरह खाली करना अनिवार्य होगा।

नगर परिषद का यह अतिक्रमण विरोधी अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, जिससे जाम की समस्या से बड़ी राहत मिल सकेगी।

HDFC BANK We understand your world

नीलामी बिक्री सूचना

संबंधित ऋणकर्ताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे सूचीबद्ध ऋण खातों में सुरक्षा के रूप में गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ये वस्तुएँ उन ऋणकर्ताओं द्वारा प्रतिज्ञा की गई थीं जिन्होंने निष्पादित ऋण समझौतों की शर्तों के अनुसार अपनी देनदारियों का पुनर्भुगतान न कर पाने के बावजूद, HDFC बैंक लिमिटेड ("बैंक") द्वारा उनके बकाया राशि चुकाने के लिए जारी किए गए अनुस्मारकों के बावजूद, अपने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया। बैंक ने पहले नोटिस जारी किए थे जिसमें ऋणकर्ताओं को उनके संबंधित लोन खातों में पूरी बकाया राशि चुकाने के लिए सात (7) दिनों का समय दिया गया था। चूंकि ऋणकर्ताओं ने अपने खातों को नियमित नहीं किया है, बैंक ने, ऋण समझौते और लागू कानून के तहत बंधककर्ता के रूप में अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, गिरवी को लागू करने और देय राशि वसूलने के लिए गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषण/गहनों की सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का निर्णय लिया है। नीलामी नीचे उल्लेखित शाखा(ओं) में दोपहर 3:30 बजे से आयोजित की जाएगी। यदि किसी कारणवश कोई भी गिरवी रखी गई सुरक्षा की नीलामी निर्धारित तिथि पर आयोजित या पूरी नहीं की जा सकती है, तो बैंक बिना किसी अतिरिक्त नोटिस के किसी भी आगामी तिथि और समय पर नीलामी जारी रखने या पुनर्निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्र.सं.	ऋण नंबर	कर्जदार का नाम	ऋण राशि	नीलामी दिनांक	नीलामी स्थान (शाखा पता)
1	4001351077	नरेश कुमार	150,000	15-12-2026	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 30, गौशाला रोड, ई-ब्लॉक, राष्ट्रीय राजमार्ग 15, श्रीगंगानगर, राजस्थान-335001
2	4000804959	गुरप्रीत सिंह	83,000	23-11-2026	
3	4001224073	राय सिंह	90,000	23-11-2026	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, दुकान नंबर 10, नई मंडी रावतसर, जिला - हनुमानगढ़, रावतसर, राजस्थान-335524
4	4000704920	रणजीत सिंह	176,388	15-12-2026	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, सेक्टर आर-सी-2, प्लॉट नंबर 26, पब्लिक पार्क के सामने, जिला-श्री गंगानगर, अनूपगढ़, राजस्थान-335701
5	4000333417	विकास पुत्र लालचंद	72,000	15-12-2026	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 64, हॉस्पिटल रोड, श्रीविजयनगर, राजस्थान-335704

नीलामी को सख्ती से "जैसा है वहाँ है", "जैसा है वह है", और "जो कुछ है वही है" के आधार पर किया जाएगा।
बैंक गिरवी रखे गए सोने के गहनों/आभूषणों की गुणवत्ता, शुद्धता, कैरेटेज, वजन, या मूल्यांकन के संबंध में कोई वारंटी और स्पष्ट या निर्धारित प्रतिनिधित्व नहीं देता है। संभावित बोलीदाता नीलामी से पहले पंजीकृत वस्तुओं की स्थिति, शुद्धता, कैरेट, वजन और मूल्यांकन की जांच करने और स्वयं को संतुष्ट करने के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। नीलामी से 45 मिनट पहले निरीक्षण की अनुमति पूरी तरह से बोलीदाताओं की लागत, जोखिम और विवेक पर दी जाएगी। नीलामी में भाग लेकर, बोलीदाता यह मानता जाएगा कि उन्होंने गिरवी रखी गई वस्तुओं का स्वतंत्र रूप से निरीक्षण किया है और बैंक द्वारा किए गए किसी भी प्रतिनिधित्व पर निर्भर किए बिना सभी संबंधित जोखिमों को स्वीकार करते हैं। बिक्री के बाद किसी भी परिस्थिति में वापसी, विनिमय, रिफंड, मुआवजा, या रद्द करने के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
सभी बोलियाँ बैंक द्वारा लागू नियामक मानदंडों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम आरक्षित मूल्य के अधीन होंगी। नीलामी मूल्य इस पर आधारित होगा कि निम्नलिखित में से कौन सा कम है: (a) पिछले तीस (30) दिनों के लिए सोने का औसत समापन मूल्य या (ख) भारत बुलियन और ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड (IBJA) द्वारा तुरंत पूर्ववर्ती दिन प्रकाशित सोने का अंत मूल्य। बैंक को आरक्षित मूल्य को अंतिम रूप देने और आवश्यक समझे जाने वाले किसी भी अतिरिक्त शर्तों को लगाने का एकमात्र विवेकाधिकार है।
यदि कोई भी ऋणकर्ता नीलामी शुरू होने से पहले ऋण अनुबंध के अनुसार संपूर्ण बकाया राशि चुका देता है, तो उस खाते के लिए गिरवी रखे गए सोने के आभूषण/गहने, बैंक के विवेकानुसार, आगे की सूचना के बिना नीलामी से वापस ले लिए जा सकते हैं।
नीलामी और किसी भी परिणामी बिक्री पर किसी भी आगे के नियम और शर्तें लागू रहेंगी, जिन्हें बैंक, अपनी एकमात्र और पूर्ण विवेक पर, समय-समय पर लागू, संशोधित या निर्धारित कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि बैंक के अधोहस्ताक्षरी अधिकृत अधिकारी को नीलामी की कार्यवाही को बिना पूर्व सूचना के स्थगित करने, टालने, संशोधित करने, निलंबित करने या रद्द करने का पूर्ण और असीमित विवेकाधिकार प्राप्त है। अधिकृत अधिकारी किसी भी बोली(यों) को, पूरे या आंशिक रूप से, स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है, और यह निर्णय अंतिम, निर्णायक और सभी प्रतिभागियों पर बाध्यकारी होगा। हस्ता./- अधिकृत अधिकारी,
दिनांक: 13.11.2026, स्थान: श्रीगंगानगर / हनुमानगढ़ एचडीएफसी बैंक लिमिटेड

सही तरीका, सटीक तरीका और एकमात्र तरीका जैसी कोई चीज नहीं होती। - फ्रेडरिक नीत्शे

संपादकीय


निवेश का अवसर या आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए चुनौती?

भारतीय पूंजी बाजार इन दिनों अभूतपूर्व गतिविधियों का केंद्र बना हुआ है। बड़े-बड़े आईपीओ लगातार निवेशकों को आकर्षित कर रहे हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स के रिकॉर्डतोड़ सार्वजनिक निर्गम और शानदार सूचीबद्धता के बाद अब हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स (एचसीसीएच) ने भी अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर ली है। यह घटनाक्रम भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता का संकेत अवश्य है, लेकिन इसके साथ कुछ ऐसे गंभीर प्रश्न भी सामने आते हैं, जिन पर सरकार, नियामक संस्थाओं और समाज को गंभीरता से विचार करना होगा। पहली नजर में विदेशी या बहुराष्ट्रीय कंपनियों का भारतीय बाजार से पूंजी जुटाना आर्थिक विकास का सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। इससे शेयर बाजार की गहराई बढ़ती है, निवेशकों को नए विकल्प मिलते हैं और कंपनियों को विस्तार के लिए संसाधन उपलब्ध होते हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि इस पूंजी का वास्तविक लाभ किसे मिलेगा? यदि भारतीय निवेशकों की बचत विदेशी कंपनियों के शेयरों में लगती है और उससे अर्जित लाभांश तथा पूंजीगत लाभ का बड़ा हिस्सा अंततः विदेशों में जाता है, तो इसे वास्तविक अर्थों में विदेशी निवेश कहना कितना उचित होगा?

दरअसल, यह विदेशी पूंजी का भारत में आगमन नहीं, बल्कि भारतीय पूंजी का विदेशी कंपनियों की बैलेंस शीट में स्थानांतरण भी हो सकता है। इससे घरेलू उद्योगों की तुलना में बहुराष्ट्रीय कंपनियों की आर्थिक शक्ति और अधिक बढ़ेगी। ऐसे में यह आवश्यक है कि नीति निर्धारक केवल निवेश जुटाने के आंकड़ों से प्रभावित होने के बजाय उसके दीर्घकालिक आर्थिक प्रभावों का भी मूल्यांकन करें। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण पहलू उन उत्पादों का है, जिनका उत्पादन करने वाली कंपनियां भारतीय निवेशकों से पूंजी जुटाना चाहती हैं। एक ओर सरकार और समाज योग, आयुर्वेद, प्राकृतिक जीवनशैली तथा स्वस्थ खान-पान को बढ़ावा देने की बात करते हैं। मोटापा, मधुमेह और हृदय रोग जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं। दूसरी ओर, अत्यधिक शर्करा युक्त शीतल पेय और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड उत्पाद बनाने वाली कंपनियों को पूंजी बाजार के माध्यम से विस्तार का अवसर भी मिलता है। यह स्थिति नीति निर्माण में स्पष्ट विरोधाभास को दर्शाती है। निस्संदेह किसी कंपनी को केवल उसके उत्पाद के आधार पर बाजार से बाहर करना समाधान नहीं है। खुली अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा आवश्यक है। लेकिन यह भी उतना ही आवश्यक है कि जिन उत्पादों का व्यापक प्रभाव सार्वजनिक स्वास्थ्य पर पड़ता है, उनके प्रति सरकार की स्पष्ट और संतुलित नीति हो। यदि तंबाकू और शराब जैसे उत्पादों पर विशेष नियमन लागू हो सकते हैं, तो स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले अन्य उत्पादों के संदर्भ में भी दीर्घकालिक दृष्टिकोण विकसित किया जाना चाहिए।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और केंद्र सरकार को इस दिशा में व्यापक विमर्श प्रारंभ करना चाहिए कि किन क्षेत्रों की कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए और किन क्षेत्रों में अतिरिक्त प्रकटीकरण, स्वास्थ्य चेतावनी अथवा सामाजिक उत्तरदायित्व के कठोर मानदंड लागू किए जाएं। पूंजी बाजार केवल निवेश का माध्यम नहीं, बल्कि देश की आर्थिक प्राथमिकताओं का भी प्रतिबिंब होता है। भारत आज आत्मनिर्भरता, 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे अभियानों को आगे बढ़ा रहा है। ऐसे समय में पूंजी बाजार की नीतियां भी इन्हीं राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप दिखाई देनी चाहिए। घरेलू विनिर्माण, कृषि-आधारित उद्योग, आयुष, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और नवाचार आधारित भारतीय कंपनियों को अधिक प्रोत्साहन देना समय की आवश्यकता है। विदेशी कंपनियों के आईपीओ का स्वागत किया जा सकता है, बशर्ते यह प्रक्रिया भारत की आर्थिक और सामाजिक प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। केवल पूंजी जुटाने की मात्रा को सफलता का पैमाना नहीं माना जा सकता। निवेश का उद्देश्य ऐसा होना चाहिए, जो रोजगार सृजन, घरेलू उद्योगों की मजबूती, उपभोक्ता हितों की रक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य, इन चारों लक्ष्यों के बीच संतुलन स्थापित करे। यही संतुलन भविष्य के भारत की आर्थिक नीति की सबसे बड़ी कसौटी भी होगा।

सोशल मीडिया से



वीडियो एडिटर : हुनर सीखें कमाई के खुलेंगे नए रास्ते

मौजूदा डिजिटल व सोशल मीडिया के दौर में यू-ट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम रील्स, शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म, ओटीटी, विज्ञापन, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, ऑनलाइन शिक्षा, समाचार और शादी ब्याह जैसे आयोजनों तक वीडियो की खूब मांग है। ऐसे में कुशल वीडियो एडिटर के लिए रोजगार के साथ फ्रीलांसिंग और अपना काम शुरू करने के असंख्य द्वार खुले हैं।

वीडियो शूट हो जाने के बाद असली कहानी कई बार एडिटिंग टेबल पर ही जन्म लेती है। कौन सा दृश्य रखा जाए, किसे हटाया जाए, संगीत कहां आए, संवाद की गति कैसी हो, किस क्षण स्क्रीन पर कोई तस्वीर या टेक्स्ट दिखायी दे। इन फैसलों से सामान्य फुटेज प्रभावशाली कहानी में बदल जाता है। यही काम करता है वीडियो एडिटर। आज यू-ट्यूब चैनल, इंस्टाग्राम रील्स, शॉर्ट वीडियो प्लेटफॉर्म, ओटीटी, विज्ञापन, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, ऑनलाइन शिक्षा, समाचार और शादी ब्याह जैसे आयोजनों तक वीडियो की खूब मांग है। इसका मतलब है कुशल वीडियो एडिटर के लिए रोजगार के साथ फ्रीलांसिंग और अपना काम शुरू करने के रास्ते भी खुले हैं।

जरूरी काबिलियत

वीडियो एडिटिंग के क्षेत्र में अगर कैरियर बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद कोई सर्टिफिकेट, डिप्लोमा या डिग्री लेवल कोर्स किया जा सकता है। कई युवा सेल्फ लर्निंग के जरिये भी शुरूआत करते हैं। शुरूआत में किसी अच्छे प्रैक्टिकल कोर्स से एडिटिंग की बुनियाद सीखना उपयोगी रहता है। लेकिन इस क्षेत्र में सर्टिफिकेट से ज्यादा पोर्टफोलियो यानी अपने काम के नमूने की अहमियत होती है। इसलिए प्रशिक्षण के साथ-साथ लगातार छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाते रहना चाहिए।

एक एडिटिंग सॉफ्टवेयर चुनें

फ्री ट्यूटोरियल्स और प्रैक्टिस फुटेज से बेसिक एडिटिंग सीखी जा सकती है। हालांकि स्ट्रक्चर्ड ट्रेनिंग से वर्कफ्लो, साउंड, कलर और प्रोफेशनल प्रैक्टिस व्यवस्थित ढंग से सीखने में मदद मिलती है। इस तरह की शुरूआत में यह जानना जरूरी होता है कि पहले कौन सा सॉफ्टवेयर सीखें। एक साथ कई सॉफ्टवेयर सीखने के बजाय किसी एक प्रोफेशनल एडिटिंग सॉफ्टवेयर पर अच्छी पकड़ बनाना ज्यादा महत्वपूर्ण है। एडोब प्रीमियम प्रो जैसे प्रोफेशनल टूल्स अथवा द विंची रिजॉल्व जैसे विकल्प भी लोकप्रिय हैं। सरल सोशल मीडिया एडिटिंग के लिए दूसरे आसान टूल्स से शुरूआत की जा सकती है। लेकिन याद रखिए सॉफ्टवेयर केवल औजार हैं, असली स्किल है, स्टोरी टेलिंग और एडिटिंग सेंस की।

एडिटिंग सीखने की प्रक्रिया

एक वीडियो एडिटर को सबसे पहले टाइमलाइन एडिटिंग, कटिंग, ट्रिमिंग, ट्रांजिशन, स्पीड कंट्रोल और बेसिक इफेक्ट सीखने होंगे। इसके बाद ऑडियो एडिटिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, वायस ओवर, सबटाइटल्स और साउंड बैलेंसिंग पर पकड़ बनानी चाहिए। फिर कलर करेक्शन और कलर ग्रेडिंग की बुनियादी समझ जरूरी है। अलग-अलग कैमरों से शूट किये गये फुटेज को एक जैसा दिखाना और कहानी के मूड के मुताबिक रंगों का इस्तेमाल करना, एडिटिंग को पेशेवर बनाता है। इसके बाद मोशन ग्राफिक्स और बेसिक एनीमेशन सीखना उपयोगी है। टाइटल्स, लोवर थर्ड्स, लोगो, एनीमेटेड टेक्स्ट और सिंपल विजुअल इफेक्ट्स, सोशल मीडिया तथा कार्पोरेट वीडियो में काफी काम आते हैं।



शुरूआत के लिए ही मोबाइल सही

विडियो एडिटिंग सीखने की शुरूआत आप मोबाइल से भी कर सकते हैं। शुरूआत अभ्यास के लिए स्मार्ट फोन फुटेज से किया जा सकता है। इससे युवा शूटिंग और एडिटिंग दोनो की बुनियादी समझ विकसित कर सकते हैं। लेकिन अगर लक्ष्य प्रोफेशनल एडिटर बनना है, तो धीरे-धीरे कंप्यूटर बेस्ड एडिटिंग वर्क को सीखना बेहतर होगा। सिस्टम ऐसा होना भी जरूरी है, जो चुने हुए एडिटिंग सॉफ्टवेयर को सुचारू रूप से चला सके। वीडियो एडिटिंग में स्टोरेज भी महत्वपूर्ण होता है। हाई रेज्योल्यूशन फाइल बहुत जगह लेती है। इसलिए पर्याप्त स्टोरेज और वेकअप की व्यवस्था रखें।

एडिटिंग सेंस ज्यादा अहम

सिर्फ कट-पेस्ट के जरिये आगे बढ़ने की कोशिश न करें। आज एआई और आटोमेटेड एडिटिंग टूल्स कई सामान्य एडिटिंग टास्क को आसान बना रहे हैं। इसलिए भविष्य के वीडियो एडिटर को केवल क्लिप्स जोड़ना नहीं आना चाहिए, उसे यह समझना होगा कि दर्शक को क्या दिखाना है और कब दिखाना है। स्क्रिप्ट की समझ, स्टोरी टेलिंग, पेसिंग, विजुअल कंपोजिशन, म्यूजिक सेलेक्शन और ऑडियो साइकोलॉजी जैसी स्किल्स आपको साधारण एडिटर से बेहतर प्रोफेशनल बना सकती हैं।

पोर्टफोलियो बनाएं

जब शुरूआत स्तर के वीडिया एडिटर बन जाएं, तो शुरू होती है नौकरी पाने की कोशिश। अपना पोर्टफोलियो बनाएं। शुरू में 8 से 10 छोटे, लेकिन अच्छे प्रोजेक्ट तैयार करें। एक 60 सेकेंड का ट्रैवल वीडियो, एक प्रोजेक्ट एडवरटाइजमेंट, एक इंटरव्यू एडिट, एक न्यूज स्टाइल वीडियो, एक शॉर्ट डाक्यूमेंट्री, एक यू-ट्यूब वीडियो, दो-तीन अलग तरह के रील्स, एक बिफोर एंड आफ्टर कलर करेक्शन सैंपल, इन प्रोजेक्ट को व्यवस्थित करके ऑनलाइन पोर्टफोलियो बनाये जा सकते हैं।

नौकरी के मौके

वीडियो एडिटर के लिए प्रोडेक्शन हाउसेज, एडवर्टाइजिंग एजेंसीज, डिजिटल मीडिया कंपनीज, यू-ट्यूब चैनल्स, ओटीटी प्रोडक्शन टीम, इवेंट कंपनीज और कार्पोरेट कम्युनिकेशन डिपार्टमेंट संभावित रोजगार क्षेत्र हैं। अनुभव बढ़ने के बाद अपने घर से ही फ्रीलांसिंग कर सकते हैं। शुरूआती कमाई आपके स्किल लेवल, शहर, एंप्लॉयर की गुणवत्ता और एक्सपीरियंस पर निर्भर करती है। अच्छे पोर्टफोलियो और प्रोफेशनल स्किल के साथ अवसर बढ़ते हैं।

निरंतर प्रदर्शन-सही एप्रोच से मिलेगी कॅरिअर ग्रोथ

करियर में आगे बढ़ने की चाहत हर पेशेवर की होती है। कई बार ऐसा महसूस होता है कि कंपनी हमारे काम को नोटिस नहीं कर रही है, लेकिन इसके लिए सबसे पहले खुद का आकलन जरूरी है। जो कर्मचारी अपनी मेहनत और निरंतरता से संगठन के लक्ष्यों को आगे बढ़ाते हैं, वे समय के साथ कंपनी के लिए एक अनिवार्य एसेट बन जाते हैं।

शुरूआत और सीखने का सफर

मास कम्युनिकेशन का डिप्लोमा होने के बावजूद अनुभव की कमी के कारण प्रिया को शुरूआत में छोटे मीडिया हाउस में बतौर टाइपिस्ट काम करना पड़ा। लेखन में रुचि न होने के कारण उसे शुरूआती दौर में कठिनाइयाँ आईं, लेकिन उचित मार्गदर्शन और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उसने धीरे-धीरे लेखन के क्षेत्र में भी महारत हासिल कर ली।

मेहनत और समर्पण का फल

दो साल के संघर्ष और समर्पण ने प्रिया को इतना योग्य बना दिया कि वह किसी भी बड़े संस्थान में आसानी से जगह पा सकती थी। हालांकि, उसी संस्थान में उसकी पदोन्नति होती गई और उसकी कार्यकुशलता के कारण कंपनी उसे खोने से बचने के लिए तुरंत इंक्रीमेंट देने को तैयार रहती थी।



नतीजों से तय होती है पहचान

कर्मचारी किसी भी संस्थान की रीढ़ होते हैं। जो एम्प्लॉई अपनी सोच और आउटपुट से कंपनी के परिणामों को प्रभावित करता है, मैनेजमेंट देर-सवेर उसकी योग्यता को पहचान लेता है। एक बार क्षमता सिद्ध हो जाने पर कंपनी का रुख पूरी तरह सकारात्मक हो जाता है और उससे अपेक्षाएं बढ़ने लगती हैं।

कर्मचारी-कंपनी का संबंध

कंपनी केवल पूंजी से नहीं, बल्कि कुशल और संतुष्ट कर्मचारियों के बल पर आगे बढ़ती है। एम्प्लॉयी और कंपनी का रिश्ता 'एक और एक ग्यारह' का होता है—जहां कर्मचारी अपना शत-प्रतिशत योगदान देता है, वहीं संस्थान को भी उसके हितों का पूरा ध्यान रखना चाहिए।


निरंतरता और सेल्फ-असेसमेंट

वर्कप्लेस पर सफलता के लिए प्रदर्शन में निरंतरता अनिवार्य है। लापरवाही या आलस से न केवल कंपनी को, बल्कि खुद कर्मचारी को नुकसान होता है। अपनी कमियों को दूर करने के लिए साल में एक या दो बार तटस्थ होकर सेल्फ-असेसमेंट करें, जिससे परफॉर्मेंस सुधरती है और मैनेजमेंट का प्रोत्साहन भी मिलता है।

मैनेजमेंट के दृष्टिकोण को समझें

नौकरी के दौरान अक्सर यह सवाल उठता है कि इतनी मेहनत के बाद भी कंपनी हमारे बारे में क्या सोचती है या हमारा वेतन कम क्यों है? इस दुविधा का समाधान तब मिलता है जब हम केवल एक कर्मचारी के स्थान पर खुद को मैनेजमेंट की जगह रखकर सोचते हैं।

स्क्रीन की कैद में सिसकता बचपन



रात के 11 बज चुके हैं। घर में सब सोने की तैयारी में हैं, लेकिन किशोर अब भी मोबाइल की नीली रोशनी में खोया है। मां के टोकने पर रटा-रटाया जवाब मिलता है– 'बस पांच मिनट।' डिजिटल दौर में ये 'पांच मिनट' कब घंटों में बदल जाते हैं, पता ही नहीं चलता।

मोबाइल, सोशल मीडिया और गेमिंग आज किशोरों की दिनचर्या का हिस्सा हैं। यह पढ़ाई और संवाद का माध्यम तो है, लेकिन जब आभासी दुनिया नींद, सेहत और रिश्तों पर भारी पड़ने लगे, तो यह खतरे की घंटी है। पीजीआई चंडीगढ़ के पीडियाट्रिक मेडिसिन विभाग की प्रो. डॉ. भवनीत भारती ने अभिभावकों को बच्चों के बदलते व्यवहार के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है।

तनाव और नींद पर असर

किशोरावस्था में पढ़ाई, करियर और साथियों से तुलना का तनाव पहले से होता है, जिसे सोशल मीडिया और बढ़ा देता है। बिस्तर तक मोबाइल ले जाने से नींद पूरी नहीं होती, जिससे चिड़चिड़ापन, थकान और पढ़ाई में एकाग्रता की कमी होने लगती है।

ज्यादा इस्तेमाल और लत का फर्क

पढ़ाई के लिए स्क्रीन जरूरी हो सकती है, लेकिन चिंता तब बढ़ती है जब फोन दूर करने पर बच्चा अत्यधिक गुस्सा या बेचैनी दिखाए। पीजीआई से जुड़े एक अध्ययन में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में आने वाले 212 बच्चों का औसत स्क्रीन टाइम 3.14 घंटे प्रतिदिन पाया गया, जिनमें से 68% तय सीमा से अधिक समय स्क्रीन पर बिता रहे थे। (हालांकि यह आंकड़ा सभी बच्चों पर लागू नहीं होता।)

छोटे बच्चों पर भी संकट

बच्चों को शांत रखने के लिए मोबाइल थमाना भी खतरनाक है। 2026 के एक अध्ययन (18-24 माह के 140 बच्चे) में सामने आया कि 68% बच्चों का स्क्रीन से संपर्क 18 महीने की उम्र से पहले ही हो गया था, जिससे उनके विकास संबंधी चिंताएं जुड़ी पाई गईं।

नजरअंदाज न करें

- फोन दूर करने पर गुस्सा या बेचैनी।
- देर रात तक जागना और पढ़ाई में अचानक गिरावट।
- परिवार-दोस्तों से दूरी, चिड़चिड़ापन या उदासी।
- आत्महानि (खुद को नुकसान पहुंचाने) की बात करना।


ऐसे बनाएं डिजिटल संतुलन

बच्चे को डांटने के बजाय उससे दोस्ताना संवाद करें और अकेलेपन या तनाव की वजह समझें। घर में नियम बनाएं कि खाना खाते समय और सोने से एक घंटा पहले फोन दूर रहेंगे। बच्चों को मैदानी खेलों के लिए प्रेरित करें। याद रखें, किशोर को मोबाइल से दूर करने से पहले भावनात्मक रूप से उसके करीब जाना जरूरी है।

साइबर युद्ध का खतरा : दुश्मन की नजर रसोई तक

फ्रांस के सुपरमार्केट हमले ने दिखाई डिजिटल हमलों की ताकत, भारत खाद्य आपूर्ति शृंखला की सुरक्षा पर दे ध्यान

कभी युद्ध की पहचान धुआं, गोलियां, लड़ाकू विमान और सीमा पर आमने-सामने खड़ी सेनाएं होती थीं। लेकिन आधुनिक दौर में युद्ध का स्वरूप बदल चुका है। अब दुश्मन बिना सीमा पार किए, हजारों किलोमीटर दूर बैठकर डिजिटल हमले के जरिए आम लोगों की जिंदगी प्रभावित कर सकता है। कंप्यूटर सिस्टम में बदलाव से घरों के उपकरण, उद्योग और जरूरी सेवाएं तक ठप हो सकती हैं। अक्टूबर 2026 में फ्रांस के सुपरमाकेट्स में हुई साइबर घटना ने इस नए खतरे की गंभीरता को सामने ला दिया। करीब 700 सुपरमार्केट और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के रेफ्रिजरेशन सिस्टम पर हमला हुआ। हमलावरों ने तापमान नियंत्रण में बदलाव कर दिया, जिससे कई स्थानों पर खाद्य सामग्री खराब हो गई। कुछ इकाइयों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया और लाखों यूरो का नुकसान हुआ। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इसके पीछे ईरान से जुड़ी साइबर इकाई का आरोप लगाया, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि अभी बाकी है।



साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा का हिस्सा बनाना होगा

भारत में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और उद्योगों में बड़ी संख्या में डिजिटल उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ रहा है। ऐसे में कोल्ड स्टोरेज और औद्योगिक प्रणालियों को सुरक्षित नेटवर्क से जोड़ना, मजबूत पासवर्ड, बहुस्तरीय सुरक्षा और नियमित साइबर ऑडिट जरूरी हैं। इसके साथ स्वदेशी तकनीक और साइबर सुरक्षा विशेषज्ञता को बढ़ावा देना होगा। आपात स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था, स्थानीय नियंत्रण और त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली भी विकसित करनी होगी। फ्रांस की घटना एक चेतावनी है कि भविष्य के युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़े जाएंगे। बिजली, बैंकिंग, अस्पताल और खाद्य भंडारण जैसी व्यवस्थाएं भी राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार बन चुकी हैं। तकनीक तभी ताकत बनेगी, जब उसके साथ मजबूत सुरक्षा व्यवस्था भी होगी। आज दुश्मन सीमा पर नहीं, बल्कि डिजिटल रास्ते से आपकी थाली तक पहुंच सकता है।

डिजिटल हमला, वास्तविक नुकसान

अब तक साइबर युद्ध को बैंकिंग सिस्टम में सेंध, सरकारी वेबसाइटों को ठप करने या गोपनीय जानकारी चोरी करने तक सीमित माना जाता था। लेकिन फ्रांस की घटना ने दिखाया कि डिजिटल हमला सीधे लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित कर सकता है। भोजन सुरक्षित रखने वाले उपकरण ही नुकसान का कारण बन गए। इस हमले की सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इसके लिए किसी बड़े हथियार की जरूरत नहीं पड़ी। इंटरनेट से जुड़े तापमान नियंत्रकों में सुरक्षा कमजोरियां हमलावरों के लिए रास्ता बन गईं। डिफॉल्ट पासवर्ड और कमजोर सुरक्षा व्यवस्था ने आधुनिक तकनीक की सबसे बड़ी चुनौती को उजागर किया कि सुविधा के साथ सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है।

भारत के लिए भी गंभीर चेतावनी

भारत इस घटना को केवल विदेशी मामला मानकर नजरअंदाज नहीं कर सकता। देश की खाद्य आपूर्ति व्यवस्था कोल्ड चेन पर निर्भर है। दूध, फल, सब्जियां, मांस और अन्य खाद्य पदार्थों को सुरक्षित रखने के लिए तापमान नियंत्रित भंडारण जरूरी है। यदि बड़े कोल्ड स्टोरेज या वितरण केंद्र साइबर हमले का शिकार होते हैं तो भारी मात्रा में खाद्य सामग्री खराब हो सकती है, जिससे कीमतों में बढ़ोतरी और आर्थिक दबाव पैदा हो सकता है।

– प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

चैटजीपीटी का नया फीचर: अब फोटो से बनाएं GIF

चार्टजीपीटी ने यूजर्स के लिए एक नया 'इमेजेज़ 2.6' फीचर पेश किया है, जिसकी मदद से अब किसी भी सामान्य स्टिल फोटो को चंद सेकंड में एनिमेटेड और लूपिंग GIF में बदला जा सकता है। इसके लिए किसी अलग एडिटिंग सॉफ्टवेयर की जरूरत नहीं है। यह वेब, मोबाइल और डेस्कटॉप पर सभी यूजर्स के लिए रोलआउट किया जा रहा है।

ऐसे बनाएं GIF

फोटो अपलोड करें: चैटजीपीटी खोलकर अपनी सेल्फी, पेट्स या प्रोडक्ट की स्टिल फोटो चैट में अपलोड करें।

निर्देश दें: चैटजीपीटी को प्रॉम्प्ट दें कि आप तस्वीर में क्या मूवमेंट चाहते हैं। उदाहरण के लिए: इस फोटो को लूपिंग GIF में बदलो। व्यक्ति को मुस्कुराते हुए और आंख मारते हुए दिखाओ, बैकग्राउंड स्थिर रखो।

ओपनएआई के अनुसार, बालों का उड़ना या हाथ हिलाना जैसे स्पष्ट निर्देश देकर आप अपनी पसंद का बेहतरीन एनिमेटेड GIF तैयार कर सकते हैं।

चुरू जिले में 16.68 लाख मतदाताओं की प्रारूप सूची प्रकाशित

11 दिसंबर तक दर्ज करा सकेंगे दावे : आपत्तियां

सीमा सन्देश # चूरू



जिले में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के तहत जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन गुरुवार को किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट हॉल में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। प्रारूप सूची के अनुसार जिले में कुल 16 लाख 68 हजार 24 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 8 लाख 75 हजार 301 पुरुष, 7 लाख 92 हजार 712 महिला और 11 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्रवार सादुलपुर में 2,52,459, तारानगर में 2,67,506, सरदारशहर में 3,09,566, चूरू में 2,59,095, रतनगढ़ में 2,81,949 और सुजानगढ़ में 2,97,449 मतदाता पंजीकृत हैं। पिछली सूची के बाद निरंतर अद्यतन प्रक्रिया में 46,140 नए नाम जोड़े गए और 4,873 नाम हटाए गए, जिससे कुल 41,267 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि दर्ज हुई है।

जिले में कुल 1,860 मतदान केंद्र हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने या संशोधन के लिए 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी। इनका निस्तारण 28 दिसंबर तक होगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा। नाम जुड़वाने के लिए प्रपत्र-6, प्रवासी भारतीयों के लिए प्रपत्र-6अ, नाम हटाने के लिए प्रपत्र-7 तथा संशोधन या दिव्यांग चिह्नित करवाने के लिए प्रपत्र-8 भरना होगा। 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा भी अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन वोटर सर्विस पोर्टल, ऐप, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या बीएलओ के माध्यम से दिए जा सकते हैं। आधार देना स्वैच्छिक है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि भाजपा ने 1,565, कांग्रेस ने 1,560 और बसपा ने 29 मतदान केंद्रों पर बीएलए नियुक्त किए हैं। राजनीतिक दलों से सभी केंद्रों पर बीएलए नियुक्त करने का आग्रह किया गया है, जो प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन बीएलओ को सौंप सकेंगे।

कारगर कार्य तभी हो पाएंगे जब गांव की सरकार भी बीजेपी की बनेगी: बराड़



सीमा सन्देश # सादुलशहर

विधायक गुरवीर सिंह बराड ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने सिंचाई तंत्र को मजबूत करने के लिए अभूतपूर्वक कार्य करवाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कॉमन शैड, स्टूडेंट्स के लिए लाइब्रेरी, स्कूलों में कंप्यूटर लैब, खेल सुविधा एवं जिम आदि की व्यवस्था करने का कार्य शुरू किया, जो अब भी जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में कारगर कार्य तभी हो पाएंगे जब गांव की सरकार भी बीजेपी की बनेगी। गांव चक सोहनेवाला व बनवाली में जिला परिषद जोन संख्या 32 से भाजपा प्रत्याशी बाधु देवी नायक एवं पंचायत समिति सादुलशहर के जोन संख्या 19 से केवल सिंह, जोन 21 से सर्वजीत कौर के समर्थन में जनसभा कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। गांव ततारसर, चुनावढ़, जोधेवाला व 13 जी में जिला परिषद जोन 38 से भाजपा प्रत्याशी अमरजीत कौर एवं पंचायत समिति श्रीगंगानगर के जोन 5 से दलीप सहारण, जोन 4 से पवन कुमार के समर्थन में जनसभा कर इनके पक्ष में वोट मांगे। गांव 27 जीजी, 20 जैड व 15 जैड में जिला परिषद जोन 38 से भाजपा प्रत्याशी अमरजीत कौर एवं पंचायत समिति श्रीगंगानगर के जोन 06 से रीतू, जोन 7 से संतोष कुमारी के समर्थन में जनसभा कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की।

यमुना का पानी शेखावाटी तक पहुंचने से बदलेगी तस्वीर, ढाणियों तक बिजली पहुंचाने का भी किया दावा

जालऊ में भाजपा की जनसभा, कई गांवों में जनसम्पर्क

सीमा सन्देश # रतनगढ़



पंचायत राज चुनाव 2026 को लेकर भाजपा ने ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को गांव जालऊ में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल जनसभा आयोजित की गई। सभा में राजस्थान विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं ने ग्रामीणों को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील की।

नेताओं ने गिनाईं सरकार की योजनाएं : जनसभा को पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि, पालिकाध्यक्ष सुनील शर्मा, भाजपा प्रत्याशी भागीरथ सिंह राठौड़, अनु शर्मा, एडवोकेट बजरंग गुर्जर तथा सुशील इंदौरिया सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का आह्वान किया। राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि यमुना का पानी शेखावाटी क्षेत्र तक पहुंचने से किसानों और आमजन को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार आने वाले समय में ढाणियों तक भी बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं से आमजन को मिल रहे लाभों की भी जानकारी दी।

गांव-गांव किया जनसंपर्क: जनसभा के बाद राजेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जालऊ, भोजासर, रतनादेसर और राजियासर मीठा सहित आसपास के गांवों में जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद कर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने और आशीर्वाद देने की अपील की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। पार्टी ने जनसभा और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से पंचायत चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों में अपनी चुनावी गतिविधियों को और तेज किया।

अनूपगढ़ : पंचायत समिति चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज



सीमा सन्देश # अनूपगढ़। अनूपगढ़ में आगामी 14 नवंबर को होने वाले पंचायत समिति चुनावों को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई है। प्रत्याशी जनसंपर्क और सभाओं के जरिए मतदाताओं को साधने में जुटे हैं। जोन नंबर 12 से प्रत्याशी चेतराम रोझ के समर्थन में गांव 15 एलएम में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ सैकड़ों ग्रामीणों ने मालाओं से उनका स्वागत किया और समर्थकों ने उन्हें सेबों से तौला। वहीं, जोन नंबर 5 से प्रत्याशी बाबा अमर सिंह के समर्थन में चक 4ए में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उन्हें फलों से तौलकर समर्थन जताया। इस दौरान भाजपा नेता मोहित छाबड़ा और बूटा सिंह चावला ने सभा को संबोधित कर प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। लगातार हो रहे इन आयोजनों से चुनावी माहौल गर्मा गया है और अब परिणाम ही तय करेंगे कि मतदाता किसे अपना समर्थन सौंपते हैं।

सहजूसर में हनुमान बेनीवाल की जनसभा, भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना



सीमा सन्देश # चुरू

पंचायत राज चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। इसी क्रम में निकटवर्ती गांव सहजूसर में पार्टी की ओर से जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को आरएलपी सुप्रीमो एवं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने संबोधित करते हुए जिला परिषद एवं पंचायत समिति चूरू तथा चूरू उत्तर से चुनाव मैदान में उतरे पार्टी के सभी 19 प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील की। बेनीवाल ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि प्रदेश में दोनों पार्टियां बारी-बारी से सत्ता में रहकर आमजन के हितों की अनदेखी करती रही हैं। इससे पूर्व सहजूसर पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने हनुमान बेनीवाल का उत्साह से स्वागत किया। इस दौरान जेपी गोदारा, देवेश चौधरी, विजय पूनिया, मुकेश महला, श्रवण नाई, संदीप कसवां, रणजीत गोदारा, अंकित गोदारा, मोसीन खान, शाहिद खान, राजकुमार गोदारा एवं घनेश गोदारा मौजूद रहे। आरएलपी प्रत्याशी श्याना देवी ने सहजूसर में जनसभा के लिए पहुंचने पर हनुमान बेनीवाल का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

खीचड़ के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था सालासर रवाना



सीमा सन्देश # सादुलशहर

चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड की अगुवाई में श्रधालुओं का पैदल यात्रा पर जत्था सालासर धाम के लिए रवाना हुआ। इससे पूर्व श्री सत्यनारायण मंदिर में पुजारी सुंदरपाल शर्मा के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ कर जत्थे को रवाना किया गया। पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड श्री बालाजी का ध्वज उठाए मंदिर परिसर से रवाना होकर इंडेन गैस एजेंसी कार्यालय के समक्ष पहुंचे। यहां संचालक विजय गोयल, पुलकित गोयल के नेतृत्व में जत्थे का स्वागत किया गया। यही नहीं काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक जत्थे को हाथिया वाली संकट मोचन हनुमान मंदिर तक छोडने गए। श्रद्धालु 19 नवंबर को सुबह श्री सालासर धाम पहुंचेंगे और बालाजी के दरबार में मत्था टेकेंगे। क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

पूर्व विधायक लूथरा के निवास पर भाजपा नेताओं की चाय पर चर्चा



सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। भाजपा प्रदेश महामंत्री मिथलेश गौतम एवं भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह ने रायसिंहनगर क्षेत्र में चुनावी दौरे के दौरान श्रीविजयनगर पहुंचकर पूर्व विधायक बलवीर सिंह लूथरा के निवास पर मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा हुई। बैठक में क्षेत्र के राजनीतिक हालात,चुनावी गतिविधियों तथा संगठन की मजबूती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। भाजपा नेताओं ने आपसी संवाद के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली तथा क्षेत्र में पार्टी की सक्रियता और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की। इस अनौपचारिक मुलाकात में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं ने भी भाग लिया। इस दौरान सुरेश मिश्रा,भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष हरि सिंह कामरा, व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष विकास मिढ्ढा, पूर्व डायरेक्टर गुरदीप सिंह खख, मांगीलाल सतझंडा, भाजपा जिला प्रवक्ता सतीश बवेजा, यशपाल गोगिया, रविशंकर गजरा, महामंत्री राजविंदर सिंह, आशु चुग, रतनलाल सारस्वत, निर्वाचित पार्षद पम्मा सिंह, कन्हैयालाल, लेखराज, पूर्व सरपंच परमजीत सिंह,जगतार सिंह, गुरमेज सिंह, लक्खा सिंह, भगवंत सिंह, लोकेंद्र राठौड़ एवं नरपत सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रीराम मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव की धूम

सीमा सन्देश # चूरू



शहर के श्रीराम मंदिर में गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। पुजारी फूसाराम शर्मा एवं मुकेश शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी को अन्नकूट का भोग लगाया। सभापति विनय गोयनका ने महाआरती में भाग लिया व क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। प्रमोद मंडावेवाला ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। राजेश मंडावेवाला एवं गौरव मंडावेवाला ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पूर्व सभापति रामगोपाल बहड़, श्यामसुंदर शर्मा, वैद्य रामप्रसाद शर्मा, नागरमल राव, विमल सिंह राठौड़, रामेश्वर लाल वर्मा, सुरेश बजाज, अनुराग शर्मा, भागीरथ शर्मा, हरिप्रसाद शर्मा एवं सुशील बजाज सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

चुनाव को लेकर चूरू पुलिस सतर्क



सीमा सन्देश # चुरू

शहर में पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। चुनाव से पहले जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए तीन प्रमुख स्थानों -सरदारशहर-रतनगढ़ तिराहे, गाजूसर गांव के पास और सदर थाना क्षेत्र में सघन नाकाबंदी की गई है। एसपी निश्चय प्रसाद एमके के निर्देश और एएसपी सुनील कुमार की निगरानी में पुलिस टीमों ने आने-जाने वाले वाहनों की गहन तलाशी ली। डीएसपी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान के तहत वाहनों के दस्तावेजों, काली फिल्म, अवैध हथियारों, अवैध शराब और अन्य प्रतिबंधित सामग्री की जांच की जा रही है। बाहरी जिलों और अन्य राज्यों से आने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने या मतदाताओं को प्रभावित करने की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निष्पक्ष मतदान के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

सफाई कर्मचारियों के हितों से जुड़े कार्य प्राथमिकता से होंगे : ज्योति

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने नगरपालिका में पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर राठौड़ व अधिशाषी अधिकारी गणपतराम का स्वागत कर दीपावली की शुभकामनाएं दी। राजस्थान वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा, पार्षद सुनीता वाल्मीकि व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा घुसर के नेतृत्व में स्वागत करने के साथ सफाई कर्मचारियों की विभिन्न जायज मांगों का समाधान करने का आग्रह किया। पालिकाध्यक्ष ज्योति कंवर ने सफाई कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनके सेवा संबंधी व हक से जुड़े किसी भी कार्य को रोका नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 का ग्रेड भी शीघ्र प्रभाव से लागू किया जाएगा। इसके साथ ही सफाई कर्मचारियों के हित में एल-1 व एल-2 की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इस दौरान पार्षद अशोक मखीजा, पार्षद प्रतिनिधि संजय वाल्मीकि, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के अध्यक्ष अमित कंदरा, उपाध्यक्ष माया देवी वाल्मीकि, किरण बाला वाल्मीकि, महेंद्र भाटिया, कोषाध्यक्ष राकेश ढोल, महेंद्र थामेत, रवि खरारा, सुशील पंडित, भाजपा युवा नेता सागर सिंह सिगलीगर आदि उपस्थित रहे।

कीटनाशक दवा के असर से किसान की मौत



सीमा सन्देश # सरदारशहर। तहसील के गांव खेजड़ा अगुणा में खेत में सरसों फसल पर कीटनाशक का छिड़काव करने के बाद एक किसान की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान ओमप्रकाश मेघवाल(33) के रूप में हुई है। मृतक के चाचा बिरूराम मेधवाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि ओमप्रकाश सरसों की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव करने के बाद घर लौट आया था। देर रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर सुबह उसे राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

राज्यस्तरीय बास्केट प्रतियोगिता हेतु महिला व पुरूष टीमें रवाना



सीमा संदेश # चुरू

76वीं राज्यस्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चूरू जिले की महिला एवं पुरुष वर्ग की टीमें सादुलपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुईं।

प्रतियोगिता 12 से 15 नवंबर तक आयोजित हो रही है। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान भियानी ने खिलाड़ियों को खेल किट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान बास्केटबॉल संघ के सुरेश शर्मा, नरेंद्र पारीक, जगदीश मारवाल, माणक सैनी, राजेश शर्मा एवं मंगतूराम दाधीच सहित अन्य मौजूद रहे।

पंचायत चुनाव में सजा सियासी बाजार; फलों से तुल रहे प्रत्याशी और जुबानी समाधानों की बहार

सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर

पंचायती राज चुनाव की सरगर्मी के बीच गांवों की चौपालों और गलियों में इन दिनों 'विकास' का बाजार पूरी तरह सज चुका है। चुनाव की आहट के साथ ही वादों की ऐसी दुकानें खुल गई हैं, जहां हर मतदाता की जरूरत के मुताबिक हर सामान उपलब्ध है। कोई हर ढाणी तक पक्की सड़क पहुंचाने का दावा कर रहा है, तो कोई घर-घर नल से पानी और गांवों में स्कूल खोलने जैसे बड़े-बड़े सपने दिखा रहा है। इतना ही नहीं प्रत्याशियों का प्रचार करते वाहनों पर लगे लाउड स्पीकर से यहां तक घोषणा की जा रही है कि अपने इलाके और ग्राम पंचायत का स्वांगीण विकास करवाना है तो फलां-फलां उम्मीदवार ही सबसे बेहतर है। जानकारी अनुसार चौथे चरण के तहत डायरेक्टर पद के लिए चुनाव 14 नवंबर को होने हैं जबकि सरपंच पद के लिए 16 नवम्बर को। चुनाव को देखते हुए गांवों में लगातार रैलियां निकल रही हैं, नए चुनावी कार्यालयों के ताले खुल चुके हैं और माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए प्रत्याशियों को फलों से तोला जा रहा है। इस बीच समर्थक एक-दूसरे खेमे की कमियां और बुराइयां गिनाने से भी गुरेज नहीं कर रहे।

वादों की मंडी में मिल रही 'मैं हूं ना' के भरोसे की पुड़िया: गांवों में चुनावी माहौल गर्म जब कोई ग्रामीण सड़क की खस्ताहालता को लेकर बजट या योजना पर सवाल पूछता है तो प्रत्याशियों के पास एक ही रटा-रटाया जवाब होता है आप पहले हमें जिता दीजिए, बाकी सब हम पर छोड़ दीजिए! यानी हर समस्या का जुबानी समाधान तैयार है। सबसे अनोखा नजारा रोजगार के मोर्चे पर देखने को मिल रहा है, जहां बेरोजगार युवाओं बीवीरामजी जैसी योजना में पक्का रोजगार देने के सपने दिखाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं कई गांवों में तो प्रत्याशियों ने जीतने से पहले ही नालियों की सफाई करवाने सहित सड़कों और खाली भूखण्डों पर कचरे को भी साफ करवा दिया। सरपंच पद के लिए कई प्रत्याशी तो सिर्फ इसलिए चुनावी मैदान में है कि फ्लां बन्दे ने पहले यह बात कही थी। इस बार उसे बतना है कि मैं क्या चीज हूँ।

चूरू जिला परिषद चुनाव: जोन 39 बना प्रतिष्ठा का केंद्र




सीमा सन्देश # चूरू। जिले के पंचायती राज चुनाव 2026 का सियासी पारा चरम पर है, जहां जिला परिषद और पंचायत समिति सीटों के लिए कांग्रेस और भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। सबसे ज्यादा चर्चा तारानगर विधानसभा क्षेत्र के जिला परिषद जोन संख्या 39 की हो रही है, जो दो प्रभावशाली राजनीतिक परिवारों की प्रतिष्ठा का अखाड़ा बन गया है। इस हॉट सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधायक स्व. पंडित भंवरलाल शर्मा के पुत्र पंडित केशरी शर्मा को मैदान में उतारा है, जबकि भाजपा की तरफ से पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के पुत्र पराक्रम सिंह राठौड़ ताल ठोक रहे हैं। दोनों युवा प्रत्याशियों के पीछे मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि होने से मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया है। क्षेत्र में माहौल अपने पक्ष में करने के लिए दिग्गज नेताओं ने मोर्चा संभाल रखा है। गांवों की चौपालों से लेकर चुनावी सभाओं तक सिर्फ इसी हाई-प्रोफाइल मुकाबले की चर्चा है।

पिता-पुत्र के संयुक्त बैंक खाते से 2.46 लाख रुपए पार

सीमा सन्देश# सादुलपुर

साइबर ठगों ने सादुलपुर में एक पिता-पुत्र के संयुक्त बैंक खाते को निशाना बनाते हुए 2 लाख 46 हजार 856 रुपए की चपत लगा दी। ठगों ने महज एक दिन में आठ अलग-अलग यूपीआई ट्रांजेक्शन के जरिए खाते से रकम निकाल ली। पीड़ित को बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाने पर धोखाधड़ी का पता चला, जिसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई। थानाधिकारी राजेश सिंहाग के अनुसार, वार्ड नंबर 26 निवासी बंटी पुत्र डालूराम माली (29) का अपने पिता के साथ एचडीएफसी बैंक, राजगढ़ में संयुक्त खाता संचालित है। खाते से उसके पिता का मोबाइल नंबर भी जुड़ा हुआ है। बंटी ने पुलिस को बताया कि 10 नवंबर को बैंक खाते का स्टेटमेंट निकलवाने पर सामने आया कि 6 नवंबर को खाते से कई यूपीआई ट्रांजेक्शन किए गए हैं। इन आठ लेन-देन के माध्यम से कुल 2 लाख 46 हजार 856 रुपए निकाल लिए गए। आठ ट्रांजेक्शन में निकाली रकमः खाते से 25 हजार, 70 हजार 625, 25 हजार, 26 हजार 185, 34 हजार 933, 25 हजार, 15 हजार और 25 हजार 113 रुपए के अलग-अलग ट्रांजेक्शन किए गए। इस प्रकार ठगों ने कुल 2,46,856 रुपए खाते से पार कर दिए। साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर में शिकायतः पीड़ित बंटी ने धोखाधड़ी की शिकायत साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर में दर्ज करवाई। इसके बाद 11 नवंबर को राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर से जीरो नंबर एफआईआर राजगढ़ थाने को प्राप्त हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस विभिन्न यूपीआई ट्रांजेक्शन के माध्यम से रकम निकालने वाले खातों और साइबर ठगी में शामिल आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

वर्ग पहली क्रमांक 7977



बायें से दायें:- 1) निर्दय, 3) प्रायः, 6) चुलबुला, 7) ज़िद, 8) कीआ, 10) रोकने का प्रयत्न, 12) पिचका एवं सिकुड़ा हुआ, 15) महावर, 17) निरंकुश शासक, 19) आपस में, 20) नाड़ी, 21) कल्पना करनेवाला, 22) रोका गया, 23) जनेत, 25) एक पशु, 26) बदहाली, 27) कारण से.

ऊपर से नीचे:- 1) तर्कहीन 2) साहसी, 3) एक मेवा, 4) फ़ौज, 5) दया, 9) बनावट बात, 11) पकड़ना, 13) टिकाना, 14) विवाद, 16) तीता, 17) चांदनी, 18) ठाट-बाट, 21) बाँस की छड़ी, 23) विद्रोही, 24) उस समय, 25) शक्ति.

(उत्तरः अगले अंक में)

पिछली पहेली का उत्तर

दे	हा	व	सा	न	■	बे	ख़ा	ट	क
■	र	■	■	स	वा	ल	■	रु	
फ	ल	ना	फू	ल	ना	■	ल	व	ण
■	प	■	ती	त	र	■	च	■	
■	क	ठो	र	■	नी	म	■	न	
आ	ना	■	खा	फ़ा	■	ज़ा	न	का	र
स	■	ला	र	■	■	न	■	री	म
पा	रा	■	खा	रि	ज	■	ख़ा	■	पी
स	ह	दे	व	■	य	था	स	म	य

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता) 13 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ -

1898 - काली पूजा के अवसर पर पूज्य माता श्री शारदा देवी ने निवेदिता के विद्यालय का उद्घाटन किया।
1918 - ऑस्ट्रिया गणराज्य बना।
1950 - तिब्बत ने चीनी आक्रमण के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में अपील की।
1968 - पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो को गिरफ्तार किया गया।
1971 - अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा द्वारा भेजा गया यान मरीनर 9 मंगल ग्रह की कक्षा में पहुँचा। अमेरिकी विमान मैरिनर-9 ने मंगल ग्रह का चक्कर लगाया।
1975 विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एशिया के चेचक मुक्त होने की घोषणा की।
1985 - पूर्वी कोलंबिया में ज्वालामुखी फटने के कारण करीब 23,000 लोग मारे गए थे।
1997 - सुरक्षा परिषद ने इराक पर यात्रा प्रतिबंध लगाया।
1998 - चीन के विरोध के बावजूद दलाई लामा और अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने मुलाकात की।
2004 - अमेरिकी राष्ट्रपति बुश ने फि लिस्तीनी राष्ट्र के निर्माण के लिए चार साल का समय निर्धारित किया।
2005 - आतंकवाद के सफाये और दक्षिण कोरिया को विकसित आर्थिक विश्व के मानचित्र में शामिल करने के लिए क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने के भारत के आह्वान पर सहमति के साथ दक्षेस का 13वाँ शिखर सम्मेलन सम्पन्न।

कल क्या होगा

नई दिल्ली, 14 नवंबर (एनएनएस) शनिवार कार्तिक सुदी पंचमी को गेहूं, जौ, जई, मक्की, बाजरा, उड़द, तुवर, मोठ, काबुली चना, ग्वार, ग्वार गम, देशी चना, मटर, राजमा चित्रा, लौंग, तिल्ली, हल्दी, मगज तरबूज, चिरौंजी, कालीमिर्च, टिटेनियम डाइऑक्साइड, अजवायन, कलौंजी, जीरा, धनिया, जायफल, जावित्री, सीसा, अरंडी तेल में लाभ तथा बारीक चावल, मसूर, मल्का, मूंग, जावित्री, सरसों, सोयाबीन, बिनौला व इनके तेल, रीठा, जावित्री, अमचूर, किशमिश, राई, पोस्तादाना, इमली, दालचीनी, मखाना, कपास, पारा, मोम, मैंथा ऑयल, सोडाएश, टिन, निकिल, कॉपर, पीतल, गुड़, चीनी में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्रा विचार-पश्चिम दिशा की ओर 10.07 बजे पूर्वा के बाद यात्रा शुभ होगी।**

आज का राशिफल

13 नवम्बर शुक्रवार

श्रीचन्द शर्मा शास्त्री, श्री स.ध. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष चतुर्थी, नक्षत्र-मूल, योग-धृति, करण-वणिज, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.47 बजे, सूर्यास्त 5.48

ग्रह स्थिति : चन्द्रमा-धनु, सूर्य-तुला, गुरु, केतु-सिंह, शुक्र-कन्या, बुध-तुला, राहु-कुंभ, शनि-मीन, मंगल-कर्क राशि में संचार कर रहे हैं।

मेष : पारिवारिक जीवन में खुशनुमा माहौल रहेगा और घर में सकारात्मक ऊर्जा आएगी। खर्चों को कंट्रोल करें।

वृषभ: कारोबार में मेहनत का परिणाम मिलेगा और धन कमाने के मौके सामने आएंगे। ट्रांसफर की अच्छी खबर मिल सकती है।

मिथुन: प्रतिभा और विशेष हुनर अलग पहचान दिलाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि और रुका हुआ काम बन सकता है।

कर्क : किसी बड़े अधिकारी या पुराने मित्र से मुलाकात मन प्रसन्न रखेगी। सामाजिक क्षेत्र में लोगों पर भरोसा करने में थोड़ा सतर्क रहें।

सिंह: आर्थिक मजबूती और कारोबार में लाभ के योग हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

कन्या: मकान-दुकान का सुख मिल सकता है। अपने कामों में बारीकी पर ध्यान दें और जल्दबाजी से बचें।

तुला: रिश्तों पर ध्यान देने का दिन है। किसी छोटे से अच्छे हाव-भाव या उपहार से रिश्ता मजबूत होगा। लेन-देन में सावधानी बरतें।

वृश्चिक: धन-धान्य में वृद्धि होगी और वाणी-व्यवहार से सबका दिल जीतेंगे। बड़े पद या आकर्षक प्रस्ताव मिलने के योग हैं।

धनु: चंद्रमा के प्रभाव से पराक्रम और धन में बढ़ोतरी होगी। नई चीजें सीखने और रोमांचक अवसरों के लिए दिन अच्छा है।

मकर: आर्थिक योजनाएं और करियर के मामले में सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी। अनुशासन और निरंतरता से काम पूरे होंगे।

कुंभ: नए विचार और नेटवर्किंग से बेहतरीन अवसर हाथ लग सकते हैं। समान विचारधारा वाले लोगों से मिलना फायदेमंद रहेगा।

मीन: कारोबार में बरकत और आमदनी बढ़ने के संकेत हैं। लंबे समय से अटके कामों में तेजी आएगी और पारिवारिक मनमुटाव दूर होगा।


'अ जर्नी ऑफ लव' में किए गए उल्लेखों को लेकर भाजपा, कांग्रेस नेताओं और अन्य ने जताई आपत्ति

सोनिया गांधी की किताब पर सियासी घमासान

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का संस्मरण 'बिलॉन्गिंगः अ जर्नी ऑफ लव' जारी होते ही राजनीतिक विवादों में घिर गया है। किताब में इमरजेंसी, ऑपरेशन ब्लू स्टार, 1984 के सिख विरोधी दंगे, प्रणब मुखर्जी, बाबरी मस्जिद विध्वंस और अन्ना आंदोलन जैसे कई संवेदनशील मुद्दों पर सोनिया गांधी ने अपने अनुभव और विचार साझा किए हैं। हालांकि, इन दावों को लेकर भाजपा नेताओं के साथ-साथ कांग्रेस से जुड़े कुछ लोगों और अन्य सामाजिक हस्तियों ने भी सवाल उठाए हैं।

प्रणब मुखर्जी की प्रधानमंत्री बनने की इच्छा पर विवाद

सोनिया गांधी ने किताब में लिखा है कि 2010 में प्रणब मुखर्जी ने उनसे कहा था कि 'शायद शीर्ष स्तर पर बदलाव का समय आ गया है।' सोनिया ने इसे प्रणब मुखर्जी की प्रधानमंत्री बनने की इच्छा से जोड़ा। इस पर प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने सवाल उठाते हुए कहा कि महत्वाकांक्षी होना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपनी योग्यता और अनुभव के आधार पर मुकाम हासिल किया था। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी इसे निजी राय बताते हुए विवाद से बचने की बात कही।



सिख दंगों पर उठे सवाल

सोनिया गांधी ने लिखा कि 1984 के दंगों के दौरान सेना की तैनाती में देरी हुई और राजीव गांधी के मन में किसी समुदाय के प्रति द्वेष नहीं था। इस दावे पर वरिष्ठ वकील एचएस फुल्का, भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा और हरसिमरत कौर बादल ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि दंगों की जिम्मेदारी तय करने और प्रशासनिक भूमिका को लेकर किताब में तथ्यों को सही तरीके से नहीं रखा गया है।

ब्लू स्टार, इमरजेंसी पर घिरीं

सोनिया गांधी ने लिखा कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद इंदिरा गांधी स्वर्ण मंदिर और अकाल तख्त की स्थिति देखकर दुखी थीं। इस पर भाजपा नेताओं ने सवाल उठाते हुए कहा कि कार्रवाई का निर्णय तत्कालीन सरकार ने लिया था। इमरजेंसी को लेकर सोनिया ने इसे गलती बताया और संजय गांधी की भूमिका का उल्लेख किया। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि इससे जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों को अलग तरीके से पेश किया गया है।

बाबरी मस्जिद, अन्ना आंदोलन और नीतीश पर भी विवाद

सोनिया गांधी ने बाबरी मस्जिद विध्वंस का जिक्र करते हुए राजीव गांधी की भूमिका और भाजपा-आरएसएस पर टिप्पणी की। भाजपा नेताओं ने इसे तुष्टीकरण की राजनीति बताया। वहीं, अन्ना हजारे ने उस दावे को खारिज किया जिसमें आंदोलन को भाजपा और आरएसएस के समर्थन से जोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि आंदोलन किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ था। नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन से अलग होने के उल्लेख पर जदयू नेताओं ने भी आपत्ति जताई और इसे गलत चित्रण बताया। इस तरह सोनिया गांधी का संस्मरण कई ऐतिहासिक और राजनीतिक मुद्दों पर नई बहस का केंद्र बन गया है।

जैन कन्या महाविद्यालय में संगीत परीक्षा 15 नवम्बर को

सीमा सन्देश# श्रीगंगानगर। सांस्कृतिक सहयोग समिति, श्रीगंगानगर के तत्वावधान में अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई द्वारा नवंबर-दिसंबर 2026 में आयोजित विभिन्न लिखित संगीत परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। केंद्र व्यवस्थापक डॉ. अंजू बोरड ने बताया कि संगीत की लिखित परीक्षाएं 15 नवंबर, रविवार को श्री आत्मवल्लभ जैन कन्या महाविद्यालय, श्रीगंगानगर में आयोजित की जाएंगी। क्रियात्मक परीक्षाएं 26 दिसंबर तक कभी भी आयोजित की जा सकती है। परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार प्रथम पारी में प्रातः 9 से 12 बजे तक प्रवेशिका पूर्ण, मध्यमा प्रथम एवं पूर्ण (गायन, वादन एवं कथक नृत्य) तथा विशारद का प्रथम पेपर (गायन, वादन एवं कथक नृत्य) होगा। द्वितीय पारी में अपराह्न 2 से सायं 5 बजे तक प्रवेशिका पूर्ण, मध्यमा प्रथम एवं पूर्ण (तबला) तथा विशारद का द्वितीय पेपर आयोजित किया जाएगा। केंद्र व्यवस्थापक डॉ. अंजू बोरड ने बताया कि समस्त परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र प्राप्त हो चुके हैं। जिन विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हुआ है, वे केंद्र व्यवस्थापक से संपर्क कर सकते हैं।

ब्रिटिश कारों के आयात के लिए आवेदन शुरू, 21 नवंबर अंतिम तिथि

नई दिल्ली। भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) के तहत ब्रिटेन से कारों के आयात के लिए सरकार ने टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था लागू करते हुए आवेदन आमंत्रित किए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अधीन विदेश व्यापार महानिदेशालय ने वित्त वर्ष 2027 के लिए 6 से 21 नवंबर 2026 तक आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की है। डीजीएफटी के अनुसार, 1,500 सीसी तक की कारों के लिए 6,000 यूनिट, 1,500 से 3,000 सीसी पेट्रोल कारों के लिए 6,000 यूनिट, बड़ी और लक्जरी कारों के लिए 12,500-12,500 यूनिट तथा अन्य मोटर वाहनों के लिए 2,750 यूनिट का कोटा तय किया गया है। इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन ईंधन वाहनों को इस व्यवस्था से बाहर रखा गया है। टैरिफ रेट कोटा ऐसी व्यवस्था है, जिसके तहत निर्धारित सीमा तक आयात पर रियायती शुल्क का लाभ मिलता है, जबकि कोटा समाप्त होने के बाद सामान्य शुल्क लागू होता है। सरकार का मानना है कि यह व्यवस्था भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते को गति देने के साथ ऑटोमोबाइल क्षेत्र में कारोबार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगी। इच्छुक आयातकों को 21 नवंबर तक विदेश व्यापार नीति-2023 के प्रावधानों के तहत आवेदन करना होगा।

आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई और नेस्ले इंडिया समेत कई कंपनियों में हिस्सेदारी घटाई

एलआईसी ने एलएंडटी, रिलायंस और एयरटेल में बढ़ाई हिस्सेदारी

नई दिल्ली।

देश की सबसे बड़ी घरेलू संस्थागत निवेशक भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने सितंबर 2026 तिमाही में अपने इक्विटी पोर्टफोलियो में बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी), रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल समेत कई प्रमुख कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाई, जबकि आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और नेस्ले इंडिया सहित कई शेयरों में निवेश घटाया। 30 सितंबर तक एलआईसी के इक्विटी पोर्टफोलियो का मूल्य 15.49 लाख करोड़ रुपये रहा।

रिलायंस, एलएंडटी और एयरटेल पर भरोसा

तिमाही के दौरान एलआईसी ने एलएंडटी के 4,153 करोड़ रुपये, रिलायंस इंडस्ट्रीज के 3,967 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल के 3,878 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। इसके अलावा मारुति सुजुकी इंडिया में 2,968 करोड़ रुपये का निवेश किया। एनटीपीसी, पावर ग्रिड, आयशर मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन में भी हिस्सेदारी बढ़ाई गई। इन 10 कंपनियों में एलआईसी ने कुल 29,910 करोड़ रुपये का निवेश किया।



किन कंपनियों में घटाई हिस्सेदारी

एलआईसी ने सबसे अधिक बिकवाली आईसीआईसीआई बैंक में की, जहां लगभग 4,453 करोड़ रुपये मूल्य के 3.16 करोड़ शेयर बेचे गए। एसबीआई में करीब 3,209 करोड़ रुपये, नेस्ले इंडिया में 2,623 करोड़ रुपये और डिवीज लैब में 2,095 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। इसके अलावा टेक महिंद्रा, जायडस लाइफसाइंसेज, हिंदुस्तान जिंक, कोल इंडिया, टाटा मोटर्स और बीएसई में भी हिस्सेदारी कम की गई। इन 10 कंपनियों में कुल 22,643 करोड़ रुपये की बिकवाली की गई।

पोर्टफोलियो में कौन सबसे ऊपर

हालांकि कुल इक्विटी पोर्टफोलियो पिछली तिमाही की तुलना में लगभग 4.97 प्रतिशत घटा है, लेकिन एलआईसी नेट खरीदार बनी रही। इक्विटी निवेश के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज अब भी एलआईसी की सबसे बड़ी होल्डिंग है, जिसमें उसकी हिस्सेदारी का मूल्य करीब 1.12 लाख करोड़ रुपये है।

एलआईसी की प्रमुख निवेश वाली कंपनियों में आईडीबीआई बैंक, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस, आईटीसी, एलएंडटी, इन्फोसिस, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और अन्य बड़ी कंपनियां शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि एलआईसी की यह रणनीति दीर्घकालिक विकास क्षमता वाली कंपनियों पर उसके बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

श्रीगंगानगर जिला

श्रीगंगानगर : मूंग 8371-7500 (आ. 847 क्विं.), ग्वार 8000-7300 (आ. 143 क्विं.), नरमा 9071-8201 (आ. 1647 क्विं.), सरसों 8400-7800 (आ. 42 क्विं.), कपास 8961-8100 (आ. 20 क्विं.), गेहूं 2695 (आ. 20 क्विं.), अरण्डी 7850 (आ. 10 क्विं.), मक्का 2871 (आ. 15 क्विं.), बाजरा 2725 (आ. 50 क्विं.), **जैतसर :** सरसों 8395-7882, मूंग 8512, बाजरी 2713-2500, ग्वार 8162-7852, नरमा 9155-8450, कपास 8600, जौ 2961, धान 4515-3660, **घड़साना :** मूंग 8640-6405, नरमा 8890-8650, सरसों 8852-8428, ग्वार 8205-7395, मूंगफली 7051-6900, **गजसिंहपुर :** ग्वार 7925-7500, सरसों 8570, मूंग 8265-7300, बाजरा 2690, नरमा 8986-8500, कपास 8516, जौ 2751-2590, **रायसिंहनगर:** सरसों 8850, गेहूं 2700-2600, मूंग 8526-7700, नरमा 9017-8400, कपास 8551, ग्वार 8201-6500, बाजरी 2863-2700, **करणपुर :** नरमा 8934-8800, कपास 8585, ग्वार 7946-7939, बाजरा 2845, मूंग 8325-8296, **श्रीविजयनगर :** नरमा 9098-8475, ग्वार 8171-7900, मूंग 8357-8100, बाजरी 27434-2700, कपास 8600-8581, गेहूं 2741, धान 4411-3350, **अनूपगढ़ :** नरमा 9061-8600, धान 4700-3900, मूंग 8450-7800, ग्वार 8151-7800, सरसों 8462-7500, बाजरा 2805-2777, गेहूं 2700,

किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1850, गट गोला 425 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1500, आटा (45 किग्रा.) 1460, सूजी 1620, बेसन 9000, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 9800, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11300-11800, अरहर दाल 13500-14500, दाल मसूर 7800, दाल चना 8600, देशी चना 8800, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5700, गुड़ पेड़ी 5600, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 5900, चीनी महाराष्ट्र 5900-6000, चीनी एल 6450, चीनी एस 6000, चीनी गंगानगर।

तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 155-170 रु., तेल रिफाइंड 148-160 रु. प्रति लीटर, घी देशी : 10300-11000 रु.(15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

हनुमानगढ़ जिला

हनुमानगढ़ जं.: कपास 8700, नरमा व्यापारी 8826, बाजरा 2571, ग्वार 7980, मूंग व्यापारी 7750, धान पीआर व्यापारी 2101, धान मुछल 4475, धान 1509-3905 , **डबली राठान:** नरमा व्यापारी 8300, ग्वार 7800, धान पीआर व्यापारी 2250, धान मुछल 4385 **हनुमानगढ़ टा.:** कपास 8700, नरमा व्यापारी 8945, बाजरा 2610, ग्वार 7900, मूंग व्यापारी 7670, धान पीआर व्यापारी 2300, धान मुछल 4700, धान 1509-4245, **रावतसर:** कपास 8411, नरमा व्यापारी 8811, गेहूं व्यापारी 2740, बाजरा 2600, ग्वार 8180, चना व्यापारी 7240, मूंग व्यापारी 8250, मोठ 8600, सरसों व्यापारी 8515, तिल 18100, मूंगफली व्यापारी 7201, **नोहर:** जौ 3100, ग्वार 7850, मूंग व्यापारी 8055, मोठ 8450, तिल 21900, मूंगफली व्यापारी 7550, **संगरिया:** नरमा व्यापारी 8700, गेहूं व्यापारी 2611, बाजरा 2700, ग्वार 7895, मूंग व्यापारी 7210, सरसों व्यापारी 8523, मक्का 2861, धान पीआर व्यापारी 2240, **गोलूवाला:** नरमा व्यापारी 8900, गेहूं व्यापारी 2589, बाजरा 2663, ग्वार 7811, चना व्यापारी 6776, मूंग व्यापारी 8240, सरसों व्यापारी 8557, **पीलीबंगा:** कपास 9090, नरमा व्यापारी 8250, बाजरा 2614, ग्वार 8072, धान पीआर व्यापारी 2450, धान 1509-4200

गंगनहर का वरीयताक्रम

13 नवम्बर 2026, शुक्रवार [सम्भावित]



पेयजल व छीजत 250		खुलने का समय	बंद होने का समय
समेजा	452 (7)	07 नवम्बर दोपहर 12 बजे	15 नवम्बर प्रातः 3 बजे
आरबी	722 (5)	09 नवम्बर दोपहर 12 बजे	17 नवम्बर प्रातः 3 बजे
एचएच	757 (4)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
रिडमलसर	768 (4)	10 नवम्बर प्रातः 6 बजे	17 नवम्बर सायं 3 बजे
फार्म	829 (4)	10 नवम्बर रात्रि 9 बजे	18 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जीजी	1030 (3)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
हिरणांवाली	1052 (3)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
नेतेवाला	1073 (3)	11 नवम्बर प्रातः 9 बजे	18 नवम्बर सायं 6 बजे
एमएल	1133 (3)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
एमएलए	1174 (3)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	18 नवम्बर रात्रि 12 बजे
करणीजी	1504 (2)	11 नवम्बर प्रातः 3 बजे	19 नवम्बर रात्रि 9 बजे
एफ	2007		
केके	2020		
ईईए	2080		
एलएनपी	2357		
पीएस	2517		11 नवम्बर दोपहर 12 बजे
एच	2824		11 नवम्बर प्रातः 9 बजे
बीआईएफ+जे	2865		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
डी-भागसर	2883		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
जैड	3038		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
वाई	3069		11 नवम्बर प्रातः 6 बजे
बीबी	3267		08 नवम्बर सायं 6 बजे
एमके	3365		08 नवम्बर दोपहर 12 बजे

नोट : गंगनहर में गुरुवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1628 क्यूसेक।

इन्दिरा गांधी नहर

इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति

मसीतांवाली	6975	साहवा	400
आरडी-496	एनएम	अनूपगढ़	निल
एनडी	निल	कंवरसैन	182
रावतसर	55	बिरधवाल हैड से नीचे	4354
सूरतगढ़	1860		
जोरावरपुरा	50		
खेतेवाली	72		

गुरुवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।

बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 12.11.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति

भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1631.93
पानी की आवक - 5461 क्यूसेक, निकासी- 9600 क्यूसेक।

पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 135275
पानी की आवक- 2687 क्यू., निकासी- 12189 क्यू., बीकानेर - 2040

सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200

भाखड़ा वरीयताक्रम

13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक रहेगा प्रभावी

मोरजंडा	263	रोड़ांवाली	1189
रतनपुरा	275	नवां-सतीपुरा	1200
नाथवाना	306	संगरिया	1206
प्रतापपुरा	481	भगतपुरा	1244
हरिपुरा	494	सूरतगढ़	1364
दीनगढ़	507	नगराना	1372
सूरतपुरा	516	लीलांवाली	1612
मोडिया	721	भाखरांवाली	1617
लोंगवाला	866	करनीसिंह	1947
पीलीबंगा	1081	मम्मड़खेड़ा	2142
अमरपुरा	1176	जोड़कियां	2222

मुनाफा वसूली के दबाव में शेयर बाजार की तेजी शांत

मुंबई, (वार्ता) स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को आईटी, आटो और रोजमर्रा के उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में मुनाफा वसूली की बिकवाली के दबाव के बीच तेजी बरकरार रही और प्रमुख सूचकांक हल्की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 31.61 अंक की हल्की तेजी से 81,911.01 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 भी 44.30 अंक की बढ़त से 25,299 . 35 पर बंद हुआ। सेसेंक्स के 30 में से एक तिहाई शेयर आज लाभ में और दो तिहाई गिरावट के साथ बंद हुए। लाभ में रहे शेयरों में बजाज फाइनेंस, एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक लाभ में रहा। अडाणी पोर्ट बजाज फिनसर्व, इटर्नल, अडाणी पोर्ट, एचडीएफसी बैंक और कोटक बैंक भी लाभ में रहे। हिंदुस्तान लीवर में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गयी। टीसीएस, महिंदा एंड महिंदा, आईटीसी , पावर ग्रिड, टाइटन और एनटीपीसी जैसे प्रमुख शेयर भी घाटे में बंद हुए। बाजार की आगे की दिशा विदेशी निवेशकों की लगातार खरीदारी, महंगाई के रुझान और इस बात पर निर्भर करेगी कि वित्तीय क्षेत्र के शेयरों में तेजी का दायरा बढ़ता है या नहीं और क्या शेयरों के मूल्यांकन अत्यधिक महंगे होने से बचते हैं।

मिर्जावाली मेर में नशामुक्त चुनाव प्रचार बना चर्चा का विषय

निर्दलीय बिगाड़ सकते हैं दिग्गजों का गणित, जिला परिषद जोन 23 और पंचायत समिति ब्लॉक 9 में बहुकोणीय मुकाबला, कहीं किसान नेता बलवान पूनिया की सभा तो कहीं कांग्रेस की तिरंगा यात्रा से तेज हुआ चुनाव प्रचार

सीमा सन्देश # मिर्जावाली मेर। पंचायती राज चुनाव को लेकर मिजार्वाली मेर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। इस बार क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान नशामुक्त और प्रलोभन रहित चुनाव का संदेश चर्चा का विषय बना हुआ है। अब तक के चुनाव प्रचार में किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने और नशा वितरण नहीं करने की बात सामने आई है। इसके चलते क्षेत्र में चुनावी माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है। वहीं, विभिन्न राजनीतिक दलों और निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में होने से मुकाबला रोचक होता जा रहा है।



जिला परिषद जोन 23 में चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

जिला परिषद के जोन संख्या 23 से भाजपा, कांग्रेस, बसपा और निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भाजपा ने रजनीश कंस्वा, कांग्रेस ने समेस्त भिडासरा, बसपा ने दशरथ तथा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में राधेश्याम सारण को मैदान में उतारा है। चार प्रत्याशियों के बीच मुकाबले में निर्दलीय प्रत्याशी राजनीतिक दलों के चुनावी समीकरण प्रभावित कर सकते हैं। सभी प्रत्याशी अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

ब्लॉक संख्या 9 में भाजपा का प्रत्याशी नहीं, त्रिकोणीय मुकाबले के आसार : मिजार्वाली मेर क्षेत्र के पंचायत समिति ब्लॉक संख्या 9 में भी चुनावी मुकाबला दिलचस्प बना हुआ है। यहां कांग्रेस से कृष्णलाल गोदारा, माकपा से रणवीर कुलड़िया, लोकतांत्रिक पार्टी से भूप सिंह लखेश्वर और निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लालचंद वर्मा चुनाव मैदान में हैं। इस ब्लॉक में भाजपा ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। ब्लॉक पर कब्जा जमाने के लिए माकपा की ओर से किसान नेता बलवान पूनिया ने चुनावी सभा की। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में पार्टी कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकालकर मतदाताओं से पक्ष में मतदान करने की अपील की। दोनों दलों ने अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

जोन 24 में भाजपा-कांग्रेस की प्रतिष्ठा दांव पर

नजदीकी जिला परिषद जोन संख्या 24 में भाजपा और कांग्रेस के बीच प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबला माना जा रहा है। इस सीट पर दोनों प्रमुख दलों ने महिला प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा ने महिला नेत्री गुलाब सिमर और कांग्रेस ने शबनम गोदारा को प्रत्याशी बनाया है। खास बात यह है कि दोनों प्रत्याशी संगरिया विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव भी लड़ चुकी हैं। ऐसे में इस सीट पर मुकाबला और अधिक रोचक हो गया है। दोनों दलों के लिए यह सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है।

सीएम शर्मा ने विधायक चाचाण के ताऊजी के निधन पर जताई संवेदना

सांत्वना संदेश भेजकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए की प्रार्थना

सीमा सन्देश # नोहर। विधायक अमित चाचाण के ताऊजी स्व. मोडूराम चाचाण के निधन पर शोक प्रकट करने वालों का तांता लगा हुआ है। विभिन्न राजनीतिक दलों के राज्य व राष्ट्रीय नेताओं ने मोडुराम चाचाण के निधन पर शोक प्रकट किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मोडुराम चाचाण के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की है। दोनों नेताओं द्वारा अलग-अलग भेजे गए सांत्वना संदेश में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने शोक संदेश में लिखा कि मोडूराम चाचाण के निधन का समाचार जानकर मन को गहरा आघात पहुंचा। यह क्षति अपूरणीय है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधायक अमित चाचाण को भेजे पत्र में ताऊजी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिवारजनों को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की कामना की। इसके अलावा ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बेनीवाल,कालावाली के विधायक शिशपाल केहरवाला, पुर्व विधायक अभिषेक मटोरिया, डबवाली के पूर्व विधायक अमित सिहाग आदि में विधायक निवास पहुंचकर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की।



पुलिस-प्रशासन अलर्ट, टिब्बी क्षेत्र के गांवों में निकाला फ्लैग मार्च

कुलचंद्र, सुरेवाला, 13 सीडीआर, पीरकामड़िया व पन्नीवाली में मार्च कर मतदाताओं को दिया निर्भीक मतदान का संदेश

सीमा सन्देश # टिब्बी। पंचायती राज चुनावों के मद्देनजर क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। गुरुवार शाम को इसी क्रम में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कुलचंद्र, सुरेवाला, 13 सीडीआर, पीरकामड़िया और पन्नीवाली गांवों में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में एसडीएम बाबूलाल रेंगर, तहसीलदार हरीश सारण,डीएसपी शंकरलाल छाबा एवं टिब्बी थाना प्रभारी सुरेश मील सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। साथ ही मतदाताओं को बिना किसी भय, दबाव या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का संदेश दिया। गौरतलब है कि हनुमानगढ़ जिले में 14 नवंबर को जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए मतदान होगा, जबकि 16 नवंबर को सरपंच एवं वार्ड पंच पदों के लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।



बीपीएल-7 के दूसरे दिन टीमों ने जीत के लिए झोंकी ताकत

नशा मुक्त हनुमानगढ़ थीम पर मैदान में उतरे खिलाड़ी, 12 टीमों के 244 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। भटनेर किंग्स क्लब की ओर से आयोजित भटनेर प्रीमियर लीग (बीपीएल-7) के दूसरे दिन वीरवार को छह रोमांचक मुकाबले खेले गए। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में 12 टीमों के 244 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस बार प्रतियोगिता की थीम नशा मुक्त हनुमानगढ़ रखी गई है। इसके माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों से जुड़ने और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया जा रहा है। दूसरे दिन के पहले मुकाबले में आशीष एंड सरपंच किंग्स ने राज नंदा एंड करण हिमालयन टाइटंस को 42 रन से हराया। इस जीत के साथ आशीष एंड सरपंच किंग्स ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में लेखराज एंड कपिल स्ट्राइकर्स ने गोपाल एंड विशाल वॉरियर्स को 9 विकेट से पराजित किया। टीनू मैन ऑफ द मैच रहे। तीसरे मुकाबले में सतनाम एंड ऋषभ स्मैशर्स ने इंद्र एंड सत्ती शार्क्स को 30 रन से हराया। बादशाह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। चौथे मुकाबले में गिल्होत्रा एंड गौरव हॉक्स ने अनिल एंड प्रगट चीताज को 7 विकेट से शिकस्त दी। संदीप रोड़ांवाली मैन ऑफ द मैच रहे। पांचवें मुकाबले में महक एंड खुशनीत टाइगर्स ने कुलभूषण एंड हरि वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया। खुशनीत को मैन ऑफ द मैच चुना गया। छठे मुकाबले में विशाल एंड सोनू फायरबर्ड्स ने कत्याल एंड संदीप रॉयल्स को 2 विकेट से हराकर जीत हासिल की। रमन बिजारणिया मैन ऑफ द मैच रहे।



दूसरे दिन के मुकाबलों में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक आयुक्त, राज्य कर विभाग, श्रीगंगानगर रवि दाधीच ने कहा कि बीपीएल-7 खेलों के साथ सामाजिक जागरूकता का भी सशक्त मंच है। नशा मुक्त हनुमानगढ़ थीम के माध्यम से युवाओं को खेलों से जोड़कर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का संदेश दिया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि लेखराज गिरधर, पार्षद प्रतिनिधि गजेंद्र दाधीच तथा कॉन्सेप्ट क्लासेज निदेशक सतनाम सिंह मौजूद रहे। पांच दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 12 टीमें प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए मुकाबला कर रही हैं। 15 नवम्बर को फाइनल मैच के साथ बीपीएल-7 के विजेता का फैसला होगा। कार्यक्रम में क्लब संरक्षक आशीष विजय, अध्यक्ष कुलभूषण जिंदल, कोषाध्यक्ष दारा सिंह, हरि चारण, कपिल गोयल, एडवोकेट गणेश गिल्होत्रा, सतविंद्र सिंह सत्ती, विशाल मुदगिल, विशाल छाबड़ा, महक गर्ग, राज नंदा, गौरव बेनीवाल, प्रगट सिंह, अनिल नैन, खुशनीत सिंह, संदीप चौधरी, सोनू गजरा, मनप्रीत सिंह, शुभम कत्याल, गोपाल राम, इंद्र सिंधी, करण गर्ग और ऋषभ शर्मा सहित क्लब के अन्य सदस्य, टीम कप्तान एवं मेंटर्स मौजूद रहे।

ज्वेलरी शोरूम लूट का खुलासा, दिल्ली से आरोपी गिरफ्तार

कर्ज उतारने के लिए रची थी साजिश, चाकू दिखाकर 35 लाख के गहने लूटे

जयपुर। वैशाली नगर स्थित ज्वेलरी शोरूम में हुई करीब 35 लाख रुपये के गहनों की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में आरोपी दिग्विजय सिंह (32) को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी कर्ज में डूबा हुआ था और कर्जा चुकाने के लिए उसने वारदात की योजना बनाई थी। जयपुर पश्चिम के डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि 10 नवंबर को सीरियस ज्वेलरी शोरूम में आरोपी ने चाकू दिखाकर सिक्योरिटी गार्ड और महिला कर्मचारी को धमकाया था। इसके बाद वह सात गले के हार और 31 अंगूठियां लेकर फरार हो गया था। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने शोरूम और आसपास के 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और सूचना तंत्र की मदद से आरोपी की पहचान की गई। पुलिस को पता चला कि वह लूट का माल बेचने के लिए दिल्ली गया है, जहां से टीम ने उसे दबोच लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पहले कॉरपोरेट क्षेत्र में नौकरी करता था और विदेश में भी काम कर चुका है। नौकरी छूटने के बाद आर्थिक संकट में फंस गया था। फिलहाल पुलिस उससे लूटे गए गहनों की बरामदगी को लेकर पूछताछ कर रही है।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : भू.अ./वसीयत/4070 दिनांक : 02/11/2026

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है श्री वेगाराम पुत्र श्री दानाराम जाति नायक निवासी 69 आरबी तहसील रायसिंहनगर ने अपनी भूमि चक 69 आरबी के मु.नं. 46 कुल रकबा 3.162 हेक्ट. में से 0.452 हैक्ट. भूमि की वसीयत श्री मुनीराम बीरचन्द पुत्रगण श्री मनफूलराम जाति नायक निवास 69 आरबी तहसील रायसिंहनगर के पक्ष में दिनांक 19.12.2001 को वसीयत करवाई है उक्त वसीयत श्री प्रेम चन्द बंसल एडवोकेट व नोटेरी रायसिंहनगर द्वारा दिनांक 19.12.2001 को प्रमाणित है। वसीयतकर्ता की मृत्यु, मुताबिक मृत्यु प्रमाण-पत्र दिनांक 05.09.2008 को चुकी है। प्रकरण संख्या 47/2026 दर्ज रजिस्टर किया है। उक्त वसीयत के अनुसार रिकॉर्ड में अमल दरामद कराने का प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में विचाराधीन है। इस वसीयत के अमल-दरामद के विषय में जिस किसी को भी एतराज हो तो सुचना के प्रकाशित होने की दिनांक से 15 दिनों के भीतर कार्यालय समय पर स्वयं या मार्फत वकील उपस्थित आकर अपनी आपत्ति पेश कर सकते है। बाद गुजरने मियाद उज्र मान्य नहीं होगा व नियमानुसार एक तरफा कार्यवाही कर प्रकरण के निस्तारण किया जा सकेगा। नोटिस आज दिनांक मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी किया गया।

-तहसीलदार (भू.अ.) रायसिंहनगर

मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन, राजनीतिक दलों को सौंपे गए सेट

पात्र युवाओं के नाम जुड़वाने और त्रुटियों में सुधार करवाने के लिए किया जागरूक



सीमा सन्देश # नोहर। विधानसभा क्षेत्र नोहर में फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन को लेकर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची के सेट वितरित किए गए। बैठक में मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से सूची का बारीकी से अवलोकन करने तथा पात्र मतदाताओं के नाम जुड़वाने के साथ नाम, फोटो और अन्य विवरणों में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर नियमानुसार सुधार करवाने की अपील की। बैठक में विशेष रूप से नए पात्र युवा मतदाताओं को सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। साथ ही ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने का आग्रह किया गया, जो पात्र होने के बावजूद अब तक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज नहीं करवा पाए हैं। अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की कि वे प्रारूप मतदाता सूची में अपना नाम और अन्य विवरण अवश्य जांच लें। किसी प्रकार की गलती या नाम छूटने की स्थिति में संबंधित बीएलओ अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर नियमानुसार दावा-आपत्ति प्रस्तुत करें। बैठक में संबंधित अधिकारी एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

अपनी क्षमता बढ़ाए सेना : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बदलती युद्ध तकनीक और नए सुरक्षा खतरों के बीच भारतीय सशस्त्र बलों को अपनी आक्रामक व रक्षात्मक क्षमताएं मजबूत करनी होंगी। वायुसेना कमांडरों के सम्मेलन में उन्होंने खुफिया निगरानी, तकनीकी श्रेष्ठता और तीनों सेनाओं के बेहतर तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने ड्रोन, साइबर, इलेक्ट्रॉनिक और अंतरिक्ष युद्ध की चुनौतियों से निपटने की तैयारी तेज करने को कहा।

मासिक बैठक में तैयारियों पर हुआ मंथन, शैक्षिक समस्याओं और संगठनात्मक मुद्दों पर भी की चर्चा

जिला महिला सम्मेलन 15 नवम्बर को, महिला शिक्षिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान (विद्यालय शिक्षा), खंड हनुमानगढ़ की मासिक बैठक गुरुवार को जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 15 नवम्बर को जंक्शन स्थित जांगिड़ धर्मशाला में होने वाले जिला महिला सम्मेलन की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में अधिकाधिक महिला शिक्षिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आयोजन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपने पर चर्चा हुई। खंड मंत्री रामकुमार ने बताया कि बैठक में जिला महिला सम्मेलन की कार्ययोजना, आवश्यक व्यवस्थाओं और आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने सम्मेलन के तीन सत्रों की संरचना से अवगत करवाया। उन्होंने सम्मेलन में महिला शिक्षिकाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को व्यक्तिगत संपर्क करने का आह्वान किया। साथ ही जिले की अधिकाधिक महिला शिक्षिकाओं को सम्मेलन से जोड़ने पर जोर दिया। जिला महिला मंत्री उषा रानी ने संगठन की आगामी गतिविधियों, महिला शिक्षिकाओं को संगठन से जोड़ने तथा उनकी शैक्षिक



आगामी राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की जानकारी देते हुए इसमें हिस्सा लेने वाले सदस्यों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। प्रदेश उपाध्यक्ष अतर सिंह ने संगठन के विभिन्न आयामों और प्रकोष्ठों की जानकारी देते हुए संगठनात्मक विस्तार के पहलुओं पर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा जगत में महिला शिक्षिकाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और सक्रिय सहभागिता से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिल सकती है। जिला महिला अध्यक्ष ममता कौशिक ने एवं सामाजिक भूमिका को प्रभावी बनाने की आवश्यकता बताई। वरिष्ठ सदस्य अश्विनी शर्मा ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने जिला महिला सम्मेलन को सार्थक एवं प्रभावी बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों को जरूरी बताया।

शिक्षा एवं शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर भी हुई चर्चा : बैठक में विभिन्न शैक्षिक एवं शिक्षक हितों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इनमें बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन मानदेय बढ़ाने, वोकेशनल शिक्षकों के मानदेय में वृद्धि, व्याख्याता पदों का सृजन, यथास्थान उपप्राचार्य एवं प्राचार्य पदस्थापन तथा विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति राशि बढ़ाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। बैठक में महिला उपाध्यक्ष ममता, नीतू कत्याल, तरुणा शर्मा, प्रियंका शर्मा, प्रेम कुमार, चेतराम मीणा, श्योकत, यशपाल सिंह, प्रीतपाल, हरीश कुमार, मनीष कुमार, वरुण तिवाड़ी, पारस सुथार, राजेंद्र कुमार, हरिकृष्ण सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर पश्चिम रेलवे, बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से बीकानेर मण्डल पर पार्किंग के ठेको के लिए ई-ऑक्शन प्रारम्भ किये गये है जिनका विवरण निम्न प्रकार है :- **कैटलॉग संख्या:** EA Parking 17, **कार्य का नाम व स्थान:** 1. पार्किंग - (iii) लालगढ़ स्टेशन (LGH) के प्रथम व द्वितीय प्रवेश द्वार पर दोपहिया व चारपहिया पार्किंग स्टैंड, (iv) रायसिंहनगर (RSNR) स्टेशन पर दोपहिया और चारपहिया पार्किंग स्टैंड, **ई-आक्शन की दिनांक व समय:** दिनांक 20.11.26 समय 10:00 बजे ई-ऑक्शन होगा । अन्य सूचना एवं नियम व शर्तों के लिये IREPS की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉगिन करे।

1624-PS/26

फॉलो करें NWRailways NWRailways_ पर

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
कमांक :- नियोजन/2026/1409-1410 **विज्ञप्ति** दिनांक : 12.11.2026

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 18/19 के किला नं. 01 में भूखण्ड माप 1002.22 वर्गगज का उपजिलाधीश (भू.प्र.) श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा संख्या 342 दिनांक 01.04.1988 द्वारा श्री संजय सेठी पुत्र श्री वेदप्रकाश सेठी के नाम से जारी है। पट्टाधारक द्वारा उक्त मूल भूखण्ड में से माप 27'-6" गुणा 65'-0" फीट पश्चिम दिशा में खुलता हुआ जरिये रजिस्ट्री आरती पुत्री श्री बीचन्द को विक्रय किया गया। भूखण्डधारक आरती पुत्री श्री बीचन्द द्वारा जरिये रजिस्ट्री श्री हितेन्द्र कुमार पुत्र श्री दरा सिंह व श्रीमती लता पत्नी श्री हितेन्द्र कुमार को विक्रय किया गया। श्री हितेन्द्र कुमार व श्रीमती लता द्वारा जरिये रजिस्ट्री श्री कालाराम पुत्र श्री सवनदास को विक्रय किया गया। श्री कालाराम द्वारा जरिये रजिस्ट्री श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार को विक्रय किया गया।भूखण्डधारक श्रीमती सुमित्रा देवी पत्नी श्री सुरेश कुमार (मृत्यु दिनांक 23.12.2023) जरिये रजिस्टर्ड दस्तावेज दस्तबर्दारी जरिये वसियतों द्वारा श्री सुरेश कुमार कंसल पुत्र श्री राम निवास कंसल, गिरीश कंसल पुत्र श्री सुरेश कंसल, रोतू गुप्ता पुत्री श्री सुरेश कंसल पत्नी श्री रजनीश गुप्ता, श्री ललित कुमार कंसल पुत्र श्री सुरेश कंसल द्वारा संयुक्त रूप से उक्त भूखण्ड का स्वामित्व हक परिवाम करते हुवे वारिस श्री राजेश कुमार कंसल पुत्र श्री सुरेश कुमार कंसल के हक में किया है।आवेदक / भूखण्डधारक श्री राजेश कुमार कंसल पुत्र श्री सुरेश कुमार कंसल द्वारा उक्त वर्णनानुसार भूखण्ड माप 27'-6" गुणा 65'-0" फीट (अर्थात मूल भूखण्ड का हिस्सा) का ऑनलाइन प्रकरण संख्या SGNR/FY26-27/SRA/66 दिनांक 23.10.2026 द्वारा उपविभाजन हेतु आवेदन उपरान्त न्यास सर्वेयर / कनिष्ठ अभियन्ता से प्राप्त रिपोर्ट अनुसार आवेदक भूखण्ड ग्राउण्ड फ्लोर तक निर्मित है एवं उपर एक कमरा बना है, अनुसार उपविभाजन / पुनर्गठन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णनानुसार उपविभाजन / पुनर्गठन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। 07 दिवस पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- प्रभारी अधिकारी, सहायक नगर नियोजक, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

यूको बैंक सम्मान आपके विश्वास का (भारत सरकार का उपक्रम) **UCO BANK** Honours Your Trust (A Govt. of India Undertaking)
शाखा: स्टेशन रोड़ हनुमानगढ़ मो. 9414345320
ईमेल : hagarh@uco.bank.in

अतिआवश्यक सूचना

यूको बैंक, शाखा स्टेशन रोड़ हनुमानगढ़ के सभी खाता धारकों एवं लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि उक्त शाखा शीघ्र ही अपने वर्तमान पते (एनएम पीजी कॉलेज, नई आबादी, हनुमानगढ़ टाउन, राजस्थान - 335513) से अपने नवीन परिसर (गली नंबर 10, नई आबादी, रावतसर रोड़, हनुमानगढ़ टाउन, राजस्थान - 335513) में स्थानांतरित होने जा रही है। अतः यदि कोई भी लॉकर धारक अपनी लॉकर सुविधा को समाप्त/परिवर्तित करना चाहता है, वह इस नोटिस के प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंतर्गत, वर्तमान शाखा में शाखा प्रबन्धक से संपर्क कर सकता है, अन्यथा यह समझा जाएगा कि लॉकर धारक अपनी सेवाओं को सुचारु रखना चाहता है। लॉकर स्थानांतरण का कार्य पूर्ण सावधानी के साथ उचित निगरानी में सम्पन्न किया जाएगा। इस प्रक्रिया में खाता धारकों एवं लॉकर धारकों को होने वाली असुविधा के लिए खेद है। धन्यवाद निवेदक

शाखा प्रबन्धक: यूको बैंक, शाखा स्टेशन रोड़ हनुमानगढ़

जयपुर में हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया हत्याकांड का खुलासा

पिता की हत्या का बदला लेने के लिए रची साजिश, चार आरोपी गिरफ्तार; कुल्हाड़ी से सरेराह की गई थी हत्या

जयपुर। राजधानी जयपुर के करधनी इलाके में बुधवार रात हुई जोबनेर थाने के हिस्ट्रीशीटर विजय बाजिया की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी अनीश गोलिया समेत चार युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अनीश ने वर्ष 2019 में अपने पिता कैलाश गोलिया की हत्या का बदला लेने के लिए वारदात की साजिश रची थी।

कैंपर से पीछा कर रुकवाई कार, फिर किया हमला : जयपुर पश्चिम के डीसीपी प्रशांत किरण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में तिबारिया निवासी अनीश गोलिया, कमलेश गोलिया, युवराज चौधरी और हिंगोनिया निवासी दिनेश चौधरी उर्फ दीनू शामिल हैं। आरोपियों ने बुधवार रात जोबनेर से जयपुर तक विजय बाजिया का कैंपर से पीछा किया। करधनी थाना क्षेत्र के रावण गेट के पास कैंपर से टक्कर मारकर उसकी लग्जरी कार रुकवाई गई। इसके बाद बचकर भाग रहे विजय पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई।

सात साल पुरानी रंजिश में हत्या की योजना : पुलिस जांच में सामने आया कि वर्ष 2019 में शराब के ठेके के विवाद में जोबनेर में कैलाश गोलिया की हत्या हुई थी। उस समय अनीश की उम्र करीब 14 वर्ष थी। तभी से वह अपने पिता की हत्या का बदला लेने की फिराक में था। पुलिस के अनुसार अनीश ने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले भी कई बार विजय को निशाना बनाने का प्रयास किया था।

आठ घंटे में पुलिस ने दबोचे आरोपी : वारदात के बाद आरोपी कैंपर लेकर फरार हो गए थे। पुलिस ने तकनीकी जांच और सूचना तंत्र की मदद से उनका पीछा शुरू किया। करीब आठ घंटे की कार्रवाई के बाद सुबह चार बजे चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल कैंपर भी जब्त कर ली है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने '7007' नाम से गैंग बनाई थी। हालांकि, गिरफ्तार युवकों का कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है।

विजय पर दर्ज थे 15 मामले : जांच में सामने आया कि विजय बाजिया जोबनेर का हिस्ट्रीशीटर था और कालवाड़ इलाके में प्रॉपर्टी का कारोबार करता था। उसके खिलाफ जोबनेर, कालवाड़ और करधनी थानों में 15 मुकदमे दर्ज थे। उस पर हत्या समेत कई गंभीर आरोप थे। पुलिस के अनुसार वह प्रॉपर्टी विवादों को लेकर भी चचाओं में रहता था।

गैंगवार के एंगल से भी जांच जारी : विजय बाजिया ने खेजड़ावास ग्राम पंचायत से सरपंच चुनाव लड़ने की तैयारी भी की थी, हालांकि बाद में चुनाव नहीं लड़ा। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि हत्या केवल पुरानी रंजिश का परिणाम थी या इसके पीछे गैंगवार का कोई अन्य कारण भी जुड़ा है। मामले में अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सूरतगढ़ ब्रांच जल संसाधन खण्ड प्रथम, सूरतगढ़

जल संसाधन भवन (प्रथम तल), सी.आर.पी.एफ. कैम्पस, आर.सी.पी. टिब्बा कॉलोनी, सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर (राज.) 335804

क्रमांक / राजस्व / 2026-27 / दिनांकः–

अंतिम नीलामी इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 1928 दिनांक 28.10.2026 एवं 1466 दिनांक 06.11.2026 के द्वारा जारी विज्ञप्ति मे अवैध फसल कास्त नीलामी दिनांक 06.11.2026 एवं 12.11.2026 को रखी गई थी। निर्धारित तिथि पर कोई बोलीदाता उपस्थित नहीं होने एवं प्रकाशन नहीं होने के कारण उक्त फसल की पुनः निलामी दिनांक 19.11.2026 को रखी जाती है।

नोटः– बोली दाता का धरोहर राशि जमा करवाने का समय प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक एवं बोली प्रारम्भ करने का समय दोपहर 02:00 बजे रहेगा। शेष नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

(रजत चौधरी), अधिशासी अभियन्ता
सूरतगढ़ ब्रांच जल संसाधन खण्ड प्रथम सूरतगढ़

मतदान एवं मतगणना कक्ष में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल फोन

सीमा सन्देश # संगरिया



पंचायत चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए गुरुवार को उपखंड कार्यालय सभागार में रिटर्निंग अधिकारी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित हुई। बैठकों में सैक्टर अधिकारी, पुलिस अधिकारी, पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तथा प्रगणकों ने भाग लिया।

रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने कहा कि चुनाव आयोग के सभी निदेर्शों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सरपंच एवं वार्ड पंच की नामांकन प्रक्रिया, मतपत्र तैयार करना, मत पेटी खोलना, बंद करना, सीलिंग करना, एवं मतगणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा कि सरपंच एवं वार्ड पंच की काउंटिंग के समय अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। मतदान एवं मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन वर्जित रहेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पोलिंग पार्टियां और चुनाव से जुड़े कार्मिक गांव में किसी का आत्थिय स्वीकार नहीं करेंगी। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र से 100 मीटर और 200 मीटर की दूरी संबंधी दिशा-निदेर्शों की सख्त पालना सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

मतदान दिवस पर सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सहायता के लिए स्वयंसेवक तैनात किए जाएंगे, जबकि महिला मतदाताओं के लिए महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्था रहेगी। पोलिंग पार्टियों को वेलफेयर सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोनिका बंसल, सीबीईओ सीमा भल्ला, विकास अधिकारी राजेश कुमार समस्त सैक्टर अधिकारी, प्रधानाचार्य-प्रगणक एवं चुनाव शाखा की टीम मौजूद रहे।

संगरिया के हनुमान मंदिर में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा एवं उत्साह से सम्पन्न



सीमा सन्देश # संगरिया। दीपावली पर्व के बाद आयोजित होने वाले अन्नकूट महोत्सव की धार्मिक परंपरा के तहत श्री गोपाल सेवा सदन हनुमान मंदिर में अन्नकूट प्रसाद वितरण कार्यक्रम श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। भगवान के दर्शन करने और अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण करने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी मंदिर पहुंचे। कार्यक्रम का आयोजन बलदेव कृष्ण मंगल द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि शहर के अधिकांश मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव के तहत प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

छानी बड़ी में चौधरी धन्नाराम डूडी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों में आक्रोश



सीमा सन्देश # भादरा। क्षेत्र के छानी बड़ी गांव में बुधवार रात्रि को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा पूर्व प्रथम तहसील सरपंच एवं डूडी परिवार के मुखिया चौधरी धन्नाराम डूडी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों के साथ डूडी परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंचे और घटना की कड़ी निंदा करते हुए रोष जताया। घटना को लेकर पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी एवं पूर्व सहकारी बैंक अध्यक्ष संदीप डूडी ने भी गहरा आक्रोश व्यक्त किया। सूचना मिलने पर भिरानी थाना पुलिस तथा भादरा पुलिस उप अधीक्षक कुलदीप चारण पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना कर जांच शुरू की। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। उल्लेखनीय है कि चौधरी धन्नाराम डूडी की प्रतिमा उनके पुत्र के राजस्थान सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री रहने के दौरान स्थापित की गई थी। डूडी परिवार का क्षेत्र की राजनीति एवं सामाजिक जीवन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वर्गीय किसान नेता चौधरी लालचंद डूडी तीन बार विधायक, दो बार मंत्री एवं एक बार प्रधान रह चुके हैं। प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना से ग्रामीणों में नाराजगी है। लोगों ने दोषियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

सरपंच बिजारणियां ने पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया से की शिष्टाचार भेंट



सीमा सन्देश # चारणवासी। ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच मान सिंह बिजारणियां के नेतृत्व में ग्रामीणों के एक शिष्टमंडल ने पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया से शिष्टाचार भेंट कर गांव के समग्र विकास को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर सरपंच बिजारणियां व ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को गुलदस्ता भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान नवनिर्वाचित सरपंच ने आगामी पंचवर्षीय योजना के तहत गांव में करवाए जाने वाले प्रमुख विकास कार्यों, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और आमजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान की रूपरेखा मटोरिया के समक्ष रखी। इस पर पूर्व विधायक मटोरिया ने शिष्टमंडल को पूर्ण आश्वस्त करते हुए कहा, आप बिना किसी चिंता के गांव में विकास कार्यों की शुरूआत करवाएं, पंचायत के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

रवीना हुड्डा ने दादा की स्मृति में गोशाला को भेंट किए 2 कूलर, ग्रामीणों ने सराहा



सीमा सन्देश # बरवाली। गांव की रवीना हुड्डा पुत्री दौलतराम हुड्डा ने गुरुवार को सामाजिक सरोकार निभाते हुए श्रीकृष्ण गोशाला को 22 हजार रुपए की लागत के दो कूलर भेंट किए। उन्होंने यह कूलर अपने दादा स्व. हरिसिंह हुड्डा की स्मृति में गोशाला को समर्पित किए। रवीना के इस सेवा कार्य की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। रवीना हुड्डा ने बताया कि उनके दादा स्वर्गीय हरिसिंह हुड्डा की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से उन्होंने गोशाला में कूलर भेंट किए हैं। उल्लेखनीय है कि रवीना ने आईआईटी रुड़की से डिप्लोमा करने के बाद इंजीनियर के रूप में राजकीय सेवा में चयन हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि पर भी ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर आईदान सिंह हुड्डा, गोशाला समिति अध्यक्ष संतलाल सहारण, दौलतराम हुड्डा, रणजीत सिंह खाती, विजय सिंह गोदारा सहित हुड्डा परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

घनश्याम भटेजा ने नेत्रदान-देहदान कर पेश की मानवता की मिसाल



सीमा सन्देश # पीलीबंगा। डेरा सच्चा सौदा की अमर सेवा मुहिम के तहत ब्लॉक पीलीबंगा के कर्मठ सेवादार घनश्याम भटेजा इन्सां (75) के निधन पर परिजनों ने उनकी अंतिम इच्छा पूरी करते हुए नेत्रदान व देहदान कर मानवता की मिसाल पेश की। ब्रेन हेमरेज से निधन के बाद पुत्र योगेश, सुभाष व गगन इन्सां ने डेरा सच्चा सौदा की प्रेरणा से चिकित्सा अनुसंधान हेतु पार्थिव देह रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली (यूपी) को दान की। वहीं, नेत्रदान से दो जरूरतमंदों के जीवन में उजाला होगा। बेटा-बेटी एक समान मुहिम के तहत पुत्रवधुओं ने अर्थी को कंधा दिया। इस पुनीत कार्य पर पालिकाध्यक्ष अरविंद जोशी, पार्षद सुनील बिश्नोई, अरोड़वंश सभाध्यक्ष रमन बाघला व डॉ. मनोज अरोड़ा सहित गणमान्य नागरिकों ने सराहना की।

नया रेगुलेशन लागू; भाखड़ा प्रणाली की 22 नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी

13 से 21 नवम्बर तक चलेगा रेगुलेशन, प्रत्येक नहर आठ दिन तक रहेगी प्रवाहित



सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जल संसाधन भाखड़ा-सिद्धमुख रेगुलेशन खण्ड की ओर से गुरुवार को भाखड़ा प्रणाली की नहरों का साप्ताहिक वरीयताक्रम जारी किया गया। यह वरीयताक्रम 13 नवम्बर से 21 नवम्बर तक प्रभावी रहेगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रत्येक नहर आठ दिन पूरी चलाने के बाद बंद की जाएगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मोरजण्डा (एमजेडी) नहर में 263 क्यूसेक, रतनपुरा (आरटीपी) में 275, नाथवाना (एनटीडब्ल्यू) में 306, प्रतापपुरा (पीटीपी) में 481, हरिपुरा (एचआरपी) में 494, दीनगढ़ (डीएनजी) में 507, सूरतपुरा (एसटीपी) में 516, मोडिया (एमओडी) में 721, लोंगवाला (एलजीडब्ल्यू) में 866, पीलीबंगा (पीबीएन) में 1081, अमरपुरा (एएमपी) में 1176, रोड़ांवाली (आरआरडब्ल्यू) में 1189, नवां-लीलांवाली (एलएलडब्ल्यू) में 1612, भाखरांवाली (बीकेडब्ल्यू) में 1617, करनीसिंह (केएसडी) में 1947, मम्मड़खेड़ा (एमएमके) में 2142 व जोड़कियां (जेआरके) नहर में 2222 क्यूसेक पानी प्रवाहित होगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नहरों में पानी के उतार-चढ़ाव को देखते हुए अगर किसी नहर के रेगुलेशन में बदलाव करना पड़ा तो भाखड़ा सिद्धमुख रेगुलेशन खंड व जल संसाधन खंड प्रथम/द्वितीय के अधिशाषी अभियंता से विचार-विमर्श के बाद व्यवस्था की जाएगी। वास्तविक पानी संबंधित अधिशाषी अभियन्ता की मांग अनुसार चलाया जा रहा है, यह कभी भी कम किया जा सकता है।

स्व. प्रमोद पांडिया स्मृति संस्था की पहल

जरूरतमंदों के होंगे नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन



सीमा सन्देश # नोहर। स्व. ओमप्रकाश पांडिया की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय प्रमोद पांडिया स्मृति संस्था की ओर से सेवा कार्य की पहल करते हुए 100 जरूरतमंद लोगों के नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन करवाए जाएंगे।

इस अभियान के तहत चंडीगढ़ के विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सक डॉ. आकाशदीप गोयल ऑपरेशन करेंगे। संस्था के अध्यक्ष सुरेश पांडिया ने बताया कि आंखों से संबंधित परेशानी से जूझ रहे जरूरतमंद व्यक्तियों को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है।

ऑपरेशन करवाने के इच्छुक व्यक्ति 15 नवंबर 2026 तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके लिए नोहर में ऊन वाली गली स्थित जगदंबा साड़ी सेंटर पर संपर्क कर नाम दर्ज करवाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि ऑपरेशन से पहले मरीजों की आंखों की जांच सीटीआई केयर हॉस्पिटल, रामसुखदास पार्क के सामने स्थित डॉ. आनंद सैनी के यहां करवाई जाएगी। जांच के बाद चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर ऑपरेशन की प्रक्रिया निर्धारित की जाएगी। अभियान में आर्थिक रूप से कमजोर एवं अत्यंत जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। संस्था का उद्देश्य जरूरतमंदों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाकर उन्हें आंखों की समस्याओं से राहत दिलाना है।

स्वर्गीय ओमप्रकाश पांडिया की स्मृति में की जा रही यह पहल समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

पेंशन सत्यापन के लिए जन आधार अपडेट जरूरी

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के वार्षिक सत्यापन की प्रक्रिया में बदलाव किया है। अब पेंशन सत्यापन हेतु लाभार्थियों के जन आधार कार्ड में परिवार की वार्षिक आय का विवरण अपडेट होना आवश्यक है। उपनिदेशक विक्रम सिंह ने बताया कि अधिकतम वार्षिक आय 48 हजार तथा दिव्यांग पेंशनधारियों के लिए 60 हजार निर्धारित है। जिनके जन आधार में आय विवरण अपडेट नहीं है, उन्हें आय प्रमाण पत्र बनवाकर विवरण जुड़वाना होगा। सत्यापन ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी और इसके बाद पंचायत समिति स्तर पर किया जाएगा।

परलीका में कृष्ण कुमार बेनीवाल ने संभाली सरपंच की कमान



सीमा सन्देश # बरवाली। गांव परलीका में गुरुवार को नवनिर्वाचित सरपंच कृष्ण कुमार बेनीवाल ने विधिवत सरपंच पद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनका साफा और माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। पदभार ग्रहण करने के बाद सरपंच बेनीवाल ने कहा कि वे गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सर्व समाज को साथ लेकर चलेंगे। गांव में पेयजल की बड़ी समस्या है, जिसका समाधान उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने ग्रामीणों को विश्वास दिलाया कि गांव के विकास कार्यों में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों पर झूमे ग्रामीण : पदभार ग्रहण समारोह में उत्साह और उल्लास का माहौल रहा। गोगामेड़ी से आए नाथ संप्रदाय के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर ग्रामीणों का मनोरंजन किया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर ग्रामीण खूब थिरके। वहीं 93 वर्षीय गुरमेल सिंह बाजीगर ने गीत प्रस्तुत कर समारोह में समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुति को ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर नवनियुक्त उपसरपंच आमीन खान, समस्त वार्ड पंच, पूर्व सरपंच चिड़िया देवी, बृजलाल पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी सुनील गोदारा, जीतमल बेनीवाल, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र बेनीवाल, डॉ. दिलीप बेनीवाल, नीकमाल सहारण, रूपराम गोदारा, लीलूराम बायला, पीरदान सहारण, भंवरलाल सहारण, कृष्ण धानिया, जगदीश इंदलिया, राकेश भारती, रमेश बेनीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नोहर फीडर से जुड़े क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से मांगा समर्थन

सीमा सन्देश # चारणवासी। हरियाणा सरकार द्वारा फतेहाबाद ब्रांच के नहरी पानी में की गई कटौती को लेकर किसानों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सरकार द्वारा जारी नए सिंचाई शेड्यूल के अनुसार अब फतेहाबाद ब्रांच से जुड़ी नहरों में 16 दिन की बंदी के बाद महज 8 दिन ही पानी चलाया जाएगा। सिंचाई पानी के इस नए शेड्यूल के विरोध में बीती 3 नवंबर से पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन के बैनर तले फतेहाबाद सचिवालय के समक्ष किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। अब इस आंदोलन को निर्णायक मोड़ देने के लिए हरियाणा के किसान संगठन के पदाधिकारियों ने नोहर क्षेत्र का दौरा कर नोहर फीडर से जुड़े किसानों और नवनिर्वाचित सरपंचों से समर्थन मांगा है। पदाधिकारियों ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क करते हुए नहरी अध्यक्षों व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को आगामी 16 नवंबर को फतेहाबाद धरना स्थल पर पहुंचने का निमंत्रण दिया है। हरियाणा के किसान नेताओं ने कहा कि राजस्थान और हरियाणा के किसान आपस में भाई हैं, इसलिए सिंचाई पानी के हक की इस लड़ाई को दोनों राज्यों के किसान मिलकर लड़ेंगे। इस पर नहरी अध्यक्ष यूनियन के प्रधान गुरमेल सिंह सरदार ने आंदोलन को पूरा समर्थन देने की घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित सरपंचों व जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर बड़ी संख्या में किसान 16 नवंबर को फतेहाबाद पहुंचेंगे। दूसरी ओर, नोहर फीडर में भी आगामी 15 नवंबर से 8 दिन की नहर बंदी शुरू होने जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों की सिंचाई संबंधी चिंताएं और अधिक बढ़ गई हैं।

डाक मतपत्र से कार्मिकों ने डाले वोट



सीमा सन्देश # संगरिया। पंचायतीराज आम चुनाव के चौथे चरण के मतदान की तैयारियों के बीच पोलिंग पार्टियों में नियोजित कर्मचारियों ने डाक मतपत्र के माध्यम से जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य चुनाव के लिए अपना मताधिकार का प्रयोग किया। गुरुवार को एसडीएम कार्यालय में स्थापित मतदान फैसिलिटेशन सेंटर पर कार्मिकों ने वोट डाला। रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि पोलिंग पार्टियों में तैनात कर्मचारियों को मतदान के लिए डाक मतपत्र जारी किए गए हैं। इन कार्मिकों ने एसडीएम कार्यालय में बनाए गए मतदान फैसिलिटेशन सेंटर पर पहुंचकर अपने डाक मतपत्र से मतदान किया। मतदान केंद्रों पर 14 नवंबर को मतदान होना है।

मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन



सीमा सन्देश # संगरिया। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में गुरुवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों एवं मीडिया के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट प्रकाशित किया गया। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी 2027 अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने अथवा संशोधन करवाने के लिए दावे एवं आपत्तियां 11 दिसंबर तक दाखिल की जा सकेंगी।

प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण 28 दिसंबर तक किया जाएगा जिसके बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अधिकारी ने राजनीतिक दलों से अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग देने और पात्र मतदाताओं को सूची में जुड़वाने हेतु जागरूकता बढ़ाने का आग्रह किया।

भादरा में 14 नवंबर से होगा पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथा कार्यक्रम

सीमा सन्देश # भादरा। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से स्थानीय रामलीला मैदान में 14 से 18 नवंबर तक पांच दिवसीय श्रीकृष्ण कथा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6 से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। कथा व्यास साध्वी सुश्री जयन्ती भारती जी श्रीकृष्ण की लीलाओं एवं उनके आध्यात्मिक संदेशों का भावपूर्ण वर्णन करेंगी। संस्थान की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन, भक्ति, प्रेम और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन लंगर प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन स्थल रामलीला मैदान में रहेगा।

पंचायत चुनाव: शांति और निष्पक्षता का संदेश लेकर निकला फ्लैग मार्च



सीमा सन्देश # संगरिया। पंचायत आम चुनाव को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पंचायत समिति क्षेत्र के गांवों में रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक तथा पुलिस उपाधीक्षक शंकर लाल छाबा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया ताकि आम मतदाताओं में चुनाव प्रक्रिया के प्रति विश्वासऔर कानून-व्यवस्था के प्रति सुरक्षा का भरोसा बने। फ्लैग मार्च नाथवाना, कीकरवाली, लीलांवाली, नगराना और रतनपुरा के प्रमुख स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों से गुजरा।

इस दौरान पुलिस की मौजूदगी से चुनाव के समय कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने का संदेश दिया गया। अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से संपर्क कर शांतिपूर्ण मतदान में सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मतदाता बिना किसी भय या दबाव के अपनी राय व्यक्त कर सकें, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखी जाएगी।

रिटर्निंग अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि चुनाव तक पुलिस की लगातार पेट्रोलिंग जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव का उद्देश्य केवल मतदान कराना नहीं, बल्कि हर मतदाता को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में अपने मत का प्रयोग करने का अवसर देना है। पुलिस और प्रशासन मिलकर चुनाव को भयमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सरपंच-पंच के लिए 15 नवंबर को भरे जाएंगे फार्म, 16 को होगा मतदान

चुनाव : आज पहुंचेगी पोलिंग पार्टियां, मतदान कल

सीमा संदेश # संगरिया। पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए 13 नवंबर को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचेंगी। रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी जय कौशिक ने बताया कि जिला मुख्यालय हनुमानगढ़ में शुक्रवार को प्रशिक्षण के बाद मतदान दलों को ईवीएम एवं चुनाव सामग्री देकर रवाना किया जाएगा। सभी मतदान दल 13 नवंबर को निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंच जाएंगे। संगरिया पंचायत समिति की 27 ग्राम पंचायतों में मतदान के लिए 102 मतदान केंद्र तथा एक सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है। पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्य पदों के लिए मतदान 14 नवंबर शनिवार को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। मतदान समाप्ति के बाद सभी ईवीएम किसान शहीद स्मारक खालसा विद्यालय संगरिया में संग्रहित की जाएंगी। सभी ईवीएम जमा होते ही इन्हें जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में राउंड द क्लॉक सुरक्षा के बीच रखा जाएगा। जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव की मतगणना 20 नवंबर को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हनुमानगढ़ में होगी। सरपंच और पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 नवंबर रविवार को पंचायत मुख्यालयों पर होगी। अभ्यर्थी प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक नामांकन फार्म भर सकेंगे। नामांकन फार्मों की संवीक्षा उसी दिन सुबह 11:30 बजे होगी, जबकि अपराह्न 2 बजे तक अभ्यर्थी अपना नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। सरपंच एवं पंच पदों के लिए मतदान 16 नवंबर को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों का चुनाव ईवीएम के माध्यम से होगा जबकि सरपंच और पंच पदों के लिए मतपत्रों का उपयोग किया जाएगा। मतदान समाप्त होने के बाद पंच-सरपंच चुनाव की मतगणना उसी दिन की जाएगी। मतदान दिवस पर मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे वहीं दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं की सहायता के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर स्काउट गाइड और वोलेंटियर्स उपलब्ध रहेंगे।

कजाकिस्तान से एमबीबीएस करने के बाद हासिल की बड़ी सफलता, देशभर में महज 22.87 प्रतिशत अभ्यर्थी हुए सफल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीराम व्यास के पुत्र हैं डॉ. कुलदीप

पहले ही प्रयास में एफएमजीई उत्तीर्ण कर डॉ. कुलदीप व्यास ने बढ़ाया नोहर का गौरव

सीमा सन्देश # नोहर

प्रतिभा, कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के दम पर नोहर के होनहार डॉ. कुलदीप व्यास ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) अक्टूबर-2026 में अपने पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित कर परिवार के साथ नोहर का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवारजनों, मित्रों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है।

डॉ. कुलदीप ने कजाकिस्तान से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत में चिकित्सकीय पंजीकरण की पात्रता हासिल करने के लिए एफएमजीई परीक्षा दी थी। विदेशी मेडिकल विश्वविद्यालयों से चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा एक महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जाती है। ऐसे में पहले ही प्रयास में इसे उत्तीर्ण करना उनकी मेहनत, अनुशासन और सुनियोजित तैयारी को दर्शाता है।



देशभर में महज 22.87 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम : एफएमजीई अक्टूबर-2026 का परिणाम 11 नवंबर को जारी किया गया। परीक्षा के आंकड़ों के अनुसार देशभर में शामिल 42,113 अभ्यर्थियों में से केवल 9,354 ही सफल हो सके। इस तरह परीक्षा का उत्तीर्ण प्रतिशत महज 22.87 रहा। वहीं 31,539 अभ्यर्थी सफल नहीं हो सके। परीक्षा की कठिनाई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 5,365 अभ्यर्थी निर्धारित 150 अंकों के उत्तीर्णांक से महज 1 से 10 अंक पीछे रह गए। ऐसे चुनौतीपूर्ण परिणाम के बीच डॉ. कुलदीप ने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष के पुत्र हैं डॉ. कुलदीप : डॉ. कुलदीप की सफलता पर उनके पिता एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीराम व्यास सहित परिवारजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कुलदीप के वर्षों के परिश्रम, समर्पण और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का परिणाम है। परिवारजनों ने उम्मीद जताई कि डॉ. कुलदीप भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान देंगे। डॉ. कुलदीप की इस उपलब्धि पर नोहर के गणमान्य नागरिकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

खुली धांधली; 1.24 करोड़ रुपए की लागत से बना ढाब पहली बारिश भी नहीं झेल पाया

पांच माह बाद भी जांच लंबित, निगरानी व्यवस्था और अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

सीमा सन्देश # रावतसर

कस्बे के ऐतिहासिक एवं पौराणिक ढाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भ्रष्टाचार और धांधली की पोल खुल गई है। हालात यह हैं कि निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही इसका बड़ा हिस्सा बिखर गया, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हैरानी की बात यह है कि निर्माण कार्य में खामियां सामने आए करीब पांच माह बीत चुके हैं, लेकिन अब तक मामले की जांच पूरी नहीं हो पाई है, जिससे शहरवासियों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, पौराणिक ढाब के सौंदर्यीकरण के तहत इसकी चारों तरफ पत्थरों से पक्की दीवार बनाने, किनारों को व्यवस्थित करने, चारों ओर फुटपाथ का निर्माण करवाने और आसपास पौधारोपण कर क्षेत्र को



आकर्षक स्वरूप देने की योजना थी। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 1 करोड़ 24 लाख रुपये खर्च किए जाने थे। यह पूरा निर्माण कार्य नगरपालिका की देखरेख में करवाया जा रहा था। लेकिन, गुणवत्ता को ताक पर रखकर किए गए निर्माण का परिणाम यह रहा कि काम पहली बारिश भी नहीं झेल पाया और ढाब की नवनिर्मित दीवारें पूरी तरह से ढह गईं और धंस गईं।

विकास कार्यों की देखरेख ठेकेदार के साथ-साथ कार्यकारी एजेंसी नगरपालिका के अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मचारियों के जिम्मे थी। ऐसे में सवाल यह उठता है कि निर्माण के दौरान तकनीकी कर्मचारियों ने किस स्तर पर गुणवत्ता की जांच की थी और क्या अधिकारियों ने कभी मौके का निरीक्षण किया था? यदि कार्य मापदंडों के अनुसार था, तो पहली बारिश में ही इसके बिखरने की नौबत क्यों आई? और यदि निर्माण में खामियां थीं, तो समय रहते इसे क्यों नहीं रोका गया? इन तमाम सवालों के चलते कस्बे के लोगों में नगरपालिका प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी है। निर्माण कार्य के धराशायी होने के बाद तकनीकी जांच करवाकर जिम्मेदारी तय करने की मांग जोर-शोर से उठी थी। हालांकि, पांच माह बीत जाने के बावजूद जांच के नतीजे सामने नहीं आए हैं। लोगों का कहना है कि सरकारी धन यानी आम जनता के गाढ़े पसीने की कमाई से हुए इस विकास कार्य में यदि गुणवत्ता से समझौता हुआ है, तो इसकी निष्पक्ष तकनीकी जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। पौराणिक ढाब के सौंदर्यीकरण में सामने आई इस बड़ी लापरवाही को लेकर शहर में भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दा बन चुका है। लोगों का आरोप है कि इतने बड़े बजट के प्रोजेक्ट की दुर्दशा सामने आने के बावजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों की ओर से प्रभावी रूप से आवाज नहीं उठाई जा रही है। जनता जनप्रतिनिधियों की इस चुप्पी को मूक सहमति के रूप में देख रही है।

जांच करवाई जा रही है : इस संबंध में जांच करवाई जा रही है। ढाब के सौंदर्यीकरण को लेकर किया गया कार्य बेहद घटिया स्तर का है, उच्च अधिकारियों द्वारा इसकी जांच करवाई जा रही है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसका भुगतान नहीं किया जाएगा। - **नीलम हरवीर सहारण नगरपालिका अध्यक्ष, रावतसर**

दोषियों पर कार्रवाई होगी : यदि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ है, तो इसकी गहन जांच करवाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। - **गुरजीत सिंह उप चेयरमैन, रावतसर**

रामसरा में मतगणना पर उठे सवाल, प्रत्याशी शमशाद बेगम ने की दोबारा गिनती की मांग

मतगणना में अनियमितता और पक्षपात के लगाए आरोप, राज्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच की मांग

सीमा सन्देश # नोहर

ग्राम पंचायत रामसरा (26 एनटीआर) में सरपंच पद के चुनाव की मतगणना को लेकर विवाद गहरा गया है।

सरपंच पद की प्रत्याशी शमशाद बेगम ने मतगणना प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए राज्य निर्वाचन आयुक्त, जयपुर को पत्र भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाने तथा मतों की दोबारा निष्पक्ष तरीके से गणना करवाने की मांग की है। प्रत्याशी शमशाद बेगम का आरोप है कि 5 नवंबर को सरपंच पद के चुनाव के बाद रामसरा स्थित मतगणना केंद्र पर मतों की गिनती के दौरान निर्धारित नियमों और पारदर्शिता का पालन नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि मतगणना अधिकारियों ने प्रत्याशियों के मतगणना एजेंटों को स्वीकृत एवं निरस्त मतपत्रों को देखने और उनकी जांच करने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया। बार-बार मौखिक निवेदन के बावजूद मतपत्रों का अवलोकन नहीं करवाया गया। पत्र में आरोप लगाया गया है कि मतों की गिनती मनमाने तरीके से की गई। एकतरफा गणना में डाले गए कुल मतों, निरस्त मतों और प्रत्याशियों को प्राप्त वैध मतों के आंकड़ों का उचित मिलान भी नहीं दिखाया गया। इतना ही नहीं, मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों के एजेंटों को मतों के जोड़-घटाव के लिए कागज, पेन और अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं करवाई गईं। शमशाद बेगम ने यह भी आरोप लगाया कि मतगणना के दौरान मौखिक आपत्तियों को गंभीरता से नहीं सुना गया तथा घोषित परिणामों पर प्रत्याशियों की सहमति भी नहीं ली गई। उनका कहना है कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव रहा, जिससे चुनाव परिणाम की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की मांग

प्रत्याशी ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से रामसरा मतगणना केंद्र की मतगणना प्रक्रिया से जुड़े सभी साक्ष्य और दस्तावेज सुरक्षित करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र की सीसीटीवी फुटेज, मतगणना संबंधी अभिलेख एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज तत्काल सुरक्षित रखे जाएं, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हो। प्रत्याशी ने मतगणना प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं की उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग भी उठाई है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से पूरे मामले की गंभीरता से जांच करवाकर नियमों के अनुरूप पुनः मतगणना करवाने की अपील की है।

नवनिर्वाचित सरपंच कुशल सिंह ने संभाला कार्यभार

उपसरपंच व वार्ड पंचों की मौजूदगी में स्वागत समारोह



सीमा सन्देश # पल्लू

ग्राम पंचायत पल्लू के नवनिर्वाचित सरपंच कुशल सिंह ने गुरुवार को विधिवत रूप से सरपंच पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत परिसर में स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लेकर नवनिर्वाचित सरपंच को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपसरपंच तुलछी देवी सहित वार्ड पंच सरोज, कौशल्या देवी, मंजू, हंसराज, जाकिर हुसैन, भंवर सिंह, संतोष देवी, पूर्णमल, नरेंद्र सिंह एवं राधेश्याम सहित पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे। समारोह में ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित सरपंच कुशल सिंह का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव के विकास, मूलभूत सुविधाओं के



विस्तार, पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता एवं अन्य जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई। सरपंच कुशल सिंह ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत पल्लू के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य किया जाएगा। पंचायत के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सहयोग की अपील की। समारोह में ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही तथा सभी ने नवनिर्वाचित सरपंच के सफल कार्यकाल की कामना की।

7 साल बाद हनुमानगढ़ में सजा बास्केटबॉल का महाकुंभ

पहले ही मुकाबले में मेजबान हनुमानगढ़ ने चूरू को 85-56 से दी शिकस्त, इनडोर स्टेडियम के लिए 37 लाख की घोषणा





सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। सात साल के लंबे इंतजार के बाद हनुमानगढ़ को एक बार फिर प्रदेश स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी का अवसर मिला है। गुरुवार को 76वीं राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। जिला बास्केटबॉल संघ हनुमानगढ़ एवं व्यापार मंडल शिक्षा समिति हनुमानगढ़ टा. के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह शाम 4:30 बजे व्यापार मंडल शिक्षा समिति परिसर में हुआ। प्रदेशभर से पहुंचे खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों और खेल पदाधिकारियों की मौजूदगी ने आयोजन को खेल महाकुंभ का स्वरूप दे दिया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़, क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक (एग्रो.एमबी) इशाक हारून खान, अग्रोहा विकास समिति हनुमानगढ़ टाउन के अध्यक्ष सतीश बंसल तथा एफजीएमए हनुमानगढ़ टा. के अध्यक्ष रामलाल किरोड़ीवाल मंचासीन रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष एवं महिला वर्ग के रोमांचक मुकाबले खेले गए। मेजबान हनुमानगढ़ की पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चूरू को 85-56 के बड़े अंतर से पराजित कर जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। इस जीत से स्थानीय खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। पुरुष वर्ग में अलवर ने बूंदी को 20-00, जैसलमेर ने जालोर को 47-05, जयपुर अकादमी ने बारां को 60-32, अजमेर ने सवाई माधोपुर को 31-10, भीलवाड़ा ने टोंक को 56-24, नागौर ने सिरोही को 33-04 तथा कोटा ने झालावाड़ को 68-40 से हराया। महिला वर्ग में जोधपुर ने जयपुर अकादमी को 20-00, राजसमंद ने सवाई माधोपुर को 27-04, जयपुर ने बाड़मेर को 42-15, भीलवाड़ा ने गंगानगर को 44-28, सीकर ने पाली को 48-08 व अलवर ने चित्तौड़गढ़ को 50-13 से पराजित किया। शेष मुकाबलों के परिणाम जारी होने थे।

12 से 15 नवंबर तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों की कुल 50 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें 20 महिला और 30 पुरुष टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता में 15 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित प्रदेश के करीब 850 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रशिक्षकों और रेफरी सहित कुल लगभग 1000 प्रतिभागी इस आयोजन का हिस्सा हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चयनित खिलाड़ी आगामी 20 से 27 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप-2026 में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समारोह के दौरान हनुमानगढ़ में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में भी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। अग्रोहा विकास समिति के अध्यक्ष सतीश बंसल ने इनडोर स्टेडियम निर्माण के लिए 25 लाख देने की घोषणा की। वहीं फूडग्रेन मर्चेंट एसो. हनुमानगढ़ टा. के अध्यक्ष रामलाल किरोड़ीवाल ने 12 लाख देने की घोषणा की। दोनों घोषणाओं से शहर में खेल आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई।

समारोह में राजस्थान बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष अजीत सिंह राठौड़, सचिव गेमर सिंह सोढ़ा, मुख्य प्रशिक्षक भंवर सिंह शेखावत, तकनीकी समिति के सचिव सुरेश भारोदिया तथा सदस्य अरविंद सिंह और पवन गोल्याण सहित खेल जगत से जुड़े पदाधिकारियों का पारंपरिक साफा पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। इसके अलावा धानमंडी सचिव सीएल वर्मा, अनुज डाल, जिनेन्द्र जैन, देवेंद्र अग्रवाल, एसकेडी के चेयरमैन बाबूलाल जुनेजा, डीएवी प्रिंसिपल परमजीत सिंह और डॉ. मिताली अग्रवाल सहित शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों में सीकर जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष करण सिंह शेखावत, टोंक अध्यक्ष सत्यनारायण बूलिया, भीलवाड़ा अध्यक्ष जसवंत खोईवाल, झुंझुनूं सचिव सुशील यादव, नागौर सचिव अशोक शर्मा, बारां अध्यक्ष हरिओम प्रजापत व कोषाध्यक्ष आफताब पठान शामिल रहे। बीएसएफ टीम जोधपुर के प्रशिक्षक अशोक कुमार, राजस्थान पुलिस टीम के प्रशिक्षक भूपेंद्र सिंह, जिला खेल अधिकारी शमशेर सिंह, जिला खेल स्टेडियम से ओमप्रकाश सेन तथा भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग ऑफिसर सुखवीर सिंह का भी सम्मान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अमरसिंह राठौड़, सचिव राजकुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन खुराना, सदस्य मनोज पारीक, सादा सिंह खोसा, जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव निशा शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता 15 को

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़। जिला वुशु संघ हनुमानगढ़ के तत्वावधान में 17वीं सब-जूनियर एवं सीनियर जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता सत्र 2026-27 का आयोजन 15 नवम्बर को जंक्शन स्थित राजीव गांधी स्टेडियम में किया जाएगा।

प्रतियोगिता को लेकर जिला वुशु संघ की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभावान बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन करेंगे। जिला वुशु संघ के अध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में वुशु खेल को प्रोत्साहित करना तथा युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध करवाना है। प्रतियोगिता में सब-जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। खिलाड़ी विभिन्न भार वर्गों में अपनी खेल क्षमता, तकनीक, फुर्ती और अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए मुकाबलों में दमखम दिखाएंगे। इस आयोजन से जिले के उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

छठ पूजा महोत्सव पर छठी बार आयोजित हुआ कुश्ती दंगल, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के करीब 60 पहलवानों ने आजमाए दांव-पेच

मक्कासर के सुखा सिंह ने दंगल में दिखाया दमखम, 21 हजार का पहला इनाम जीता

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़

छठ पूजा महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री छठ पूजा समिति की ओर से नशा मुक्त हनुमानगढ़ अभियान के तहत कुश्ती दंगल-2026 का आयोजन किया गया। जंक्शन के चुंगी नंबर आठ क्षेत्र में आयोजित इस दंगल में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के करीब 60 पहलवानों ने हिस्सा लेकर अपनी कुश्ती कला और शारीरिक दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी और खेलप्रेमी पहुंचे। अखाड़े में पहलवानों के बीच हुए जोरदार मुकाबलों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। दंगल में सबसे बड़ा आकर्षण 21 हजार रुपए के प्रथम पुरस्कार का मुकाबला रहा। इसमें मक्कासर के पहलवान सुखा सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया और 21 हजार रुपए का नकद पुरस्कार अपने नाम किया। वहीं पंजाब के जबरा पहलवान दूसरे स्थान पर रहे। विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने एक-दूसरे को कड़ी



चुनौती देते हुए कुश्ती के पारंपरिक दांव-पेच दिखाए। कई मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और दर्शक अंत तक अखाड़े में डटे रहे। श्री छठ पूजा समिति की ओर से लगातार छठी बार आयोजित इस दंगल का शुभारंभ विधायक गणेश राज बंसल, नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, उपसभापति सोनू बंसल, पूर्व सभापति सुमित रणवां, श्री गौशाला समिति अध्यक्ष इंद्र हिसारिया, समाजसेवी युधिष्ठर गक्खड़, डॉ. राजीव गोयल, सेन समाज समिति अध्यक्ष देवीलाल, पार्षद सर्वजीत कौर, पार्षद प्रतिनिधि केके वर्तिया तथा राजस्थान केसरी सुखा सिंह पहलवान ने किया। अतिथियों ने पहलवानों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना के साथ मुकाबले करने का आह्वान किया।

नशे से दूर रहकर खेलों को बनाएं जीवन का हिस्सा : पूर्व सभापति सुमित रणवां ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं को नशे जैसी बुराई से दूर रहने और खेलों से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों में अपनी प्रतिभा आजमानी चाहिए। नगर परिषद की ओर से छठ पूजा महोत्सव के दौरान श्री छठ पूजा समिति को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। समाजसेवी युधिष्ठर गक्खड़ ने कहा कि युवाओं को नशे की लत से दूर रखने के लिए इस तरह के खेल आयोजनों की आज बेहद आवश्यकता है। दंगल जैसी प्रतियोगिताएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। युवाओं को नशे से दूरी बनाकर खेलों के प्रति रुझान बढ़ाना चाहिए। कुश्ती के माध्यम से खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

गुरप्रीत सिंह पहलवान ने कहा कि पहलवानी भारत की प्राचीन खेल विधाओं में से एक है। भारतीय पहलवानों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर देश-दुनिया में नाम रोशन किया है। युवाओं को नशे का त्याग कर शरीर को स्वस्थ और मजबूत बनाने पर ध्यान देना चाहिए। कुश्ती केवल शारीरिक ताकत का खेल नहीं, बल्कि इसमें एकाग्रता, अनुशासन और खेल भावना का भी विशेष महत्व है। श्री गौशाला समिति अध्यक्ष इंद्र हिसारिया ने कहा कि राजस्थान की धरती ने अनेक प्रतिभाशाली पहलवान दिए हैं। युवाओं को उनसे प्रेरणा लेकर खेलों में आगे बढ़ना चाहिए। पार्षद प्रतिनिधि केके वर्तिया ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सकारात्मक प्रयास करने चाहिए। जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक ने भी नशामुक्त हनुमानगढ़ के उद्देश्य से आयोजित इस दंगल के लिए श्री छठ पूजा समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

13 से शुरू होंगे छठ महापर्व के कार्यक्रम

समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल ने बताया कि छठ पूजा महोत्सव के कार्यक्रमों की शुरुआत 13 नवम्बर को नहाय-खाय के साथ होगी। 14 नवम्बर को खरना, 15 नवम्बर को डूबते सूर्य को संध्या अर्घ्य तथा 16 नवम्बर को उगते सूर्य को उषा अर्घ्य देने के बाद पारण का कार्यक्रम होगा। महोत्सव के मुख्य आयोजन जंक्शन के चुंगी नंबर आठ, वार्ड नंबर आठ, सूरतगढ़ रोड पर होंगे। उन्होंने बताया कि 14 नवम्बर को रात्रि 8.15 बजे आईटीआई कॉलोनी स्थित हनुमान मंदिर में जागरण होगा। वहीं 15 नवम्बर को रात्रि 8.15 बजे चुंगी नंबर आठ पर भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें श्रद्धालु छठी मैया के भजनों का आनंद लेंगे। महोत्सव का आयोजन वार्ड नंबर आठ के निवासियों सहित सर्व समाज के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करना है। इस मौके पर समिति व्यवस्थापक प्रदीप पाल, संरक्षक रामपाल जाटव, संयोजक नागेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष राजवीर यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, सचिव भरत कुमार, संगठन मंत्री रामखेलावन दास, प्रवक्ता निखिल गुप्ता, प्रचार मंत्री रामायण कुमार, मीडिया प्रभारी केशव पाल सहित शंकर मंडल, पारसनाथ, रामूराय, सुशील दास, शंकर दास, बिदेश्वर, रमेश तथा समाज के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

'ट्रबन लर्नथॉन 2.0' में श्रीकरणपुर नगरपालिका को मिला विशेष उल्लेख, 201 प्रविष्टियों में बनी देश की टॉपर

यातायात पार्क की अभिनव पहल ने करणपुर को दिलाई राष्ट्रीय पहचान

डॉ. रणवीर सिंह राणा







श्रीकरणपुर। सीमांत कस्बे श्रीकरणपुर की नगरपालिका ने एक बार फिर अपने अभिनव कार्यों से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई की पहल पर विकसित 'यातायात पार्क एवं सड़क सुरक्षा कॉन्सेप्ट पार्क' को भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) की पहल 'ट्रबन लर्नथॉन 2.0' में विशेष उल्लेख के लिए चयनित किया गया है। देशभर से प्राप्त 201 प्रविष्टियों के मूल्यांकन के बाद श्रीकरणपुर नगरपालिका की प्रस्तुति को अन्य शहरी स्थानीय निकायों की उप-श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ मान्यता मिली है। नगरपालिका की इस उपलब्धि की सूचना मिलते ही क्षेत्रभर में खुशी की लहर दौड़ गई। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा नागरिकों ने अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई और पूरी नगरपालिका टीम को बधाई दी।

देहरादून में होगा सम्मान समारोह: इस उपलब्धि के लिए सम्मान समारोह 17 और 18 नवंबर 2026 को उत्तराखंड के देहरादून स्थित फेयरफील्ड बाय मैरियट में आयोजित होने वाले 'पर्वत मंथन क्षेत्रीय सम्मेलन' के दौरान होगा। सम्मेलन में देशभर के नीति-निर्माता, शहरी विकास विशेषज्ञ और जलवायु अनुकूल शहरी विकास से जुड़े विशेषज्ञ भाग लेंगे तथा विभिन्न नवाचारों पर विचार-विमर्श करेंगे।

यातायात पार्क बना राष्ट्रीय पहचान का आधार



संदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि नगरपालिका द्वारा विकसित 'यातायात पार्क एवं सड़क सुरक्षा कॉन्सेप्ट पार्क' ही इस उपलब्धि का आधार बना। पार्क को केवल मनोरंजन स्थल के रूप में नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का केंद्र बनाया गया है। पार्क में चित्रों, संकेतकों, स्लोगनों और मॉडल के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाती है। यहां यह बताया गया है कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा कैसे करें, ट्रैफिक नियमों का पालन क्यों जरूरी है, नियम तोड़ने पर क्या जुर्माना हो सकता है और सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण क्या हैं। इसका उद्देश्य बच्चों, युवाओं और आम नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक जागरूकता विकसित करना है।

नगरपालिका अध्यक्ष तनेजा ने जताया गर्व

नगरपालिका अध्यक्ष विनय कुमार तनेजा ने कहा कि श्रीकरणपुर नगरपालिका को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई की दूरदर्शी सोच, नवाचार और पूरी नगरपालिका टीम के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी, मनरेगा के कनिष्ठ अभियंता गौतम अभिषेक तथा समस्त पालिका कार्मिकों को शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रीय स्तर की हस्तियां रहेंगी मौजूद

सम्मेलन में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स की निदेशक डॉ. देबोलीना कुंदू, टीम लीड डॉ. महरीन मट्टो, कंट्री लीड साक्षी गुडवानी, नीति आयोग की निदेशक सुश्री राय, उत्तराखंड सरकार के शहरी विकास सचिव नितेश कुमार झा, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास करिकिथला, उत्तराखंड के शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैरा तथा केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के राज्य मंत्री तोखन साहू सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे।

क्या है 'ट्रबन लर्नथॉन 2.0': अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई ने बताया कि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) की ओर से राष्ट्रीय शहरी शिक्षण मंच (एनयूएलपी) के माध्यम से 'ट्रबन लर्नथॉन 2.0' आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य देशभर के शहरी स्थानीय निकायों द्वारा किए गए नवाचारों और सफल मॉडलों को पहचान देना तथा उन्हें अन्य निकायों के लिए सीख के रूप में प्रस्तुत करना है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सरकारी संस्थानों, शिक्षाविदों और उद्योग जगत की सक्रिय भागीदारी रही तथा देशभर से 201 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद श्रीकरणपुर नगरपालिका की प्रविष्टि को विशेष उल्लेख के लिए चयनित किया गया।

श्रीकरणपुर नगरपालिका की उपलब्धि एक नजर में

■ **प्रतियोगिता:** ट्रबन लर्नथॉन 2.0 ■ **आयोजक:** आवास एवं शहरी मामलों का मंत्रालय (एमओएचयूए) एवं एनआईयूए ■ **प्रविष्टियां:** 201 ■ **चयनित विषय:** यातायात पार्क एवं सड़क सुरक्षा कॉन्सेप्ट पार्क ■ **सम्मान समारोह :** 17-18 नवंबर 2026, देहरादून ■ **विशेषता:** सड़क सुरक्षा जागरूकता को मनोरंजन के साथ जोड़ने वाला अभिनव मॉडल ■ **उद्देश्य:** यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा और दुर्घटना रोकथाम के प्रति व्यवहारिक जागरूकता फैलाना।

न्यूज इन ब्रीफ

मोतियाबिन्द का निःशुल्क जांच शिविर 21 को

सीमा सन्देश # अनूपगढ़। स्व. शंकर लाल बंसल की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र दीपक बंसल गुवाहाटी के सहयोग से जिला अंधता निवारण समिति एवं रोटरी क्लब की ओर से 21 नवंबर को मोतियाबिंद शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर स्थानीय व्यापार मंडल भवन में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा। इसमें मरीजों की आंखों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी। क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. गगदीश सांखला, डॉ. ब्रह्मजोत सिंह और ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ. पवन बिश्नोई सेवाएं देंगे। शिविर में रजिस्ट्रेशन और अन्य जानकारी के लिए रोटरी क्लब से संपर्क किया जा सकता है।

चुनाव के चलते प्रत्याशियों ने लगा रखा दम-खम

सादुलशहर। पंचायत राज चुनाव के चलते प्रत्याशियों ने पूरा दमखम लगा रखा है। पंचायत समिति एवं जिला परिषद के डायरेक्टर पदों के प्रत्याशियों के साथ-साथ ग्राम पंचायत सरपंच पद के लिए कुछ प्रत्याशियों ने जीत के लिए एडी-चोटी का जोर लगा रखा है। वहीं ग्राम पंचायत नूरपुरा से सरपंच पद के प्रत्याशी विश्वास पूनिया पूरी जोर-आजमाइश कर रहे हैं। इसी कडी में नवगठित ग्राम पंचायत पतली से सरपंच पद की प्रत्याशी हरविंद्र कौर जिनके पति बलजिंद्र सिंह बराड ग्राम पंचायत गद्दरखेडा के निवर्तमान प्रशासक हैं। यह पंचायत भी चर्चा में है। छापांवाली पंचायत से सरपंच पद के प्रत्याशी रमेश बाजिया, बुधरवाली ग्राम पंचायत से सरपंच पद के प्रत्याशी डॉ. गरीबदास के पक्ष में भी कार्यकर्ताओं ने दमखम लगा रखा है।

रक्तदान शिविर व नशामुक्ति जागृति कार्यक्रम कल

पदमपुर। एस एस आदर्श कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल 19 बीबी मे रक्तदान शिविर एवं नशामुक्ति जागृति कार्यक्रम 14 नवंबर को आयोजित होगा। अध्यक्ष ओमप्रकाश कलिया व डायरेक्टर अशोक कलिया के पिता स्वः रामदयाल कलिया की तीसरी पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर व नशा मुक्ति जन जागरण शिविर आयोजित कर उनके निमित्त श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे होगा। इसमें ब्लाक स्तरीय अधिकारी व प्रमुख नागरिक बड़ी संख्या पहुंचेंगे।



वरिष्ठ अधिवक्ता जोशी का निधन

कीकरवाली। बार संघ के वरिष्ठ सदस्य सोहनलाल जोशी(101 वर्ष) का गुरुवार को निधन हो गया। सोहनलाल जोशी रायसिंहनगर के सबसे वरिष्ठ एडवोकेट थे। वे ग्राम पंचायत कीकरवाली के उप सरपंच भी रहे। गुरुवार को श्री जोशी की अंतिम यात्रा में रायसिंहनगर एवं कीकर वाली के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना जताई। वे एडवोकेट जगदीश जोशी एवं मधुसूदन जोशी के पिता थे।

पित्तरजी धाम में 15 को सजेगा विराट दीपावली आनंद महोत्सव



सीमा सन्देश # सूरतगढ़

वार्ड नं. 6 स्थित श्री बालाजी श्री किशन पित्तरजी धाम में रविवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की छठ पर दीपावली महोत्सव व विराट भजन संकीर्तन दरबार का आयोजन धाम की मुखिया प्रेमाबाई के पावन सानिध्य में किया जाएगा। मंदिर समिति सेवादार महोत्सव की तैयारियों में जुटे हैं। भक्त लेखराम सैन ने बताया कि इस महोत्सव में सुबह से देर शाम तक सालासर धाम के पुजारी देवकीनंदन, ओमप्रकाश राठी बीकानेर, शिव ओझा, नीरू राणा आदि गायक किशन पित्तरजी का गुणगान करेंगे। मुख्य आकर्षण सवा लाख बत्तियों से महाआरती रहेगी। रंग-बिरंगी आतिशबाजी, इत्र व पुष्प वर्षा भी की जाएगी। मंदिर प्रवक्ता आशीष स्वामी ने बताया कि इस भव्य आयोजन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी तादाद में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लंगर की अटूट व्यवस्था रहेगी। धाम स्थित श्री किशन पित्तरजी मंदिर सहित श्रीराम दरबार, श्री गौरीशंकर मंदिर, श्री नवदुर्गा मंदिर, श्री भैरवनाथ दरबार, शक्ति खम्ब को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। धर्म प्रचारक तोलाराम स्वामी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुख-समृद्धि व मंगलकामना के लिए मुख्य भक्त प्रेमाबाई दिव्य ज्योत करेगी। शाम को महाआरती के बाद चमत्कारी तांती-भभूति व प्रसाद का वितरण होगा।

अब वेस्ट मैटेरियल से बनेंगे नए प्रोजेक्ट, होंगे आविष्कार: अंग्रेज सिंह

सीमा सन्देश#पदमपुर



पर्यावरण स्वच्छता को लेकर अपने नवाचारों से क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाले अंग्रेज सिंह 2 बीबीए ने अब वेस्ट मटेरियल (अनुपयोगी सामग्री) से नए-नए प्रोजेक्ट एवं आविष्कार तैयार करने की दिशा में एक नई पहल शुरू करने की घोषणा की है। इस की शुरुआत 27 दिसंबर को एक नए प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए टीम का गठन कर की जाएगी। अंग्रेज सिंह ने बताया कि इस अभियान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से जुड़े लोगों, युवाओं, दिव्यांगजनों और महिलाओं को उनकी योग्यता एवं रुचि के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जायेगा। महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएँ रखी गई है। विदेशों से जुड़ने वालों के लिए निःशुल्क पंजीकरण की व्यवस्था प्रस्तावित है। ग्राम पंचायत नूरसर बारानी मुरबा नं 187किला नं 11में स्थापित ऑल इन वन प्रोजेक्ट एरिया हेल्प सेंटर में आने के लिए पूर्व से जुड़े किसी सदस्य की स्पॉन्सरशिप अथवा अनुमति आवश्यक होगी। इच्छुक व्यक्तियों को निर्धारित फॉर्म भरकर अपने आने का उद्देश्य बताना होगा। इसके माध्यम से लोग विभिन्न प्रोजेक्टों को देख सकेंगे और नए प्रोजेक्ट तैयार करने के संबंध में जानकारी एवं चर्चा कर सकेंगे।

पूर्व विधायक जांगिड़ ने बताई उपलब्धियां



सीमा सन्देश # सादुलशहर

पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड ने गुरुवार को विकास के नाम पर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए नुक्कड सभाओं को संबोधित किया। जांगिड ने गांव मन्नीवाली की नुक्कड़ सभा में जोन नंबर 11 से कांग्रेस प्रत्याशी रविंद्र तरड, जोन नंबर 14 बुधसिंहवाला से प्रत्याशी कर्मजीत कौर, जोन नंबर 13 छापांवाली से प्रत्याशी किरणदीप कौर, श्रीगंगानगर पंचायत समिति उत्तर जोन नंबर 10 चक एफ से प्रत्याशी पल्लवी, जोन नंबर 11 साधुवाली से प्रत्याशी पवन कुमार, जोन नंबर 8 सात जैड से प्रत्याशी मनिंद्र कौर, जोन नंबर नौ मिर्जेवाला से प्रत्याशी विजेंद्र भुंवाल, जिला परिषद के जोन नंबर 30 से प्रत्याशी रुक्मिणी देवी, 31 से प्रत्याशी प्रदीप कौर, जोन नंबर 36 से सुखप्रीत सिंह, जोन नंबर 37 से प्रत्याशी मंगल नायक के पक्ष में नुक्कड सभाएं कर कांग्रेस प्रत्याशियों को वोट देने का जहां आह्वान किया, वहीं कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाई। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण एवं युवा मौजूद रहे।

फ्रेंडली मैच में बीएसएफ की टीम रही विजेता



सीमा सन्देश# खाजूवाला। बीएसएफ व गुल्लूवाली, 28 केजेडी के ग्रामीणों के बीच बॉलीबाल का फ्रेंडली मैच हुए। बैस्ट ऑफ थ्री में बीएसएफ टीम विजेता रही। बीएसएफ कम्पनी कमांडर लोकेश चन्द्र ने कहा कि मैच का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों को बीएसएफ से जोड़ना है। सीमावर्ती क्षेत्र के लोग द्वितीय पंक्ति के योद्धा हैं जो बीएसएफ के साथ मिलकर सीमाओं की रक्षा करते हैं। भारतीय किसान संघ के शिवदत्त सीगड़ ने कहा कि बीएसएफ सीमा पर रहकर हमारी सुरक्षा करती है। किसी भी प्रकार कि अराजकता दिखाई दे तो तुरन्त बीएसएफ को सूचित करना हमारा कर्त्तव्य है। देश सेवा में हमें बीएसएफ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ देना है। 28 केजेडी सरपंच विकास खिलेरी ने कहा कि खेलने से शरीर स्वस्थ रहता हैं। खेलने से आपस में भाईचारा व प्रेम प्यार बढ़ता है। बीएसएफ के साथ फ्रेंडली मैच से बहुत कुछ सीखने को मिला जिसे अपने जीवन में अपनाकर देश सेवा में भागीदार बनना है। इस दौरान इंस्पेक्टर महिपाल सिंह, पृथ्वीराज खिलेरी, महेन्द्र खालिया, गिरिराज मक्कड़, महेन्द्र सिंह, रामेश्वर लाल, सांवरमल शर्मा, शतीश मेघवाल, सुभाष मांझू, बाबूलाल, आदि उपस्थित रहे।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष दानेवालिया की सीएम से स्नेहिल मुलाकात

सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष ईश्वजीत सिंह (अवि दानेवालिया) ने जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से स्नेहिल मुलाकात की। दानेवालिया ने मुख्यमंत्री द्वारा दीपावली पर भेजे गए विशेष उपहारों की अनूठी पहल और नवाचार की विस्तृत जानकारी दी, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। दानेवालिया ने बताया कि हर मुलाकात में मुख्यमंत्री का स्नेहपूर्वक सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद देना और उनका आत्मीय व्यवहार मन को छू जाता है। यह आत्मीयता सदैव प्रेरणादायी रहती है तथा उनके मार्गदर्शन से कार्यकताओं को हमेशा नई ऊर्जा एवं प्रेरणा मिलती है।



राष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ में दिखाएंगे दमखम

52 एलएनपी स्कूल के 3 खिलाड़ी राजस्थान टीम में चयनित

सीमा सन्देश # बींझबायला



मांझूवास स्थित राउमावि 52 एलएनपी के तीन विद्यार्थियों ने खेल जगत में उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के तीन विद्यार्थियों दिनेश, गगन और पारस का चयन 19 वर्ष छात्र वर्ग की राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में हुआ है। तीनों खिलाड़ी चंडीगढ़ में होने वाली 70वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक ही विद्यालय के तीन विद्यार्थियों का राज्य टीम में चयन होने से मांझूवास सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। शारीरिक शिक्षक राजवीर नेहरा ने बताया कि जोधपुर में 10 एवं 11 नवंबर को हुए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में इन तीनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान टीम में अपना स्थान बनाया। चयनित खिलाड़ियों का 12 से 15 नवंबर तक राउमावि बिराई (बावड़ी), जोधपुर में पूर्व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान की टीम 18 से 22 नवम्बर तक होनेवाली राष्टीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 16 नवंबर को चंडीगढ़ रवाना होगी। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि तीनों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राजस्थान और अपने गांव का नाम रोशन करेंगे। प्रधानाचार्य ममता खत्री, व्याख्याता सूर्यकांत मांझू, वरिष्ठ अध्यापक मनोहर सिहाग ने इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों को शुभकामना देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

युवक पर लाठी-डंडों से हमला, मुकद्दमा दर्ज

सीमा सन्देश# चूनावढ़

रंजिश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। हमले में युवक के सिर, कान, पीठ और पैरों में चोटें आई हैं। घायल का श्रीगंगानगर के राजकीय चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित के पर्चा बयान के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस जानकारी अनुसार, 23 जीजी चूनावढ़ कोठी निवासी भीमरतन परिहार ने 10 नवंबर को अस्पताल में पर्चा बयान में बताया कि करीब दो साल पहले गांव के मुकेश कुमार द्वारा एक युवती को भगाकर ले जाने के मामले में उसने और उसकी बहन ने दोनों को जयपुर में रुकवाया था। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। 9 नवंबर की शाम करीब 7:30 बजे वह जसविंद्र सिंह रामगढ़िया की पुरानी जिम में पटाखे बजाने के बाद मोटरसाइकिल से जाने लगा तो कुछ लोगों ने चाबी निकालने का प्रयास कर उसके साथ धक्का-मुक्की की। बाद में ईयरफोन लेने वापस जिम के पास पहुंचने पर पालाराम चाहर, रामनिवास चाहर, भादरनाथ, आमप्रकाश मेहरड़ा, मुकेश कुमार, भीमरतन मेहरड़ा सहित अन्य लोगों ने उस पर हमला कर दिया। बयान में जातिसूचक गालियां देने और गांव में नहीं रहने देने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच एससी-एसटी सेल के कैलाशदान देथा को सौंपी है।

सादुलशहर: पेंशनर समाज उपशाखा की बैठक 15 को

सीमा सन्देश# सादुलशहर

राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा की बैठक 15 नवंबर रविवार को सुबह 11 बजे मालवीय स्कूल में आयोजित होगी। अध्यक्षता पेंशनर समाज के तहसील अध्यक्ष इंजी. सत्यनारायण शर्मा करेंगे। बैठक में दीपावली स्नेह मिलन समारोह सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम में पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स एक-दूसरे से मुलाकात कर पर्व की शुभकामनाएं साझा करेंगे। बैठक के दौरान पेंशनर्स की सुविधा के लिए जीवन प्रमाण पत्र के फार्म भरवाने एवं प्रमाणित करवाने की व्यवस्था भी की गई है। इससे पेंशनर्स को जीवन प्रमाण पत्र के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इसके लिए पेंशनर्स को स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य होगा। साथ ही आधार कार्ड, पीपीओ नंबर एवं बैंक खाते का नंबर साथ लेकर आना होगा। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में प्रमाण पत्र की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकेगी। संरक्षक बीरबल राम यादव एवं तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने सभी पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स से निर्धारित समय पर बैठक में पहुंचकर दीपावली स्नेह मिलन समारोह एवं अन्य कार्यक्रमों में भागीदारी निभाने तथा आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

कार्यक्रम | **सारस्वत हॉस्पिटल ने जीता उद्घाटन मुकाबला**

परशुराम प्रीमियर लीग सीजन-5 का भव्य आगाज

सीमा सन्देश # सूरतगढ़



शहर के पशु चिकित्सालय मैदान में परशुराम प्रीमियर लीग (पीपीएल) सीजन-5 का उद्घाटन समारोह पूर्वक हुआ। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक सुशील ओझा, प्रदेशाध्यक्ष धनसुख सारस्वत, मुख्य प्रायोजक डॉ. जीडी शर्मा व अन्य गणमान्य अतिथियों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर व बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का श्रीगणेश किया। पं. मोहनलाल उपाध्याय व शंकरलाल उपाध्याय ने पूजन कराया। समारोह में ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष गोपीराम शर्मा, मदन ओझा, मंजू शर्मा, महावीर भोजक, पवन भोजक, सचिन गौड़, डॉ. पवन पारीक, नीरज शर्मा, एड. श्रीकांत सारस्वत, अनिल भार्गव व नवल किशोर भोजक सहित समाज के विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत प्रतीक भेंट कर सम्मान किया गया। आयोजन समिति के पवन भोजक ने बताया कि प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में 12 टीमें-राजस्थान ड्रग एजेंसी, सारस्वत हॉस्पिटल, महाकाल फाइटर्स, एचडीडी सिटी कॉलोनी, पुष्करणा रॉयल्स, मावेरिक्स, ब्लास्टर्स, भार्गव इलेवन, शर्मा इंटरप्राइजेज, प्राइम कंस्ट्रक्शन, जशन मैरिज पैलेस व नीलकंठ हॉस्पिटल भाग ले रही हैं। वहीं जूनियर वर्ग में लिटिल रेगोरियल, श्री श्याम फाइटर, हर्षिता बैरियर और पुष्करणा रॉयल्स की टीमें शामिल हैं। 17 नवंबर को सेमीफाइनल व 18 नवंबर को 10 ओवर का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा।

रोमांचक रहे मुकाबले: उद्घाटन मैच सारस्वत हॉस्पिटल और प्राइम कंस्ट्रक्शन के बीच खेला गया। प्राइम कंस्ट्रक्शन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 4 विकेट पर 75 रन बनाए। जवाब में सारस्वत हॉस्पिटल ने 5.3 ओवर में 2 विकेट खोकर 80 रन बनाते हुए 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। अन्य मुकाबलों में शर्मा इंटरप्राइजेज ने भार्गव इलेवन को, मावेरिक्स ने राजस्थान ड्रग एजेंसी को और महाकाल फाइटर्स ने नीलकंठ हॉस्पिटल को 31 रन से पराजित किया।

कीकरवाली: प्रतियोगिता की समय सीमा बढ़ाई

कीकरवाली। दीपावली पर्व पर ग्रामीणों की ओर से स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित साफ-सफाई प्रतियोगिता की समय सीमा को 20 नवम्बर तक बढ़ा दिया गया है। ग्राम पंचायत की स्वच्छता ब्रांड अम्बेसडर द्वारा एवं सरपंच धनराज गेदर, ग्राम विकास अधिकारी नरेश कुमार और स्वच्छता प्रेरक द्वारा भी लोगों को स्वच्छ भारत अभियान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के परिणाम के दिन 31 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

NAME CHANGED

■ I Rajani Rathor spouse of No.15207037A Rank-HAV Rajesh have changed my name from Rajani to Rajani Rathor vide affidavit dated-06/11/2026 before Bikaner Court

■ I Have Changed My Name Neeru Chhabra To Neeru W/O Gulshan Kumar R/O Gali no 01.Nai Abadi.Ward no 24.Hanumangarh Town Distt Hanumangarh Plz Note all Concern

■ I Have Changed My Name from POOJA DEVI To POOJA HEER D/o Resham Ram, R/o Ward No.3, Village 74 R.B., Post office Fozuwala, Tehsil, Raisinghnagar, District Sri Ganaganagar, Rajasthan (India) Please All Concern Note

■ मैं नीरज कुमार अगरवाल पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नं. 11 भादरा तहसील भादरा ने अपना नाम नीरज कुमार पुत्र श्री रमेश कुमार से बदलकर नीरज कुमार अगरवाल पुत्र रमेश कुमार रख लिया है और भविष्य में मुझे नीरज कुमार अगरवाल पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नं. 11 भादरा तहसील भादरा से जाना व पहचाना जावे।

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

हनुमानगढ़ : 94611-23203, 94139-23203 ✱ रावतसर : 9414950421, 9680008289 ✱ नोहर : 94624-01666 ✱ संगरिया : 94146-29987 ✱ पल्लू : 96670-03883 ✱ सरदारशहर : 80786-99231 ✱ टिब्बी : 94137-33600 ✱ पीलीबंगा : 82907-20001, 94145-01321 ✱ करणपुर : 94144-34202 ✱ रायसिंहनगर : 7878125846 ✱ अनूपगढ़ : 9828554311, 94145-03452 ✱ पदमपुर: 94146-31255, 97858-16978 ✱ गजसिंहपुर : 86191-30345 ✱ जैतसर : 78910-35061 ✱ सूरतगढ़ : 94144- 32401 ✱ मानकसर : 99503-13776 ✱ केसरीसिंहपुर : 63763-01818, 97722-55455 ✱ घड़साना : 94149-89576, 99283-55629 ✱ बीकानेर : 77379-79636, 94141-38622, 77379-79636 ✱ रावला : 94149-84798, 99500-49908 ✱ कालूवाला : 9680496829 ✱ थालड़का : 78913-40002 ✱ मोलूवाला : 98281-32337 ✱ श्रीविजयनगर : 99836-19000 ✱ खाजूवाला : 96804-96829 ✱ सादुलशहर : 94145-08198, 94145-12234

ग्लोबल न्यूज

रिकॉर्ड हाई से 34% नीचे इस डिफेंस स्टॉक में और गिरावट संभव, जानें ब्रोकरेज ने दिया क्या टारगेट



ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैक्स ने शिप बिल्डिंग कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स ऐंड इंजीनियर्स के शेयर में गिरावट की संभावना जताई है। फर्म ने स्टॉक को री'' रेटिंग देते हुए 1,735 का टारगेट प्राइस दिया जो इसमें 22% की संभावित गिरावट दशार्ता है। गुरुवार को गिरकर कंपनी के शेयर ?2,208 पर पहुंचे जो इसके रिकॉर्ड हाई से करीब 34% नीचे है।

220 टन रेत से बना राम दरबार और राम मंदिर का भव्य स्वरूप, विश्व रिकॉर्ड में दर्ज



दीपोत्सव-2026 के दौरान अयोध्या में 220 टन रेत से तैयार भव्य राम दरबार और राम मंदिर की कलाकृति विश्व रिकॉर्ड में दर्ज हुई। अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने रामकथा पार्क में सहयोगियों के साथ 58 फीट लंबी/20 फीट ऊंची यह कलाकृति बनाई। कलाकृति बनाने का काम 30 अक्टूबर को शुरू हुआ और 7 नवंबर को इसे पूरा किया गया।

गेम खेलने के लिए मिलेगी छुट्टी! इस कंपनी के 7000 कर्मचारियों को मिला खास तोहफा



GTA 6 के लॉन्च से पहले टेक कंपनी लॉजिटेक ने दुनियाभर के करीब 7,000 कर्मचारियों/इंटर्न को 'Logi Game Day' के तहत एक दिन की छुट्टी देने का फैसला किया है। लॉजिटेक के कर्मचारी नवंबर 2027 तक सुविधा के अनुसार किसी भी दिन इस छुट्टी का इस्तेमाल कर सकते हैं। कर्मचारी अपनी पसंद का कोई भी वीडियो गेम खेल सकते हैं।

घर में इंटरनेट पहुंचाने के मामले में नंबर एक बनी ये कंपनी, डाउनलोड स्पीड में भी सबसे आगे



OpenSignal की नवंबर 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, वायर्ड ब्रॉडबैंड की डाउनलोड और अपलोड स्पीड में एयरटेल ने Jio और BSNL को पीछे छोड़ दिया है। एयरटेल की औसत डाउनलोड स्पीड 38.4 Mbps रही। AirFiber में भी कंपनी आगे रही। हालांकि, ग्राहकों की संख्या के मामले में Jio पहले स्थान पर है।

कैंसर 10 साल में खत्म हो जाएगा: एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोडेई



एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोडेई ने कहा है, कैंसर, अल्जाइमर, हृदय रोग और मानसिक बीमारियां...मुझे लगता है कि एक दशक से भी कम समय में ये अतीत की बातें बन जाएंगी। उन्होंने कहा, एआई का सही इस्तेमाल कर हम चमत्कारों का ऐसा युग बना सकते हैं...जिसमें मानवता उन समस्याओं का समाधान ढूंढ लेगी...जो हजारों वर्षों से चुनौती बनी हुई हैं।

स्पेन में अंडे के अंदर निकला एक और अंडा; वीडियो हुआ वायरल



मनीकंट्रोल ने Wooglobe/Reuters का एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक अंडे के अंदर दूसरा अंडा मौजूद दिख रहा है। वीडियो रिकॉर्ड करने वाली लोला ने बताया, हमारी एक मुर्गी ने सामान्य से काफी बड़ा अंडा दिया था...जैसे ही अंडे को तोड़ा गया...उसमें से सफेद हिस्सा और पीला भाग बाहर निकला...इसके साथ ही एक और पूरा अंडा अंदर से निकला।

महिलाओं को 'रक्षा की पहली' ढाल बना रहा ईरान, ज़िपलाइन से बंदूक तक की दे रहा ट्रेनिंग



ईरान ने तेहरान के आजादी स्क्वायर में महिलाओं के लिए ट्रेनिंग कैंप शुरू किया है जहां उन्हें 'रक्षा की पहली कतार' में शामिल करने की तैयारी है। सामने आईं तस्वीरों में महिलाएं बंदूक चलाने, रस्सियों पर चढ़ने और ज़िपलाइन से उतरने का प्रशिक्षण लेती दिख रही हैं। अधिकारियों के मुताबिक, वे 'लाइफ सैक्रिफाइस' अभियान के तहत स्वेच्छा से जुड़ी हैं।



हिमालय की दिव्य तपोभूमि तपोवन, उत्तराखंड

उत्तराखंड के गढ़वाल हिमालय में गोमुख के समीप स्थित तपोवन अपनी अलौकिक प्राकृतिक सुंदरता और आध्यात्मिक शांति के लिए जाना जाता है। समुद्र तल से लगभग 14,640 फीट की ऊंचाई पर बसे इस घास के मैदान से शिवलिंग और भागीरथी पर्वत चोटियों का भव्य नजारा दिखता है। बर्फ से पिघलती निर्मल जलधाराएं और शांत वातावरण इसे साधकों व ट्रेकर्स के लिए स्वर्ग बनाते हैं।

अंडर-19 एशिया कप; सेमीफाइनल में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को हराया

भारत-पाक के बीच होगा फाइनल

अल अमीरात।

भारतीय टीम अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में पहुंच गई है। 14 नवंबर को खिताबी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा।

गुरुवार को ओमान के मस्कट में खेले गए सेमीफाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 9 विकेट से मात दी। अफगानिस्तान ने भारत को 228 रन का लक्ष्य दिया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 227 रन बनाए। जवाब में भारत ने 36.5 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत के लिए आर्यवीर सहवाग ने 57 बॉल पर 51 रन बनाए।

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 93 रन की शानदार पारी खेली



वहीं कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 93 रन की पारी खेली। वीके विनीत 57 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने छक्का लगाकर जीत दिलाई।

अफगानिस्तान की ओर से दो अर्धशतक

इससे पहले, अफगानिस्तान की ओर से नुमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने 51-51 रन की पारियां खेलीं। भारत के लिए ईशान सूद ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए, जबकि आर्यन सावसानी ने 2 विकेट हासिल किए।

भारत के 5 गेंदबाजों को सफलता

भारत की ओर से ईशान सूद सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 9 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट लिए। आर्यन सावसानी ने 29 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। काव्या पटेल, यशवर्धन चौहान और अर्जुन राजपूत को 1-1 विकेट मिला। भारत को फाइनल में जगह बनाने के लिए 228 रन बनाने होंगे।

रिजवानुल्लाह के पंजे से पाक अंडर19 के फाइनल में



अल अमीरात (वार्ता)। पाकिस्तान ने रिजवानुल्लाह के पांच विकेट और उस्मान खल्फ-सेंटू के शानदार प्रदर्शन की मदद से गुरुवार को यहां पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश पर नौ विकेट की बड़ी जीत के साथ एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2026 के फाइनल में प्रवेश किया। पाकिस्तान ने 139 रन के मामूली लक्ष्य को केवल 21.5 ओवर में हासिल कर लिया और एक विकेट पर 141 रन बनाकर 169 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया। जीत की नींव पाकिस्तान के अनुशासित गेंदबाजी आक्रमण ने रखी, जिसने विपक्षी टीम के बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद बांग्लादेश को 31.4 ओवर में 138 रन पर ढेर कर दिया। अब्दुल्ला अल मुही ने 45 गेंदों में चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 50 रन बनाकर मुख्य प्रतिरोध प्रदान किया। बांग्लादेश के शुरूआती दो विकेट गिरने के बाद वह उबरने के प्रयास में शामिल थे, लेकिन 98 रन पर उनके आउट होने से एक और पतन हुआ। रकीबुल होसन ने 39 गेंदों में 26 रन बनाए, जबकि ऑल रफी ने 22 गेंदों में 20 रन का योगदान दिया और कप्तान-विकेटकीपर मोहम्मद फरीद हसन फैसल ने 17 रन बनाए।

न्यूजीलैंड ने भारत को 5-0 से हराया



ऑकलैंड (वार्ता)। भारतीय फुटबॉल टीम को गुरुवार को गो मीडिया स्टेडियम में पहले फुटबॉल मैत्री मुकाबले में न्यूजीलैंड से 5-0 से हार का सामना करना पड़ा। आज यहां खेले गये मुकाबले में बिजॉय वर्गीस के (पांचवें') मिनट में किये गये गोल से स्कोरिंग शुरू हुई, जिसके बाद जेसी रैंडल ने (34वें, 43वें), क्रिस वुड ने (57वें) और लैकलन बेलिस ने (74वें) मिनट में न्यूजीलैंड के लिए गोल किए। यह मैच न्यूजीलैंड में भारतीय फुटबॉल टीम का पहला मैच था, जिसमें अनिरुद्ध थापा 2018 के बाद पहली बार भारत की कप्तानी कर रहे थे। जून 2025 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे गोलकीपर विशाल कैथ, स्कोरलाइन के बावजूद भारत के सबसे अच्छे खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने दूसरे हाफ की पेनल्टी सहित कई गोल बचाए। न्यूजीलैंड ने पांचवें मिनट में ही गोल कर दिया, जब भारतीय पेनल्टी एरिया के अंदर हुई हाथापाई के बाद बिजॉय के पास से गेंद अंदर चली गई।

श्रीलंका ने पहली पारी में 446 रन बनाए; साकिब ने 7 विकेट लिए

पाकिस्तान के खिलाफ रावलपिंडी में खेले जा रहे पहले टेस्ट के चौथे दिन श्रीलंका की टीम पहली पारी में 446 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह टीम ने पाकिस्तान के 434 रन के जवाब में 12 रन की बढ़त हासिल की। दिन का खेल खत्म होने तक पाकिस्तान ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बनाए हैं। श्रीलंका ने चौथे दिन अपनी पहली पारी 404/4 के स्कोर से आगे बढ़ाई। धनंजय डी सिल्वा 246 गेंदों पर 167 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 20 चौके शामिल रहे। वहीं, कप्तान कुसल मेंडिस ने 202 गेंदों पर 119 रन बनाए। उन्होंने 10 चौके और 4 छक्के लगाए। इन दोनों के अलावा कामिंदु मेंडिस ने 58 और लाहिरू उदारा ने 42 रन बनाए। श्रीलंका की पूरी टीम 117.2 ओवर में 446 रन बनाकर आउट हुई। पाकिस्तान की ओर से साकिब खान सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 34 ओवर में 130 रन देकर 7 विकेट लिए। मोहम्मद अब्बास को 2 विकेट मिले, जबकि रजाउल्लाह ने एक विकेट हासिल किया।



10 साल की ईरा ने बनाए 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड :दुनिया की सबसे कम उम्र की क्वालिफाइड स्कूबा डाइवर बनीं



महाराष्ट्र के बुलढाणा की 10 साल की ईरा आदित्य राउत ने स्कूबा डाइविंग में एक दिन में 6 वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। उन्होंने 10 साल, 17 घंटे और 35 मिनट की उम्र में दुनिया की सबसे कम उम्र की क्वालिफाइड स्कूबा डाइवर बनने का रिकॉर्ड बनाया। ईरा ने यह उपलब्धि अंडमान-निकोबार के शहीद द्वीप स्थित डाइव ट्राइब सेंटर में हासिल की। उनके माता-पिता दोनों भारतीय नौसेना में कमांडर हैं। ईरा ने पानी के अंदर कई रिकॉर्ड बनाए। इनमें तीन रिकॉर्ड टीनएज से कम उम्र के प्रतिभागियों की कैटेगरी में दर्ज हुए। पानी के अंदर 1 मिनट में सबसे ज्यादा स्कूबा डाइविंग हैंड सिग्नल दिखाने का रिकॉर्ड। पानी में सबसे ज्यादा डाइविंग उपकरणों की पहचान करने का रिकॉर्ड।

उनकी 'ऑलमाइटी ब्लेसिंग्स' संस्था के माध्यम से प्रतिदिन करीब 4,000 लोगों को मुफ्त भोजन उपलब्ध करवाया जाता

मानवता की मिसाल: शिमला के 'बॉबी भाई' की सेवा पहुंची केबीसी मंच तक

शिमला।

दुनिया में कुछ लोग अपनी पहचान नाम, पद और दौलत से बनाते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जिनकी पहचान उन चेहरों की दुआओं में बसती है, जिन्हें शायद वे दोबारा कभी देख भी नहीं पाते। कोई भूखा उनके पास आए तो उसे भोजन मिल जाए और कोई लावारिस दुनिया से विदा हो तो उसे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार नसीब हो जाए... शिमला के सरबजीत सिंह बॉबी की सेवा यात्रा कुछ ऐसी ही मानवीय संवेदना की कहानी है। शहर में लोग उन्हें प्यार से 'बॉबी भाई' कहते हैं। वर्षों से वे जरूरतमंदों की सहायता में जुटे हैं। उनकी सेवा का दायरा सिर्फ भोजन उपलब्ध करवाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे उन लोगों के लिए भी आगे आते हैं जिनके अंतिम समय में अपना कहने वाला कोई मौजूद नहीं होता। अब उनके इसी निस्वार्थ काम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। लोकप्रिय टीवी कार्यक्रम 'कौन बनेगा करोड़पति' (केबीसी) में उन्हें मानव सेवा के लिए 'फोर्स ऑफ गुड' सम्मान के लिए चुना गया।

■ 12 वर्षों से भूख के खिलाफ सेवा मुहिम

सरबजीत सिंह बॉबी पिछले करीब 12 वर्षों से शिमला में भोजन सेवा चला रहे हैं। उनकी संस्था 'ऑलमाइटी ब्लेसिंग्स' के माध्यम से प्रतिदिन करीब 4,000 लोगों को मुफ्त भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। इस सेवा से गरीब मरीजों और उनके तीमारदारों सहित असहाय लोगों को बड़ा सहारा मिलता है। मुफ्त भोजनालय और लंगर के जरिए यह प्रयास लगातार जारी है, ताकि किसी भी व्यक्ति को आर्थिक अभाव के कारण खाली पेट न सोना पड़े।



■ 28 वर्षों से अनजान लोगों को सम्मानजनक अंतिम विदाई

बॉबी भाई की सेवा का एक और पक्ष दिल को छू जाता है। वे करीब 28 वर्षों से लावारिस और अज्ञात शवों के परिवहन तथा अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। जिन लोगों की अंतिम यात्रा में कोई परिजन शामिल नहीं होता और जिनकी पहचान तक सामने नहीं आ पाती, उनके लिए बॉबी भाई आगे आते हैं। यह सेवा मृत्यु के बाद भी हर इंसान की मानवीय गरिमा को बनाए रखने का अनुकरणीय उदाहरण है।

■ अमिताभ से मुलाकात बनी भावुक याद

केबीसी के मंच पर पहुंचकर उन्हें महानायक अमिताभ बच्चन से मिलने का अवसर मिला। करीब चार घंटे तक सेट पर बिताया समय उनके लिए बेहद भावुक रहा। सरबजीत सिंह बॉबी ने बताया कि जब वे सम्मान प्रकट करने के लिए अमिताभ बच्चन के पैर छूने लगे, तो अभिनेता ने उन्हें रोक दिया और स्वयं उनके पैर छूने का प्रयास करते हुए उनसे आशीर्वाद मांगा। बॉबी के लिए यह क्षण किसी भी बड़े सम्मान से बढ़कर था।

■ असली पहचान जरूरत मंदों की दुआओं में

सरबजीत सिंह बॉबी इस सम्मान का श्रेय अपने मित्रों, सहयोगियों और स्वयंसेवकों की पूरी टीम को देते हैं। उनकी संस्था रक्तदान शिविरों और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान राहत कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाती है। बॉबी भाई की यह कहानी याद दिलाती है कि समाज को बेहतर बनाने के लिए बड़े पद या संसाधनों की नहीं, बल्कि सच्ची इंसानियत और सेवा भावना की जरूरत होती है।

सीमा सन्देश

पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

जिस विदेशी महिला ने आज तक कोई कमाई नहीं की, वो दुनिया की सबसे अमीर महिलाओं में शामिल कैसे हुई।
– कंगना रनोट

न्यूज इन ब्रीफ

बस खाई में गिरी, 13 लोगों की मौत

काठमांडू। नेपाल के मकवानपुर जिले में गुरुवार सुबह इलेक्ट्रिक माइक्रोबस अनियंत्रित होकर करीब 700 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच यात्री गंभीर घायल हुए हैं। मृतकों में महिलाएं और बच्चियां भी शामिल हैं। बस छठ पर्व के लिए यात्रियों को लेकर काठमांडू से हेटौडा जा रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया।

हापुड़ में दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग

हापुड़। आवास विकास कॉलोनी में दोपहर कार सवार हमलावरों ने एक व्यक्ति के घर के बाहर पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। उस समय घर के अंदर परिवार के सभी सदस्य बैठकर खाना खा रहे थे। हमलावरों की चलाई दो गोली घर के बाहर खड़ी पीड़ित की कार में जा लगी। गनीमत रही कि गोली किसी व्यक्ति को नहीं लगी और परिवार बाल-बाल बच गया।

डिजिटल अरेस्ट कर 13 लाख ठगे

जयपुर। झालावाड़ में मधुबाला ठाकुर सुसाइड केस में बड़ा खुलासा हुआ है। पहले तो साइबर ठगों ने मधुबाला को डिजिटल अरेस्ट कर 13 लाख रुपये ठग लिए और फिर बेटे को फंसाने और जान से मारने की धमकी दी। जिसके कारण सदमे में आकर मुधुबाला ने अपनी जान दे दी। पुलिस ने बिहार से अंतरराज्यीय साइबर गैंग की चार महिलाओं सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं मामले में तीन नाबालिगों को भी हिरासत में लिया गया है।

लाखों के जेवर व नकदी चोरी

अनूपपुर। मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के बरबसपुर गांव में अज्ञात चोरों ने रिटायर्ड कर्मचारी के घर से लाखों रुपए के जेवरात और करीब 50 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। चोर देर रात खिड़की की जाली निकालकर घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम दिया। सेवानिवृत्त अमरकंटक ताप विद्युत गृह कर्मचारी ओमकार सिंह ठाकुर के घर हुई चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वाड और फिंगरप्रिंट टीम ने जांच की। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश कर रही है। नुकसान का आकलन सामान की सूची मिलने के बाद किया जाएगा।

पाकिस्तान में 10 जवानों समेत 28 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कोहाट जिले में आतंकियों ने पुलिस दल पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस मुठभेड़ में 10 पुलिसकर्मियों और 18 आतंकवादियों समेत 28 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 जवान घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, गंबत क्षेत्र में अवैध सोने के खनन के खिलाफ कार्रवाई के बाद लौट रहे पुलिस दल पर हथियारबंद आतंकियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी।

सड़क हादसे में पिता-पुत्र की मृत्यु

बदायूं। एआरटीओ चौराहे के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में 42 वर्षीय भगवानदास और उनके 14 वर्षीय बेटे आशीष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी कमलेश गंभीर घायल हो गईं।

गैंगरेप पीड़िता को छत से फेंका

बेगूसराय। जिले में सामूहिक दुष्कर्म की 30 वर्षीय पीड़िता को एक पड़ोसी द्वारा इमारत की छत से नीचे फेंकने का आरोप लगा है। इस घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

अलवर; युवक की हत्या से सनसनी

अलवर। जिले के राजगढ़ थाना क्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव गुरुवार को सुबह राजगढ़ के पीछे रेलवे ट्रैक के पास स्थित शेखा की बगीची में मिला है। मृतक की पहचान रविकान्त शर्मा उर्फ श्रीमन निवासी सालोली, तहसील रैणी के रूप में हुई है।

पर्याप्त जलापूर्ति को लेकर पंजाब क्षेत्र में अधिकारियों ने किया निरीक्षण, गंगनहर में पहुंच रहा 1628 क्यूसेक पानी

बीकानेर कैनाल की साफ-सफाई के लिये अब 17 नवम्बर को खुलेगी निविदा

श्रीगंगानगर।

जल संसाधन वृत श्रीगंगानगर के अधीक्षण अभियंता संजीव वर्मा एवं अधिशाषी अभियंता जल संसाधन गंगनहर रेग्युलेशन खण्ड नरेश मीणा ने गुरुवार को पंजाब क्षेत्र में बीकानेर कैनाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य नहर की साफ-सफाई एवं निर्धारित शेयर के अनुरूप पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा।

इसके पश्चात फिरोजपुर में अधीक्षण अभियंता, फिरोजपुर कैनाल वृत के साथ बैठक कर नहर की साफ-सफाई एवं जल प्रवाह से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान अधीक्षण अभियंता फिरोजपुर ने अवगत कराया कि पूर्व में बीकानेर कैनाल की साफ-सफाई के लिए दो बार निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, लेकिन किसी भी ठेकेदार के निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लेने के कारण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका।

उन्होंने बताया कि अब पुनः निविदाएं आमंत्रित की गई हैं, जिन्हें 17 नवम्बर को खोला जाएगा। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नहर की साफ-सफाई का



कार्य शुरू किया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त, बीकानेर कैनाल की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने की कार्यवाही भी की जा रही है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि वर्तमान में बीकानेर कैनाल की आरडी 45 पर निर्धारित 1800 क्यूसेक जल शेयर के विरुद्ध 2040 क्यूसेक पानी प्रवाहित हो रहा है। अधिकारियों द्वारा पानी के प्रवाह में किसी प्रकार का उतार-चढ़ाव नहीं होने तथा निर्धारित जलापूर्ति निरंतर बनाए रखने के संबंध में भी अधीक्षण अभियंता फिरोजपुर से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बीकानेर कैनाल की साफ-सफाई एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया।

उल्लेखनीय है कि सिंचाई विभाग के तमाम दावों के बावजूद किसानों को कभी 1300 तो कभी 1500, कभी 1600 क्यूसेक पानी मिलता रहा है। किसानों की दो-दो बारियां सूखी जाने से किसानों ने इस बार सरसों की बुवाई पर अधिक जोर दिया है। गेहूं की बुवाई काफी कम हो रही है।

पंजाब हमारे हिस्से का पानी नहीं दे रहा, पश्चिमी राजस्थान के गांवों में संकट गहराया

राजस्थान में अकाल जैसे हालात, सरकार किसका इंतजार कर रही: अशोक गहलोत

जयपुर।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पंजाब से राजस्थान को पूरा पानी नहीं मिलने के कारण पैदा हुए हालात को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। गहलोत ने राज्य सरकार को पंजाब से बात कर प्रदेश के हिस्से का पूरा पानी लेने की नसीहत देते हुए सवाल उठाए हैं। गहलोत ने पचपदरा रिफाइनी के पेट्रो जोन में पेट्रोकेमिकल उद्योग शुरू नहीं होने के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा है। गहलोत ने एक्स पर लिखा कि पंजाब सरकार कभी किसान आंदोलन तो कभी नहर की मेंटेनेंस का बहाना बनाकर पानी कम दे रही है, और राजस्थान सरकार को सूचना दिए बिना आपूर्ति घटा दी जाती है। ऐसे में राज्य सरकार मूकदर्शक बनी नहीं रह सकती है।



राज्य सरकार अविलम्ब कोई समाधान निकाले

गहलोत ने लिखा कि राज्य सरकार को अविलंब पंजाब सरकार और केंद्र सरकार से बात कर समाधान निकालना चाहिए, ताकि राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा पानी मिले। यह किसी की मेहरबानी नहीं, प्रदेश का हक है। जब जोधपुर प्यासा है, तो सरकार आखिर किसका इंतजार कर रही है?

अकाल के हालात, जोधपुर के लोग पानी के लिए तरस रहे

गहलोत ने लिखा कि प्रदेश में अकाल जैसे हालात हैं। ऐसे समय में पश्चिमी राजस्थान की पहली प्राथमिकता पानी है, लेकिन जोधपुर के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। ढाई साल से जोधपुर को हर रोज करीब ढाई एमसीएफटी पानी कम मिल रहा है। इसी कारण कायलाना और तखतसागर का जलस्तर भी नहीं बढ़ पा रहा है। शहर और आस-पास के गांवों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है।

गंभीरता नहीं दिखाई

गहलोत ने लिखा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद अपेक्षा थी कि वह पेट्रो जोन सहित अन्य क्षेत्रों में पेट्रोकेमिकल आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए ठोस प्रयास करेगी। रिफाइनरी का काम तो कांग्रेस सरकार में ही लगभग पूरा हो चुका था, भाजपा सरकार को केवल ऐसा अनुकूल औद्योगिक वातावरण तैयार करना था, जिससे वहां नए उद्योग स्थापित हों और प्रदेश के युवाओं को प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलें, लेकिन पिछले तीन वर्षों में इस दिशा में अपेक्षित गंभीरता और तत्परता दिखाई नहीं दी।

रिफाइनरी बनी लेकिन कच्चा माल प्रोसेस होने बाहर जाएगा

गहलोत ने पचपदरा रिफाइनी के पेट्रो जोन में पेट्रोकेमिकल उद्योग शुरू नहीं होने के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा है। गहलोत ने लिखा- हालत यह है कि राजस्थान की जमीन पर रिफाइनरी बनी, लेकिन उसका कच्चा माल प्रोसेस होने के लिए दूसरे राज्यों में जाएगा। फायदा वे उठाएंगे और रोजगार भी वहीं बनेंगे और राजस्थान के युवा खाली हाथ रहेंगे। भाजपा सरकार जवाब दे कि प्रदेश के हक का यह रोजगार आखिर किसकी जेब में जा रहा है।

पेट्रोकेमिकल उद्योग शुरू नहीं हो पाए

गहलोत ने लिखा- प्रदेश के लिए एक बड़ा अवसर था, लेकिन दुर्भाग्यवश भाजपा सरकार इसे गंवाने में लगी है। रिफाइनरी की स्थापना के बावजूद आज तक पेट्रो जोन में पेट्रोकेमिकल उद्योग शुरू नहीं हो पाए हैं। हमारी कांग्रेस सरकार ने अपने विजन और तत्कालीन यूपीए सरकार के सहयोग से पचपदरा में रिफाइनरी स्थापित करने का निर्णय लिया और इस दिशा में काम करते हुए पेट्रो जोन के लिए भूमि आवंटित कर दी गई थी।

किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर हादसा

एक ही परिवार के 20 से अधिक लोग घायल

» कैंपर की भिड़ंत के बाद पलटी बस

डीडवाना-कुचामन।

किशनगढ़-हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर कुचामन सिटी के भैरव तालाब के पास गुरुवार शाम कैंपर और मिनी बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मिनी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

बस में फंसे यात्रियों को किया गया रेस्क्यू

पुलिस और ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पलटी बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान बस को सीधा करवाया गया, जिससे कई यात्रियों की जान बच सकी। घायलों को तत्काल कुचामन के राजकीय जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

जयपुर से बेसरोली जा रहा था परिवार

एक महिला यात्री ने बताया कि मिनी बस में एक ही परिवार के लोग जयपुर से बेसरोली जा रहे थे। वे किसी शोकसभा में शामिल होने के लिए निकले थे। इसी दौरान भैरव तालाब के पास बस की कैंपर से टक्कर हो गई और बस पलट गई।

पुलिस ने दोनों वाहन किए जब्त

कुचामन थाना अधिकारी राजेंद्र खदाव ने बताया कि हादसे के संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। हादसे में 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस और स्थानीय लोगों की तत्परता से समय रहते राहत कार्य शुरू होने से बड़ा हादसा टल गया।

पंचायती राज चुनाव के मद्देनजर हनुमानगढ़ पुलिस अलर्ट मोड पर



सीमा सन्देश # ढाबां।

पंचायती राज चुनाव-2026 के चतुर्थ चरण के मद्देनजर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव तथा जिला पुलिस अधीक्षक बी. आदित्य ने संगरिया क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुनावी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों एवं चुनाव संबंधी तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान पूर्ण सतर्कता बरतने, आदर्श आचार संहिता की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने तथा शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान संपन्न करवाने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने, संवेदनशील गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की चुनाव संबंधी गड़बड़ी की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जय कौशिक, उपखंड अधिकारी संगरिया, शंकरलाल छाबा, वृत्ताधिकारी संगरिया एवं अमर सिंह, थानाधिकारी संगरिया सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आरएसएस प्रमुख ने कहा- त्योहार समाज को जीवंत बनाए रखते हैं

पटाखों और दीपों के पीछे वैज्ञानिक कारण, मोहन भागवत ने बताई परंपराओं की भूमिका

नागपुर।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि भारतीय त्योहारों और परंपराओं के पीछे वैज्ञानिक आधार भी छिपे हैं। उन्होंने पुराने समय में पटाखों के उपयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि तब पटाखे आज की तरह रासायनिक पदार्थों से नहीं बनाए जाते थे। उनका धुआं कीड़े-मकोड़ों और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को नियंत्रित करने में मदद करता था। नागपुर में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि पारंपरिक रीति-रिवाज केवल धार्मिक मान्यताओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इनके पीछे प्रकृति और समाज से जुड़े कई कारण भी हैं।

पुराने पटाखों का उद्देश्य अलग था : मोहन भागवत ने कहा कि पहले पटाखों का उपयोग उस समय उपलब्ध साधनों के अनुसार किया जाता था। उन्होंने कहा कि



पुराने पटाखों से निकलने वाला धुआं वातावरण में मौजूद हानिकारक कीटों को कम करने में सहायक होता था। हालांकि, वर्तमान समय में पटाखों से होने वाले प्रदूषण को लेकर चिंता बढ़ी है और कई शहरों में इसका प्रभाव भी देखने को मिलता है।

दीप जलाने के पीछे भी विज्ञान : दीपावली पर दीये जलाने के महत्व पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि घी और तेल के दीपक जलाने की परंपरा के पीछे भी वैज्ञानिक कारण हैं। उनके अनुसार, इन दीपों से वातावरण में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है और भारतीय परंपराओं में प्रकृति के साथ संतुलन का संदेश दिया गया है। उन्होंने लोगों से त्योहारों को उनकी मूल भावना के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि उत्सव समाज को जोड़ने और उसे जीवंत बनाए रखने का काम करते हैं।

त्योहार समाज को देते हैं ऊर्जा

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि त्योहारों को रोकने के प्रयासों के बावजूद वे समाप्त नहीं होंगे, क्योंकि ये समाज के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। दिवाली को अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि यह ज्ञान, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि दिवाली को अब वैश्विक स्तर पर भी पहचान मिल रही है। अमेरिका और ब्रिटेन की संसद जैसे संस्थानों में भी इस त्योहार से जुड़े आयोजन होने लगे हैं। भारतीय मूल की बड़ी आबादी वाले देशों में दिवाली की शुभकामनाओं का चलन तेजी से बढ़ा है।

सूखी जमीन में गेहूं की बिजाई कर सिंचाई कर रहे किसान



सीमा सन्देश # चारणवासी।

क्षेत्र में नरमा और कपास की फसल की कटाई पूरी होने के साथ ही किसान अब रबी सीजन की मुख्य फसल गेहूं की बिजाई में युद्धस्तर पर जुट गए हैं। इस बार क्षेत्र के किसानों ने पारंपरिक पलेवा पद्धति के बजाय सूखी जमीन में गेहूं की बिजाई कर ऊपर से सिंचाई पानी लगाने की उन्नत तकनीक को पनाया है। किसानों ने बताया कि जिन खेतों में नरमा-कपास की कटाई के बाद घास-फूस और अवशेष अधिक हैं, वहां बिना पानी लगाए सीधे सूखी जमीन में गेहूं के बीज और डीएपी खाद का छिड़काव कर रोटावेटर चलाया जा रहा है, जबकि साफ-सुथरे और बिना घास-फूस वाले खेतों में सूखी जुताई कर सीधी बिजाई की जा रही है। किसानों का कहना है कि इन दोनों ही तरीकों से बिजाई करने के बाद ऊपर से सिंचाई पानी लगाने के दो बड़े व्यावहारिक फायदे मिल रहे हैं। पहला बड़ा लाभ यह है कि खेत में डाला गया शत-प्रतिशत बीज समान रूप से अंकुरित होता है] जिससे पौधों की संख्या पूरी रहती है, और दूसरा प्रमुख लाभ यह है कि फसल को प्रथम सिंचाई पानी (कोर पानी) काफी देरी से देने की आवश्यकता पड़ती है। इसके परिणामस्वरूप पूरे फसल सीजन के दौरान किसानों को एक बार कम सिंचाई करनी पड़ती है, जिससे नहरी व ट्यूबवेल के पानी की बचत होती है और गेहूं के कुल उत्पादन में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होती है। इसके अतिरिक्त, इस बार क्षेत्र के अधिकांश किसान बाजार के महंगे हाइब्रिड बीजों पर निर्भर रहने के बजाय पिछले सीजन में अपने ही खेतों में उत्पादित उन्नत किस्म के गेहूं को बीज के रूप में प्राथमिकता दे रहे हैं।

चुनाव 16 नवम्बर को सरपंच-पंच के लिए होगा मतदान, 3.93 लाख मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

चौथे चरण में कल जिला परिषद-पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतदान किया जाएगा

सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।

पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के तहत जिले में चौथे चरण के चुनाव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस चरण में 14 नवम्बर को जिला परिषद के 13 सदस्यों एवं चार पंचायत समितियों के 77 सदस्य पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। वहीं 16 नवम्बर को इन चारों पंचायत समितियों की 120 ग्राम पंचायतों में सरपंच एवं 1234 वार्ड पंच पदों के लिए मतदान होगा। चौथे चरण में हनुमानगढ़ टाउन, रावतसर, संगरिया एवं टिब्बी पंचायत समितियां शामिल हैं। इन चारों पंचायत समितियों में कुल 415 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। यहां 3



लाख 93 हजार 176 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चारों पंचायत समितियों में टिब्बी में सर्वाधिक 122 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, जबकि रावतसर में सबसे कम 86 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। हनुमानगढ़ टाउन में 104 तथा संगरिया में 103 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। पंचायत समिति वार स्थिति देखें तो हनुमानगढ़ टाउन में 19 पंचायत समिति सदस्य पदों, 30 ग्राम पंचायतों एवं 310 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 104 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। यहां 98,983 मतदाता पंजीकृत हैं।

रावतसर में 17 पंचायत समिति सदस्य पदों, 30 ग्राम पंचायतों एवं 262 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 86 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। यहां 84,048 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। संगरिया में 19 पंचायत समिति सदस्य पदों, 27 ग्राम पंचायतों एवं 301 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 103 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। यहां 96,161 मतदाता पंजीकृत हैं। इसी प्रकार टिब्बी में 23 पंचायत सदस्य पदों, 33 ग्राम पंचायतों एवं 361 ग्राम पंचायत वार्डों के लिए 122 मतदान केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। यहां 1 लाख 13 हजार 984 मतदाता मतदान करेंगे।

जिला परिषद-पंचायत समिति में इतने प्रत्याशी

जिला परिषद के कुल 37 वार्डों के लिए 118 अभ्यर्थी निर्वाचन प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे है। इनमें से 24 वार्डों के लिए तीसरे चरण में मतदान हो चुका है, जबकि शेष 13 वार्डों के लिए चौथे चरण में 14 नवम्बर को मतदान करवाया जाएगा। चौथे चरण में शामिल चारों पंचायत समितियों के 78 सदस्य पदों के लिए 356 अभ्यर्थियों ने कुल 440 नामांकन पत्र प्रस्तुत किए थे। संवीक्षा के बाद 312 अभ्यर्थियों के नामांकन वैध पाए गए। नाम वापसी के बाद 77 सदस्य पदों के लिए 250 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में रह गए हैं। दरअसल, टिब्बी पंचायत समिति के वार्ड संख्या 21 से एकमात्र अभ्यर्थी कर्मजीत कौर का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। इसके चलते चारों पंचायत समितियों के 78 पदों में से 77 पदों के लिए मतदान होगा। पंचायत समिति वार प्रत्याशियों की स्थिति देखें तो हनुमानगढ़ टाउन में 69, रावतसर में 59, संगरिया में 61 तथा टिब्बी में 61 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में हैं। इनमें सर्वाधिक 69 प्रत्याशी हनुमानगढ़ टाउन पंचायत समिति में हैं।

सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान

चौथे चरण में जिला परिषद एवं पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए 14 नवम्बर तथा सरपंच एवं पंच पदों के लिए 16 नवम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। सरपंच एवं पंच पदों के लिए नामांकन प्रक्रिया 15 नवम्बर को पूर्ण होगी। इन पदों के लिए मतदान के तुरंत बाद संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मतगणना करवाई जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, मतदान कार्मिकों की तैनाती, सुरक्षा प्रबंध एवं चुनाव सामग्री वितरण सहित सभी तैयारियां की जा रही हैं, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाई जा सके। मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण उपरांत 13 नवम्बर, शुक्रवार को जंक्शन स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से रवाना किया जाएगा।

स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

हार्दिक धन्यवाद

हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें

Helpline: 93528 93528